राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 67
लखनऊ, शुक्रवार 07 नवम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कार्तिक पुर्णिमा : माहाभारत कालीन स्थान पर लगे मेले का समापन 05
इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर पंजीकरण शुल्क व रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक मिलेगी छूट : दयाशंकर 12

# बिहार : प्रथम चरण की 121 सीटों पर 65 प्रतिशत मतदान

- 11 नवंबर को होगा दूसरे चरण का मतदान
- 14 नवम्बर को होगा परिणाम घोषित



**एजेंसी, बिहार।**

प्रथम चरण की 121 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत हुआ मतदान, पटना 06 नवंबर (वार्ता) बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को 121 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दिया।

प्रथम चरण के चुनाव में कुल तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं के करीब 65 प्रतिशत वोटरों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बिहार के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव,राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव समेत 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया। प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुयी। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर,मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया, वहीं अन्य सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ।

प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 57, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। वहीं महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 71, कांग्रेस के 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 14, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तीन-तीन उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में थे। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाया। बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

### 1314 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद

आज के मतदान में जिन दिग्गजों की किस्मत का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें राजग से दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पाण्डे, मदन सहनी, नितिन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सदा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव,श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी, डॉ. रामानंद यादव, वीणा देवी, ललित कुमार यादव, विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव, आलोक मेहता, भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव, अवधेश राय शामिल है। इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे, आनंद मिश्रा, वी.के. रवि, जयप्रकाश सिंह, आर. के. मिश्रा, राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला भी आज मतदाताओं ने ईवीएम में बंद कर दिया।

## सुरेश रैना व शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप के संचालन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शिखर धवन की 4.50 करोड़ रुपये की अचल-संपत्ति और सुरेश रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड निवेश को जब्त कर लिया गया है। ईडी को जांच में पता चला है कि दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने विदेशी कंपनियों के साथ कॉन्ट्रैक्ट कर अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1×Bet को प्रमोट किया।

ईडी का दावा है कि रैना और धवन ने इस एप के जरिए सट्टेबाजी में शामिल होकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की थी। ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट '1एक्सबेट' के मामले में अपनी जांच के तहत युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों और अभिनेता सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती (पूर्व तृणमूल सांसद) और अंकुश हाजरा (बांग्ला सिनेमा) से पूछताछ की थी। इसके अलावा कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से भी पूछताछ की गई थी और इनके बयान भी दर्ज किए थे।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,22,720/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,12,500/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 92,080/10 ग्राम |
| चांदी | = | 1,52,500/किग्रा |



# जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं : योगी

**सीतामढ़ी/पश्चिमी चंपारण।**



- मतदान के रूझान बता रहे हैं कि 14 नवंबर को फिर से राजग की बनेगी सरकार

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज तीन जनसभाएं की। पहली रैली में परिहार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार गायत्री देवी और सुरसंड से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार नागेंद्र राउत के लिए समर्थन मांगा, तो दूसरी रैली में प्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री और बेतिया से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए की कमल खिलाने तथा तीसरी रैली में बगहा से राम सिंह, राम नगर से नंद किशोर रामजी को जिताने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा।

योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को बदला है। जो काम कांग्रेस 65-70 वर्ष में नहीं कर पाई, मोदी जी ने 11 वर्ष में कर दिया। 46 करोड़ बैंक अकाउंट खोल दिए गए, जिससे गरीबों, महिलाओं व लाभार्थियों का पैसा सीधे अकाउंट में जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राजद की दलाली को रोक दिया है, इसलिए ये लोग मोदी जी को गाली देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हो रहे मतदान के रूझान बता रहे हैं कि 14 नवंबर को फिर से राजग की सरकार बनेगी। बिहार की जनता अब ठगी के मायाजाल में नहीं फंसेगी।

योगी आदित्यनाथ ने सीतामढ़ी में कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम और माँ जानकी पर सवाल उठाए, उन्हें सबक सिखाना है, क्योंकि जो राम का नहीं है, वह हमारे किसी काम का नहीं है। बिहार में भी यूपी की तरह माफिया राज समाप्त होगा। जो खानदानी माफिया हैं, उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया पस्त हुआ, वैसे ही बिहार में भी राजग की सरकार बनते ही माफिया का अंत निश्चित है। उन्होंने लोगों को चेताया कि माफिया को जब भी सत्ता का स्वाद चखाओ, तो कीमत चुकाओगे।

सीमए योगी आदित्यनाथ ने दूसरी रैली में कहा कि राजद काल में इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारियों के साथ ही सड़क और पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया और अपराधी इनके शागिर्द थे। राजद के समय बिजली नहीं आती थी, जबकि अब तीन करोड़ लोगों के घर में बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आप लालटेन की लाइट में मोबाइल-लैपटॉप नहीं चार्ज कर पाएंगे। बिजली तो राजग ही देगी। यह लोग लालटेन दिखाकर बंद कर देते थे, फिर रात में डकैती डालते थे। कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी के लोग जाति के नाम पर बांटने का कार्य कर रहे हैं। सीएम योगी ने मतदाताओं को आगाह किया कि बंटे थे, तो कटे थे। इसलिए बंटना नहीं है, एकजुट होकर कांग्रेस-राजद के माफियाराज व जंगलराज का मुंहतोड़ जवाब देना है।

### बिहार ने पकड़ी सुशासन की राह

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज की अपनी तीसरी रैली में कहा कि महागठबंधन झूठ का पुलिंदा है। ये वही लोग हैं, जो गरीबों की जमीन पर कब्जा करते थे, पशुओं का चारा खा जाते थे और नौजवानों की नौकरी में सेंध लगाते थे। कांग्रेस और राजद की नीतियों ने बिहार की गौरवशाली पहचान को कलंकित किया है। इनके शासन में बिहार 'जंगलराज' में तब्दील हो गया था। लूट, हत्या, अपहरण उद्योग बन गया था। राजद के 15 साल के शासन में 30,000 से अधिक अपहरण हुए, लेकिन 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की सरकार बनने के बाद बिहार ने सुशासन की राह पकड़ी। बिहार में आज विकास की सभी योजनाएं हैं। राजग सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है।

## महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- देश-विदेश के करोड़ों भारतीय ऐतिहासिक विजय का मना रहे उत्सव
- जीत से लड़कियां प्रेरणा लेकर जीवन में बढ़ेंगी आगे

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने टीम की प्रत्येक सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है।

द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश-विदेश के करोड़ों भारतीय इस ऐतिहासिक विजय का उत्सव मना रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह टीम भारत का प्रतिबिंब है। वे अलग-अलग क्षेत्रों, सामाजिक पृष्ठभूमियों और परिस्थितियों से आती हैं, लेकिन वे एक टीम हैं - टीम इंडिया। यह टीम भारत के सर्वश्रेष्ठ रूप को प्रदर्शित करती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि टीम ने सात बार की विश्व विजेता और तब तक अपराजित ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर सभी भारतीयों के आत्मविश्वास को और सशक्त किया है। एक मज़बूत टीम के विरुद्ध कठिन मुकाबले में बड़े अंतर से फाइनल जीतना टीम इंडिया की उत्कृष्टता का यादगार उदाहरण है।

राष्ट्रपति ने महिला टीम को कहा कि आप सब रोल मॉडल बन गई हैं। नई पीढ़ी, विशेष रूप से लड़कियां, आपसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ेंगी। उन्हें विश्वास है कि जिस समर्पण और साहस से आपने इतिहास रचा है, उसी भावना से भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि खिलाड़ियों ने उम्मीद और निराशा के उतार-चढ़ाव को अवश्य अनुभव किया होगा। कभी-कभी उन्हें नींद भी नहीं आई होगी, पर उन्होंने हर चुनौती पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि न्यूज़ीलैंड पर जीत के बाद लोगों का विश्वास और भी मजबूत हुआ कि उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारी बेटियां अवश्य जीतेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि टीम की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट खेल कौशल, दृढ़ निश्चय, परिवारों का स्नेह और क्रिकेट प्रेमियों का आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जैसे टीम गेम में सभी खिलाड़ियों का हर समय पूर्ण समर्पित रहना आवश्यक होता है।

### संक्षिप्त समाचार

**भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक बढ़ाई गई**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने अंतिम तिथि 06 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है, ऐसे विद्यार्थी अब 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 नवंबर तक फार्म जमा कर सकते हैं। उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अताउर रहमान आज़मी ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में लिया गया है ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के बाद किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**सोनभद्र में लुटेरी दुल्हन अपनी मां व पति के साथ गिरफ्तार**

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी तरीके से नकली शादी कर नगद व जेवरात लूटने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्य लुटेरी दुल्हन उसकी मां व पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को बताया कि राजस्थान के जिला जालौर निवासी रमेश कुमार पुत्र अजुबा राम ने आईजीआईएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई कि म्योरपुर थाना क्षेत्र के कुछ लोगों ने हमसे शादी कराने के नाम पर धोखाधड़ी की है। विवाह के बाद दुल्हन जेवर व नगद लेकर फरार हो गयी है। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्य व पीड़ित के बयान के बाद पुलिस टीम गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने गुरुवार को लुटेरी दुल्हन बनने वाली म्योरपुर सुपाचुआं निवासी 23वर्षीय रानी कुमारी उसके पति 26वर्षीय रवि रंजन मौर्य व माता 50 वर्षीय माया देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

**विमान के पंखे में फंसा पतंग का धागा, 34 यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग**

मुंबई। महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर एक विमान के पंख में लैंडिंग के दौरान पतंग का नायलॉन का धागा फंस जाने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान की सुरक्षित लैंडिंग की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और 34 यात्रियों की जान बच गई। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को दो नाबालिग बच्चे सोलापुर एयरपोर्ट क्षेत्र की सुरक्षा दीवार फांदकर रनवे पर आ गए और वहां पतंग उड़ाने लगे। बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे मुंबई से एक विमान सोलापुर पहुंचा। इसमें कुल 34 यात्री सवार थे। सोलापुर हवाई अड्डे के रनवे पर विमान उतरते समय पतंग विमान के पंख में फंस गई। जैसे ही पायलट ने यह देखा, वह सतर्क हो गया। उसने सतर्कता दिखाते हुए विमान को सुरक्षित उतार लिया। इससे 34 यात्रियों के लिए एक बड़ा संकट टल गया।

## 17 लाख की इनामी महिला नक्सली कमला सोरी ने किया आत्मसमर्पण

**खैरागढ़/रायपुर, एजेंसी।**



छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में गुरुवार लंबे समय से फरार चल रही 17 लाख रुपये की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली कमला सोरी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30 वर्ष) ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण के बाद कमला सोड़ी को छत्तीसगढ़ शासन की नीति के तहत रु. 50 हजार की प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रदान की गई। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र (गोंदिया जिला) और मध्य प्रदेश की पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर कुल 17 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम अरलमपल्ली, थाना दोरनापाल, जिला सुकमा की निवासी कमला सोरी वर्ष 2011 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की सदस्य रही है। वह माड़ डिवीजन, बस्तर एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की सक्रिय सदस्य थी और एमएमसी जोन प्रभारी रामदर की टीम की प्रमुख सदस्य के रूप में काम करती थी। इस दौरान उसने कई हिंसक वारदातों में भूमिका निभाई और पुलिस बलों पर हमले की योजनाओं में भी शामिल रही।

## अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता व आर्थिक विषमता चिंता का विषय : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत आम जनता के हिस्से में कितना धन बचा होगा।

गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं। उन्होने कहा कि आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब हर नागरिक को बराबरी का अवसर मिलेगा और हर परिवार को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त होगा। श्री यादव ने बिहार के सभी मतदाताओं से भावनात्मक अपील करते हुए कहा बिहार के हर एक मतदाता से मेरी अपील है कि वो अपने सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए अपना वोट डालने ज़रूर जाए। लोकतंत्र में वोट की शक्ति सर्वोपरि होती है। इसलिए अपना वोट डालिए और अपनी शक्ति पहचानिए। उन्होंने कहा कि जनता की जागरूकता और भागीदारी ही लोकतंत्र की असली ताकत है। बिहार का हर वोट देश की दिशा और दशा तय करेगा।

## राजनाथ ने लघु उद्योग भारती की निस्वार्थ सेवा को प्रेरित करने का आरएसएस को दिया श्रेय

**एजेंसी, बेंगलुरु।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लघु उद्योग भारती जैसे संगठनों को निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना से काम करने लिए प्रेरित करने का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को दिया है।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां लघु उद्योग भारती कर्नाटक और आईएमएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित आईएमडी 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि संघ का समाज के प्रति सदियों पुराना समर्पण भारत के औद्योगिक और सामाजिक विकास को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती ने बिना किसी स्वार्थ के समाज और उद्योग जगत की सेवा करने की प्रेरणा आरएसएस से ली है। संघ लगभग सौ वर्षों से पूरी निष्ठा और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने संघ परिवार के साथ अपने लंबे जुड़ाव पर गर्व व्यक्त करते हुए ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं लंबे समय से संघ परिवार से जुड़ा हुआ हूं। मैं पहले भी जुड़ा था, आज भी जुड़ा हूं और जब तक जीवित रहूंगा जुड़ा रहूंगा।

## इक्षक को नौसेना ने अपने युद्धक बेड़े में किया शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को देगा अंजाम

भारतीय नौसेना ने अपनी जल सर्वेक्षण क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को कोच्चि के नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है। दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनने वाला यह सर्वेक्षण पोत समुद्री क्षेत्रों का अन्वेषण करने के साथ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप निडर भावना, साहस और दृढ़ता के साथ नाविकों को महासागरों के पार सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करके इक्षक के आदर्श वाक्य निर्भय वीर पथ प्रदर्शक पर खरा उतरेंगे।

नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में इक्षक का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता की गति को बल मिलेगा।

कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत निरीक्षण दल की देखरेख में निर्मित इक्षक में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता के साथ-साथ जीआरएसई और देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच सशक्त होते सहयोग व तकनीकी सामंजस्य का प्रमाण है। जहाज का नाम इक्षक इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका अर्थ मार्गदर्शक है। यह नाम जहाज के मिशन का प्रतीक है, जिसका कार्य अज्ञात का पता लगाना, नाविकों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना और भारत की समुद्री शक्ति को मजबूत करना है। जल सर्वेक्षण कार्यों की अपनी प्राथमिक भूमिका के अलावा इक्षक को दोहरी भूमिका क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है।

**तैयारी** — प्रधानमंत्री वाराणसी से रेल यातायात की देंगे बड़ी सौगात

## बनारस से लेकर बेंगलुरु तक मिलेगी चार नई वंदे भारत ट्रेन

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



यात्रियों की सुविधा, समय बचाने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रेल यातायात की बड़ी सौगात देने वाले हैं।

श्री मोदी अपने काशी दौरे के दौरान देशवासियों को चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। इसमें एक वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात ख़ास काशीवासियों के लिए होगी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बनारस (पूर्व का मंडुवाडीह) स्टेशन पर शहर के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करना भी प्रस्तावित है। श्री मोदी आज (सात नवंबर) शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। वह विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर आएंगे। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोग प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से बरेका जाएंगे।

प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बनारस स्टेशन से देश को 4 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से खजुराहो के बीच चलेगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री इस ट्रेन को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एर्नाकुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की तीन वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेनों के लोकार्पण के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनारस रेलवे स्टेशन पर गणमान्य लोगो से संवाद भी कर सकते हैं। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सीधी कनेक्टिविटी से वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट का समय बचाएगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मज़बूत करेगा, बल्कि श्रद्धालुओं और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक तेज़, आधुनिक और आरामदायक यात्रा का अनुभव भी प्रदान करेगा। ये ट्रेन पर्यटन उद्योग को भी नया आयाम देगी।

## खबरें एक नजर में

### बीडीएस में चयनित होने पर होनहार को मिल रहीं बधाइयां



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ताले सिंह पुरवा गाँव के रहने वाले हर्ष सिंह का बीडीएस (बैचलर आफ डेंटल सर्जरी) में चयन होने पर परिवार सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई प्रतिभावान छात्र हर्ष सिंह ने नीट यूजी परीक्षा पास की है। इसके बाद उन्हें बीडीएस यानी दन्त चिकित्सक के लिए चयन हुआ है और अब उन्हें किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में दाखिला मिल गया। बताते चलें कि क्षेत्र के ताले सिंह पुरवा गाँव मजरे अंसारी गाँव के रहने वाले हर्ष सिंह ने अपनी मेहनत व लगन के दम पर नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण कर बीडीएस में चयन पाकर सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने 519 अंक पाकर नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण की है और प्रदेश में 3554 रैंक हासिल की हैं, जिसके चलते उन्हें अब राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज यूनिवर्सिटी में दाखिला मिल गया। मेधावी छात्र की इस बड़ी सफलता पर घर में खुशी एवं उत्साह का माहौल है उनकी इस सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जानकारी के लिए बताते चले कि हर्ष सिंह के बड़े भाई आकाश विक्रम सिंह डॉक्टर है। जिनके नक्शे कदम पर छोटे भाई हर्ष सिंह भी चलकर उक्त सफलता हासिल की है। मेधावी छात्र हर्ष सिंह की इस बड़ी सफलता पर उनके बाबा महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ लाखन सिंह, पिता अनिरूद्ध सिंह, माता रानी सिंह ने अपने बेटे की इस सफलता पर खुशी जाहिर की है। मौके पर भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित, भाजपा नेता शक्ति सिंह, प्रधान अंसारी अलगू सिंह, प्रधान चौबीसी गौरव सिंह, प्रधान जमीन हुसैनाबाद सोनू सिंह, प्रधान भिखरा नीरज सिंह, प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू, प्रधान कुलदीप सिंह, राहुल दीक्षित, समाजसेवी बबलू सिंह ने मेधावी छात्र हर्ष सिंह की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### ऑटो रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी



**बाराबंकी।** यातायात माह नवम्बर एवं यातायात जागरुकता अभियान के दृष्टिगत प्रभारी यातायात द्वारा आटो, ई-रिक्शा, मैजिक चालकों के साथ गोष्ठी कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में प्रभारी यातायात रामयतन यादव द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पल्हरी स्टैण्ड पर आटो/ई-रिक्शा/मैजिक चालकों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, मानक से अधिक सवारी न बिठाने, तेज गति से वाहन न चलाने, मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन न चलाने के सम्बन्ध में जागरुक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### निकाह के छह माह बाद ही तलाक देकर सऊदी भागने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी।** छह माह मे ही निकाह फिर तलाक देकर सऊदी अरब भागने वाले पति सहित चार लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मसौली जांच शुरु कर दी है। मसौली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी मो. रफीक अंसारी की पुत्री का विवाह 29 अप्रैल को गांव के ही स्व अब्दुल कासिम के पुत्र अली हसन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी बेटी की विदाई मे मो. रफीक ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज व उपहार दिया था लेकिन पुत्री के ससुराली जन दहेज से संतुष्ट नही थे शादी के कुछ ही दिन बाद पति अली हसन, सास सालिहा बानो, देवर मो. हसन व ममिया ससुर रईश अंसारी परेशान करने लगे मॉ बाप की इज्जत को लेकर सहती रही जिससे ससुराली जनो के हौसले बुलंद हो गये और जिसके हाथों की मेहंदी भी न छुटी हो उसे मॉ व ममिया ससुर के उकसाने पर अली हसन ने रात्रि मे मारपीट कर भगा दिया रोती बिलखती घर पहुंची बेटी को देख जब पीड़िता के पिता मो. रफीक ने पुत्री की सास से बात कर मीन्नत करने लगे तो उन्हे अपमानित करते हुए भगा दिये। परेशान पीड़िता के पिता ने जब समाज के लोगो के बींच बात रखकर मामले को निपटाने की कोशिश की जिसमे पीड़िता के पति ने समाज के लोगो के बींच ही पीड़िता को तीन बार तलाक कहकर अपमानित करने लगा जिससे समाज के लोगो ने अपने हाथ खड़े कर लिये।

### साईं इंटर कालेज में छात्रों को बताए गए सड़क सुरक्षा के नियम



**बाराबंकी।** यातायात माह नवम्बर एवं यातायात जागरुकता अभियान के दृष्टिगत प्रभारी यातायात द्वारा श्री सांई इण्टर कॉलेज, लखपेड़ाबाग में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात नियमों का पालन कराने हेतु जनपद के समस्त थानों में विशेष अभियान चलाकर यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नागरिकों को यातायात नियमों का अनुशासित तरीके से पालन करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात रामयतन यादव द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत लखपेड़ाबाग स्थित सांई इण्टर कॉलेज में छात्रों को ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किये बिना वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति से अधिक तेज वाहन न चलाने तथा वैध प्रपत्र के साथ वाहन चलाने के प्रति जागरूक कर पम्पलेट का वितरण किया गया।

### अंतर्जनपदीय दो शातिर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, बदमाशों पर दर्ज हैं डेढ़ दर्जन मुकदमें



**बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु गश्त/चेकिंग की जा रही थी कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सुमैया नगर के पास एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इसारा किया गया तो पुलिस टीम को देखकर तेज रफ्तार से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर शूगर मिल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर जाने पर, अभियुक्तगण पैदल भागते हुए गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में 01 संदिग्ध व्यक्ति/अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान रघुवीर पाण्डेय पुत्र अवधेश पाण्डेय निवासी सदरौना काशीराम कॉलोनी थाना पारा जनपद लखनऊ के रूप में हुई, जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु तत्काल अस्पताल भेजा गया एवं दूसरे अभियुक्त अजय दीक्षित उर्फ शुभम पुत्र स्व ललित निवासी एसटीपी चौराहा निकट चक्की थाना बीबीडी जनपद लखनऊ, मूल निवासी दिबियापुर थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 1 कारतूस व 1 खोखा .315 बोर, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल व 1500 रुपये बरामद किये गये। आरम्भिक जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है। अभियुक्तगण द्वारा 31 अक्टूबर को थाना कोतवाली नगर के बाहर खड़ी अपाचे बाइक चोरी की गई थी, जिसके सम्बन्ध मुअसं 998/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। पुलिस द्वारा दिनांक-05.11.2025 को अभियुक्त श्यामू रावत पुत्र मुन्ना निवासी शेखुपुर थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभियुक्तगण द्वारा जनपद शाहजहांपुर, बरेली, अमेठी एवं दिनांक-01.11.2025 को थाना क्षेत्र गुरुबक्सगंज जनपद रायबरेली में लूट की घटना भी कारित की गई है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

### महिलाओं को किया जागरूक कहा, ओटीपी शेयरिंग से रहें सतर्क, योजनाओं का उठाएं लाभ



**उतरौला (बलरामपुर)।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कोतवाली उतरौला की मिशन शक्ति प्रभारी शालिनी सिंह व उनकी टीम ने गुरुवार को मोहल्ला गांधीनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शालिनी सिंह ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनजान कॉल या मैसेज पर ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से पहले सतर्क रहें, क्योंकि साइबर ठग लगातार नई चालें अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा आपातकालीन सेवा नंबर 112 की जानकारी दी। महिलाओं को सरकार की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, सामूहिक विवाह योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने मिशन शक्ति टीम से अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं।

# आईएएस एसडीएम महादेवा मेला को यादगार बनाने में जुटे

> बुलाये जा रहे नामचीन कलाकार

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



लोधेश्वर महादेवा के अगहनी महोत्सव मे भव्यता प्रदान करने के उद्देश्य से आईएएस उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल के निर्देशन मे युवा अधिकारी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह से मुस्तैद हो चुके है।जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी की मंशा के अनुरुप महोत्सव में चार चांद लगाने के लिए नामचीन कलाकारों को बुलाने का प्रयास किया जा रहा है।जिसमें भोजपुरी कलाकार प्रख्यात कवि बॉलीवुड कलाकारों से संपर्क हो रहा है।मालूम हो कि आगामी 17 नवंबर से भूत भावन भोलेनाथ के नगर मे परम्परागत अगहनी महोत्सव का आगाज हो रहा है एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव को कैसे भव्य स्वरूप प्राप्त हो तहसीलदार विपुल कुमार सिह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी के द्वारा एस डी एम के निर्देशन मे पूरी तन्मयता से काम किया जा रहा है।चार दिनो तक होने वाली क्रीडा प्रतियोगिता मे वॉलीबॉल दंगल कबड्डी आदि कार्यक्रम समपन्न होने तय है। दंगल प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय पहलवान आएंगे।कवि सम्मेलन में नामचीन कवियों से संपर्क किया जा रहा है। भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह, शिल्पी, राज समर सिंह जैसे नामो पर भी चर्चा की गई है।शांतनु महाराज एवं सत्यम पर भी विचार विमर्श जारी है।एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने विकासखंड रामनगर सूरतगंज में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर महोत्सव में भागीदारी करने की बात कही है।जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने कार्यक्रमो का प्रचार प्रसार जिले मे कराये जाने के निर्देश दिये है। तहसील प्रशासन ने पत्रकारो के साथ वृषपतिवार को बैठक कर महोत्सव मे बिन्दुवार कार्यक्रमो के बावत समीक्षा की।

### फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करें तेजः एसडीएम



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** फार्मर रजिस्ट्रीकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में हुई इस बैठक में खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और उचित दर विक्रेता शामिल हुए। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रधानों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया बैठक में बताया गया कि आठ नवंबर से उचित दर विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और उचित दर विक्रेता मिलकर उन किसानों की केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराएंगे, जिनकी प्रक्रिया अभी लंबित है। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने भी सभी से इस कार्य को युद्धस्तर पर शीघ्रता से पूरा करने का आह्वान किया। बैठक में नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, प्रेमचंद, भूपेंद्र द्विवेदी, शुभेंद्र अवस्थी, प्रदीप कुमार वर्मा, के साथ ही ग्राम प्रधान सुनील कुमार रावत, चंद्रभान रावत, मो. अकरम अंसारी, निसार मेंहदी, जमशेद अली, जयराम मौर्या, रामसागर यादव, रियाज मसूद ,सुनील कुमार बाजपेयी सहित उचित दर विक्रेता आदि उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने सुनीं महिलाओं की शिकायतें

> अधिकारियों को शिकायतों के समाधान कराने के दिए निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने बाराबंकी पहुँचकर महिलाओं की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को शिकायतों के समाधान कराने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए उनसे बातचीत की। उन्होंने शिक्षण कार्य और अन्य व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। इसके बाद डीआरडीए सभागार में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उनको आज कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसका तात्कालिक समाधान कराने के लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। अंजू प्रजापति ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं व शिकायतों को सुनते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को तात्कालिक न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की प्रत्येक शिकायतों को गम्भीरता से लें और उन्हें त्वरित न्याय दिलाये। अंजू प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी महिलाओं व बहन-बेटियों के मान-सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा के लिये 1090, 181 आदि हेल्पलाइन नम्बरों का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वे बेझिझक इन टोल फ्री नम्बरों का उपयोग कर अपनी शिकायत कर सकती हैं। यदि उनको समय से न्याय नहीं मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर महिला आयोग पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को न्याय दिलाने का कार्य करेगा।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख का किया निरीक्षण

राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख का निरीक्षण किया। उन्होंने 6, 7 और 8 वीं की छात्राओं से पठन-पाठन सम्बंधित जानकारी ली। स्मार्ट क्लास सहित छात्राओं द्वारा लगाए गए टीएलएम स्टॉल का अवलोकन किया और छात्राओं की बेहतर परफॉर्मेंस देखकर उन्हें शाबासी दी। उन्होंने छात्राओं के साथ फोटो भी खिंचवाई और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बीईओ सुश्री फिजा मिर्जा, वार्डेन अंकिता वर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, संगम कुमार, एसीएमओ डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मोहन पांडेय, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी सिंह व सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कोटवाधाम में गुलजार हुआ पशु बाजार, पड़िया पशु पालकों की पसंद



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले में पशु बाजार गुलजार है। यहां दूर-दराज से आए श्रद्धालु प्रसाद के रूप में पशु खरीदकर अपने घरों को ले जा रहे हैं। मेले में साहीवाल और जर्सी गायों के साथ-साथ अच्छी नस्ल की भैंसें और पंड़िया आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। पशु बाजार में विभिन्न जनपदों से खरीदार पहुंच रहे हैं, जिससे रौनक बनी हुई है। शमशाद मुजफ्फरनगर, शीतला और नान्हूं मुजफ्फरनगर के पंडालों में जर्सी गायों और छोटी पंड़ियों की बिक्री जोरों पर है। पशु मेले में भैंस और पंड़िया 20 हजार से 75 हजार रुपये तक तथा अच्छी नस्ल की गायें 30 हजार से 60 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं। पशु व्यापारी नवाब चौधरी ने बताया कि पशुओं की बिक्री आज से शुरू हुई है। नान्हूं मुजफ्फरनगर ने एक काली जर्सी गाय 28 हजार रुपये में बेची, जबकि एक पंड़िया 85 हजार रुपये में बिकी। छोटी पंड़ियों की बिक्री अगले पंद्रह दिनों तक जारी रहेगी, जिन्हें श्रद्धालु प्रसाद स्वरूप खरीदते हैं। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक राम आशीष और सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने मेला परिसर, पशु बाजार और अभरन सरोवर का निरीक्षण किया। अधिकारीयों ने मेला कोतवाली में पहुंच कर स्थित का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

### बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ आराधना अवस्थी का एकेडमिक रिसोर्स पर्सन मदन मोहन वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, रमाकांत गुप्ता एवं देवी शंकर पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने दिसंबर 2025 में आयोजित होने वाली निपुण आकलन परीक्षा में विकास खंड हैदरगढ़ को निपुण बनाने हेतु समीक्षा बैठक भी आयोजित की।

# जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

> 13 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर करें निस्तारणः जिला जज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद बाराबंकी के सभी बैंक प्रतिनिधियों, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों, समस्त विभागों के नामित नोडल अधिकारीगण के साथ विचार विमर्श बैठक का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित मीटिंग हाल में किया गया। बैठक में राकेश कुमार सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं श्री श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी उपस्थित रहे। प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा प्री-लीटिगेशन स्तर पर मामलों एवं राजस्व के मुकदमों को चिन्हित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया एवं बैंकों व विभिन्न विभागों को राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया गया। जनपद न्यायाधीश के द्वारा अपर जिलाधिकारी बाराबंकी व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी को प्रचार प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया। न्याय चला निर्धन से मिलने की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रचार प्रसार हैण्डबिल, प्रचार प्रपत्र, बैनर, होर्डिग, समचार पत्रों, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक माध्यमो के अतिरिक्त पैरा लीगल वालन्टीयर, लेखपाल, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, बैंक मित्र आदि के माध्यम से भी गांवों एवं दूर दराज के स्थानों पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वर्ष 2025 के अन्तिम राष्ट्रीय लोक अदालत को पूर्ण रूपेण सफल बनाये जाने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। राकेश कुमार सिंह अपर जिला न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा बैंक, बीमा कम्पनियों एवं समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर चिन्हित वादों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई।

# ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी 25वीं पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ, निकाली गयी कलश यात्रा

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सूर्यकुंड से सैकड़ों महिलाओं ने कलश में जल भरकर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली, जो देवीपाटन बाजार, तुलसीपुर रोड होते हुए हरैय्या तिराहे तक पहुंची और पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। महंत मिथलेश नाथ योगी ने कलश यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। शाम को दीप प्रज्वलन के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कथा वाचक स्वामी बालक दास महाराज प्रवचन देंगे। ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि प्रति वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। महंत योगी ने देवीपाटन मंदिर को राष्ट्रीय ख्याति दिलाने, क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और धर्म के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से मंदिर में विशाल धर्मशाला, गौशाला और साधु-संतों के लिए व्यवस्थाएं बनीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग हर वर्ष महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि समारोह में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस वर्ष भी 11 नवंबर को मुख्यमंत्री के देवीपाटन आगमन की संभावना जताई जा रही है। कलश यात्रा में कोठारी यादनाथ योगी, ज्ञानी नाथ योगी, सर्वेश जी महाराज, भाजपा नेत्री शेरवाली शुक्ला, गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, सभासद मीना किन्नर, अरुण कुमार गुप्ता,पंकज सिंह, विक्की गुप्ता, अरुण देव आर्य, रितेश द्विवेदी, अजय कुमार पांडे, मनोज यादव, बृजेश पांडे, प्रभावी निरीक्षक राजकुमार सिंह, देवीपाटन पुलिस चौकी प्रभारी अमर सिंह, मंदिर सुरक्षा चौकी प्रभारी रामकुमार पांडे, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# भाजपा कार्यक्रमों की तैयारी की हुई समीक्षा बैठक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल भवन, तुलसी पार्क में मतदाता पुनरीक्षण अभियान-2025, विधानसभा स्तर पर प्रस्तावित कार्यशाला एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली पदयात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन आधारित पार्टी है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से चलाया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर निकाली जाने वाली पदयात्रा, राष्ट्रीय एकता और संगठन की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने मंडल एवं शक्ति केंद्रों में बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें और अभियान की सफलता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी संगठन नहीं,बल्कि जनता की सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का परिवार है। उन्होंने कहा कि 'वोटर लिस्ट पुनरीक्षण अभियान में हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करे। संगठन की मजबूती बूथ से शुरू होती है,और बूथ मजबूत होगा तो पार्टी और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे।' बैठक में जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी,जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा,मीडिया प्रभारी डी.पी.सिंह बैस,जिला मंत्री अवधेश कुमार तिवारी तरुण,डॉ.अजय सिंह पिंकू, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता तिवारी, महामंत्री साधना पांडे, संजय शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सरदार पटेल जयंती पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### हवन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** गूमा फातिमा जोत स्थित चैनवापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। कथा व्यास पंडित प्रीतम अभिनाश शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित इस पावन अनुष्ठान में भक्तों ने विधिविधान से आहुति प्रदान कर लोककल्याण की कामना की। हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन का आनंद लिया। इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में शकुंतला मिश्रा व आलोक मिश्रा मौजूद रहे। इसके अलावा मिश्र परिवार के सदस्य महेश मिश्रा, सुनीता मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीएम ने किया विकास खंड कार्यालय हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण

> विकास खंड परिसर में समुचित साफ-सफाई, निष्प्रयोज भवन की मरम्मत कराते हुए प्रयोग में लाएं जाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा प्रातः 9:00 बजे विकास खंड कार्यालय हरैया सतघरवा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों का विस्तृत जानकारी तथा रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने ब्लॉक परिसर के निरीक्षण के दौरान परिसर में निष्प्रयोज भवन की मरम्मत आदि कराते हुए उपयोग में लाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान ब्लॉक में स्थित आवास की पुताई आदि कराए जाने तथा परिसर में समुचित साफसफाई के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा पल्लवी सचान व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। इससे पूर्व विकास खंड हरैया सतघरवा जाते समय डीएम ने लोकहवा डीप का किया निरीक्षण, उन्होंने राहगीरों से संवाद किया। डीएम ने अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को कार्यालय बुलाकर पुलिया के प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में निर्देश दिए।

### डीएम ने विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम शिवपुरा बाजार में क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** धान की फसल की उत्पादकता के आकलन हेतु डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम शिवपुरा बाजार में क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया गया। क्रॉप कटिंग के दौरान डीएम ने कृषकों से संवाद किया एवं सिंचाई के साधन आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्रॉप कटिंग के आकलन की विधि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। क्रॉप कटिंग किसान बेचन लाल पुत्र संगम लाल के खेत /गाटा संख्या 762 पर फसल धान पर क्राप कटिंग करवायी गयी।10-10 मीटर के समबाहु त्रिभुज 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फसल धान की उपज 26.660 किलोग्राम तौल किया गया, जिसका उपज परिणाम 61.58 कु0 प्रति0 हे0 रहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में विभिन्न स्थलों पर हो रही क्रॉप कटिंग के सटीक आंकड़े प्राप्त किए जाए। इस दौरान तहसीलदार बलरामपुर सदर , खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# आप जियो हजारों साल साल के दिन हों पचास.......



## ................ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के जन्मदिन पर शुभकामनाओं का सैलाब..................

▸ जनमानस ने की डॉ0 साहब की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना ▸ अपने-अपने तरीके से समृद्धि परिवार के सदस्यों ने मनाया जन्मदिन, की लम्बी आयु की कामना ▸ समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिले भर में धूमधाम से केक काटकर व पूजा अर्चना कर मनाया सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन ▸ राह थी कठिन आपके ही सुप्रयास ने सरल कर दिया पथ भर दी है खाइयां, वंचितों, दुखीजनों को रुग्ण दीन बन्धुओं को राहत प्रदान, मिटाकर बिबाइयां, पत्रकारिता को मानदण्ड दिये नूतन प्रसिद्ध बन रहेगी सदैव परछाइयां, जन्मदिन आपको मुबारक रहे सदैव बधाईयां-बधाईयां-बधाईयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समृद्धि मीडिया ग्रुप के यशस्वी चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव जी का जन्मदिन समृद्धि न्यूज परिवार के सदस्यों ने अपने-अपने तरीके से मनाया और उनकी दीर्घायु की कामना की। इसी क्रम में फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज दैनिक समाचार पत्र के जिला कार्यालय में सादगीपूर्ण व गरिमामय माहौल में जन्मदिन मनाया गया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर संस्था के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव की लंबी उम्र की कामना की गयी। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के समाजसेवी कार्य, सरल स्वभाव, अन्तिम व्यक्ति को शिक्षित करने की ललक, फर्रुखाबाद को विश्व के मानचित्र पर पहुंचाने का सपना हम सबके लिए प्रेरणा की बात है। उनके प्रयासों से जिले की पत्रकारिता को नये आयाम मिले और समृद्धि मीडिया ग्रुप की स्थापना हुई। जो दिन पर दिन लोकप्रियता के नये मुकाम हासिल करता जा रहा है।

समाचार पत्र निरंतर प्रकाशित हो रहा है और लगातार ही उसका विस्तार होता जा रहा है। समृद्धि न्यूज जन-जन की आवाज बनता जा रहा है। समृद्धि परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है आप और अधिक यशस्वी हों, दीर्घजीवी हों, स्वस्थ रहें, निर्भीक रहें, समृद्ध रहें और अशिक्षा रूपी अज्ञानता का नाश करते रहें। हम सब परम पिता ईश्वर से प्रार्थना करते हैं एक बार पुनः जन्मदिन की ढेरों मंगलकामनाएं। ब्यूरो प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, आशुतोष त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, अनुज कुमार, नीलू कुमार सहित समस्त स्टाफ व शुभचिंतक मौजूद रहे।



**सपा के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का एक नये अंदाज में जन्मदिन मनाते समर्थक**



**राजेपुर के ग्राम हरिहरपुर में समर्थक के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाते सोनू सिंह**



मोहम्मदाबाद के कन्हऊयाकूबपुर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव जी का केक काटकर जन्मदिन मनाते समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति एवं जनसुराज चर्चा जाति के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया व सलोवा जिलाध्यक्ष अनुराग यादव आदि





पतित पावनी मां गंगा की पूजा अर्चना कर गंगा तट पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेंद्र सिंह यादव का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समर्थक मौजूद रहे।



ग्राम गठवाया (नवाबगंज) में क्षेत्र पंचायत सदस्य जुगेंद्र यादव व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजन गंगवार ने **सपा प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया।



बार एसोसिएशन कायमगंज के उपाध्यक्ष मनीष गंगवार ने समर्थकों के साथ **समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया।



भटासा (नवाबगंज) में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एडवोकेट मोहित गंगवार, सुमित गंगवार, अभी गंगवार, अन्नू, अंकुर गंगवार, श्याम बाबू, अरमान कुमार ने **सपा प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का जन्मदिन मनाया।



बार एसोसिएशन फतेहगढ़ द्वारा सपा के प्रदेश सचिव **डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव** का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान देवेन्द्र यादव, राजपाल आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।



समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली, नगर महासचिव फारूक अली व समर्थकों ने सपा के **प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया।



**डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव** के आवास कार्यालय पर डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, रोहित यादव, अंकित यादव, ध्रुव यादव एवं आवास स्टाफ ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया और दीर्घायु की कामनाएं कीं। इस दौरान एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



नवाबगंज के बबना में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशील दिवाकर ने **सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस दौरान अन्य समर्थक मौजूद रहे।



शमशाबाद के अजीजाबाद में प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र राजपूत ने **सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस मौके पर समर्थक मौजूद रहे।



अचरा नवाबगंज में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवेंद्र यादव (चुन्नू) व पूर्व प्रधान मानोज यादव समर्थकों के साथ **सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया।



**नवाबगंज।** कुतुबुद्दीनपुर के प्रधान राजीव यादव, सभासद राहुल यादव, रवि यादव, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव, अखिलेश यादव ने **सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव** का केक काटकर जन्मदिन मनाया।



सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव डॉ0 सुभाष पाल ने **समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का केक काटकर जन्मदिन** मनाया। इस अवसर पर देवेश पाल, रजनी पाल आदि मौजूद रहे।



**नवाबगंज में** ग्राम हरदुआ के प्रधान संजीव यादव, सपा के जिला उपाध्यक्ष डा0 नवरंग सिंह यादव, शिक्षक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव टीटू ने **सपा प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह** का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया।



प्रमुख समाजसेवी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जनपद को नए-नए आयाम देने वाले समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व अमृतपुर विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन अलीगढ़ मोहद्दीनगर प्रधान यूसुफ पटेल व उनके पारिवारिकजनों एवं उनके समर्थकों ने उल्लास के साथ अपने आवास पर केक काटकर मनाया।

# डीएम की अध्यक्षता में धान खरीद कार्यशाला आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत सभागार में आज जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में धान खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के समस्त खरीद केन्द्रों के सचिव, प्रभारीगण, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी धान खरीद सत्र के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना एवं किसानों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा।

- कार्यशाला का उद्देश्य सभी आवश्यक तैयारियां तथा किसानों की सुविधाओं को करना होगा सुनिश्चित
- जनपद के सभी खरीद केंद्रों का अधिकारी करें औचक निरीक्षण



बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीद केन्द्रों पर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की सुविधा, तौल प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा तौल के बाद निर्धारित समय सीमा में भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि खरीद केन्द्रों पर पॉवर डस्टर ,मॉइस्चर मीटर, तौल मशीन एवं बोरे आदि की पर्याप्त व्यवस्था समय से की जाए तथा केन्द्रों पर साफ-सफाई एवं सुरक्षा के उचित इंतजाम रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किसानों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के लिए एक कंट्रोल रूम एवं हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखा जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद कार्य एक जनकल्याणकारी अभियान है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य समय पर दिलाना है। सभी अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करें, ताकि जिले में धान खरीद कार्य पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं किसान हितैषी रूप में सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित तैयारियों की जानकारी दी तथा जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक, सभी खरीद केन्द्रों के सचिव, प्रभारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शर्मा पेट्रोल पंप पर लकी ड्रा आयोजित

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने उपभोक्ताओं के लिए खुशियों का त्यौहार भारत पेट्रोलियम के संग स्लोगन के साथ 31 अक्टूबर 2025 तक एक आकर्षक इनाम योजना चलाया गया। जिसका कूपन लकी कूपन ड्रा 6 नवंबर को बैजनाथ शर्मा एंड संस पेट्रोल पंप निकट बस स्टैंड गोंडा पर आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के सेल्स ऑफिसर मंगीलाल एवं शहर के गणमाह्य, न्य लोगों द्वारा किया गया।




सार्वजनिक रूप से निकाले गए लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार विजेता अयांश सिंह को मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार विनोद शर्मा को टीवी एवं तृतीय पुरस्कार राधेश्याम, रमेश गुप्ता एवं विनोद कुमार को एक-एक वॉशिंग मशीन प्राप्त हुई। इसी तरह गीजर के चार, हीटर के पांच एवं आयरन प्रेस के दस पुरस्कार निकाले गए। लकी ड्रा कार्यक्रम में शर्मा पेट्रोल पंप के मलिक अंतरिक्ष कृष्ण पांडेय ने बताया कि कंपनी द्वारा लगभग प्रत्येक त्योहारों के उपलक्ष में ऐसी योजनाएं उपभोक्ताओं के लिए संचालित की जाती है, जो आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अनोखेलाल, आरपी तिवारी, अंकित, अविरल पांडे, विमल वर्मा, पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता, हेमन्त पाठक, प्रदीप तिवारी, अशोक पाठक, सुनील तिवारी सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरणः डीएम

- बोली, कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या असुविधा न हो

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में 07 नवम्बर,2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनपद के सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में रही। बैठक का उद्देश्य मतदेय स्थलों की सूची के आलेख्य प्रकाशन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देना एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से मतदेय स्थलों की स्थिति, पहुंच मार्ग, आधारभूत सुविधाओं एवं मतदाताओं की सुविधा से जुड़ी जानकारियाँ सार्वजनिक की जाती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या असुविधा न हो। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदेय स्थलों से संबंधित आवश्यक सुझाव उपलब्ध कराएं, जिससे मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निर्वाचन कार्य को सुचारू, निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी दी और निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# संजय सोनकर मौत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण स्पष्ट नहीं

- नगर कोतवाली पुलिस ने बिसरा किया सुरक्षित

**गोंड़ा ,समृद्धि न्यूज़।**

आरपीएफ की कस्टडी में मोतीगंज थाना क्षेत्र किनकी गाँव निवासी संजय कुमार सोनक र की मौत के प्रकरण में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कोतवाली पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर लिया है इस प्रकरण में आरपीएफ के दो उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर लाइन में भेज दिया गया है। संजय के परिवारजन की शिकायत पर हत्या की एफआईआर दर्ज होने के बाद रेल अफसरों ने यह कार्रवाई की है,मृतक संजय कुमार सोनकर का अंतिम संस्कार बुधवार की रात में छह थानों की पुलिस की मौजूदगी में किया गया




है। महिला थाना प्रभारी अनीता यादव की अगुवाई में पुलिस बल को गांव में तैनात किया गया है। स्वजनों की पुलिस की कार्रवाई पर भी नजर टिकी है। नगर कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ के उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व करण सिंह सहित एक सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है आरपीएफ ने उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व करण सिंह यादव सिपाही अमित कुमार यादव को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव के रहने वाले संजय कुमार सोनकर को चोरी के आरोप में मंगलवार की सुबह आरपीएफ के उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार और करण सिंह यादव व अमित कुमार यादव पकड़ा। घर वालों का आरोप है कि संजय को बिजली का करंट लगाया गया थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया और उसकी पिटाई की गई जिससे संजय की मौत हो गई इसके बा द उसे मेडिकल कालेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय लाकर छोड़ दिया गया। संजय के परिवारजन ने इस मामले में आरपीए फ के सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, करण सिंह यादव तथा कांस्टेबल अमित कुमार यादव पर संजय की पिटाई करने और थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था।स्वजनों के विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को नगर कोतवा ली पुलिस ने संजय सोनकर के शव का पोस्ट मार्टम कराया मामले में मृतक के भाई राजू सोनकर की तरफ से बुधवार की देर शाम नगर कोतवाली में तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिरुद्ध राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, करण सिंह यादव तथा कांस्टेबल अमित कुमार यादव को विभाग के उच्च अधिकारियों ने निलंबित कर दिया है। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

# रामलीला में रावण का प्रवेश धनुष यज्ञ में गूंजे संवाद



**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

मनकापुर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित श्री राम जानकी पंचायती मंदिर रामलीला मैदान में चल रही रामलीला मैं बुधवार की रात मिथिला के स्वयंवर मैं भगवान श्रीराम की लीला के अंतर्गत धनुष यज्ञ प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। इस प्रसंग में रावण के आगमन से पूरा वातावरण गूंज उठा। मंच पर रावण एवं बाणासुर की भूमिका निभाने वाले कलाकार ने अपने प्रभावशाली संवादों और दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। धनुष यज्ञ के दृश्य में राजा जनक द्वारा शिवधनुष उठाने की घोषणा के बाद कई राजाओं ने प्रयास किया, लेकिन कोई भी उस धनुष को हिला तक नहीं पाया। तभी लंका के राजा रावण का मंच पर प्रवेश हुआ। रावण ने गर्व और अहंकार से भरे संवाद बोले–÷मैं लंकापति रावण हूं, इस जगत में मुझसे बलवान कोई नहीं।

# 25वीं अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा के क्रिकेट ग्राउण्ड में गोरखपुर जोन की 25वीं अन्तर्जनपदीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता-2025 का शुभारम्भ बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक का आगमन हुआ, जिनका स्वागत अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा (पूर्वी) मनोज कुमार रावत द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट करके रोजेट / कैप लगाकर किया गया। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा (पूर्वी) व अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा (पश्चिमी) की मौजूदगी में सभी टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया गया तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया



गया। तत्पश्चात सभी टीमों ने अनुशासित एवं सटीक तालमेल के साथ बैण्ड द्वारा बजाई गई मधुर ध्वनि पर मार्चपास्ट की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अनुशासित कदमताल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुलिस महानिरीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत के द्वारा फेंकी गई गेंद को बल्ले से शॉट खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के 10 जनपदों- जनपद गोण्डा, जनपद गोरखपुर, जनपद संतकबीरनगर, जनपद देवरिया, जनपद बहराइच, जनपद श्रावस्ती, जनपद बलरामपुर, जनपद महाराजगंज, जनपद सिद्धार्थनगर, जनपद कुशीनगर की पुलिस टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है । इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में दिनांक 06.11.2025 से 09.11.2025 तक किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा द, प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारीगण, पुलिस कर्मी, खेल अधिकारी, पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। पुलिस लाइन परिसर खेल भावना, उत्साह एवं जोश से सराबोर रहा।

# विशेश्वरगंज बीज गोदाम में अफरा-तफरी के बाद हालात सामान्य

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस की मौजूदगी में हुआ बीज का शांतिपूर्ण तरीके से वितरण

राजकीय बीज गोदाम विशेश्वरगंज में बृहस्पतिवार सुबह से ही गेहूं बीज वितरण के दौरान अचानक बढ़ी भीड़ और अव्यवस्था के चलते कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। किसानों की लंबी कतारें और वितरण प्रक्रिया में असंतुलन के कारण मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल गोदाम परिसर की कमान संभाली, भीड़ को शांत कराया और किसानों को लाइन में लगवाकर व्यवस्था बहाल की। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद बीज वितरण का कार्य दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो गया। गोदाम प्रभारी इंद्रसेन तिवारी ने बताया कि कुछ किसान बिना पंजीकरण के बीज लेने पहुंचे थे, जिससे प्रारंभ में अव्यवस्था हुई। बाद में पुलिस की मदद से किसानों को समझाया गया और खतौनी व आधार कार्ड के आधार पर प्रति एकड़ एक बोरी के हिसाब से नियमानुसार वितरण कार्य किया गया। पुलिस व प्रशासन की तत्परता से माहौल फिर से सामान्य हुआ और किसान संतुष्ट होकर निर्धारित क्रम में बीज लेते दिखाई दिए। पूरा वितरण कार्य बिना किसी विवाद के शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# बैनामे के मकान पर दबंग नहीं दे रहे कब्जा पीड़ित ने लगाई पुलिस अधीक्षक से गुहार

**गोंड़ा ,समृद्धि न्यूज़।**

मामला थाना इंटियाथोक के अंतर्गत ग्राम हरैंया जुम्मन का है । कोतवाली नगर के निवासी राजित राम शुक्ला पुत्र राम उग्गर शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाई और कहां की विपक्षी अपने सगे भाई मोहम्मद अनवर व माता नूर सबा के मकान को अपनी पत्नी रुखसाना खातून के नाम बैनामा करा लिया जबकि इसी मकान को विपक्षी मोहम्मद हुसैन ने राजित राम के पक्ष में 3 अक्टूबर 2023 को बैनामा किया था अपने क्रय सुदा मकान गाटा संख्या 134 जिसे पीड़ित ने तय सुदा रकम 6लाख देकर अपने पक्ष में बैनामा लिया था जब उस पर कब्जा करने गया तो विपक्षीगण पीड़ित पर टूट पड़े और यह कहते हुए बेइज्जत कर दिया की यह मकान तो रुखसाना खातून के नाम बैनामा है यहां तुम्हारा कुछ नहीं यहां से भाग जाओ अन्यथा तुम और तुम्हारे परिवार को



हम खड़े होने के लायक नहीं रखेंगे और मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे परेशान पीड़ित अपने क्रयसुदा मकान को पाने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही सीजीएम के यहां भी न्याय की गुहार लगाई । जिस मामले में प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश देते हुए मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी ने 10 दिनों में रिपोर्ट संबंधित थाना द्वारा दिए जाने का फरमान जारी कर दिया सवाल यह उठता है कि क्या योगी सरकार में आज भी भू माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह थाना चौकी से बेखौफ होकर किसी के नाम मकान बैनामा करने के बाद फिर उसी मकान को दूसरों के नाम बैनामा कर देते और मोटी कमाई का जरिया बना रखे हैं जिसमें यदि सम्बंधित थाने की पुलिस शक्ति से कार्यवाही करें तो पीड़ित को मुख्यमंत्री व पुलिस अधीक्षक से गुहार न लगानी पड़े अब देखना यह है कि न्यायालय के आदेश पर थाना कोतवाली नगर क्या कार्रवाई करती है।

# विहान बालिका आवासीय विद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि विहान बालिका आवासीय विद्यालय बहराइच में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित डेंटल कैम्प में डॉ. तेजसी द्वारा पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ छात्राओं के दांतों की जांच की गई व दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए तथा छात्राओं को टूथब्रश, टूथपेस्ट व माउथ वाश का वितरण किया गया।



इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश गोयल, महिला संयोजिका श्रीमती प्रियंका रावत, सतेंद्र निगम एवं टीम द्वारा छात्राओं को बिस्किट एवं चिप्स का वितरण किया गया। शिविर आयोजन के लिए विद्यालय अधीक्षक प्रगति सिंह ने भारत विकास परिषद की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ निधिमिश्र, पूजा यादव, प्रियंका श्रीवास्तव व धर्मेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने तीन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

- रुपईडीहा उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सम्पन्न

**रुपईडीहा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा की उद्योग व्यापार मंडल इकाई की बैठक स्थानीय राहुल पार्टी पैलेस में प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें स्थानीय व्यापारियों ने अपनी व्यापारिक समस्याओं से प्रान्तीय अध्यक्ष को अवगत कराया। मुख्यरूप से तीन समस्यायें रखी गयीं पहली बिजली की मनमानी बिलिंग ,दूसरी नेपाली भारतीय करेन्सी का विनमय पटल का न होना,तीसरी नेपाल आने जाने वालों के सामने एसएसबी चेक प्वाइंट पर होने वाली दिक्कत। प्रान्तीय



अध्यक्ष ने समाधान का पूरा भरोसा दिलाया। साथ ही सभा को सम्बोधित करते हुए कहा हम व्यापारियों की सरकार से मुख्य मांगे हैं प्रत्येक पंजीकृत व्यापारी का एक करोड़ का स्वास्थ्य बीमा,दुकान में आग लगने पर एक करोड़ का बीमा,त्यौहारी सीजन में सैम्पलिंग के नाम पर अनावश्यक उत्पीडन से मुक्ति,यह हम लेकर रहेंगे। जो सरकार से लेते हैं उनका बीमा और हम सरकार को देने वाले है हमारा नहीं ,यह अन्याय है। इसे हम बरदाश्त नहीं करेंगे। सभा को बहराइच जिलाध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता ने भी सम्बोधित किया ।रुपईडीहा नगर के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल ने व्यापारियों की। मांग से सम्बन्धित एक ज्ञापन प्रान्तीय अध्यक्ष वनवारी लाल कंछल को सौंपा। नगर अध्यक्ष शैलेश जायसवाल द्वारा प्रान्तीय अध्यक्ष कंछल ,बहराइच जिलाध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता एवं जिला संरक्षक जगजीथ मलहोत्रा बहराइच का अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

# बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ चार इनामी बदमाश गिरफ्तार

- दो को लगी गोली, सभी बदमाश लखीमपुर के रहने वाले

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रूपईडीहा इलाके में पुलिस और इनामी बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि चार अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में कई चोरियों को अंजाम देने वाले बदमाश एक चार पहिया वाहन से सहाबा ग्राम की ओर आ रहे हैं। इस जानकारी पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान कार में सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने चारों बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से अवैध असलहे और कारतूस बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान मुनव्वर, जोखे, छोटेलाल और बबलू खान के रूप में हुई है, जो लखीमपुर के निवासी हैं। इन सभी बदमाशों पर 15 हजार और 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन, लंबित मांगों को पूरा करने की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के मोतीपुर इलाके में आशा बहुओं और आशा संगिनियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि आशा बहुओं को निश्चित मानदेय दिया जाए और उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा मिले। उन्होंने सभी लंबित भुगतानों को भी तुरंत जारी करने की मांग की। एक अन्य महिला नेत्री ललिता देवी ने चेतावनी दी कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी 19 नवंबर को वीरांगना लक्ष्मीबाई जयंती पर महिलाएं लखनऊ विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करेंगी। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता व सम्मान समारोह आयोजित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

- यह सब बच्चे भविष्य के हैं वैज्ञानिक अनुपमा जायसवाल

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संचालित जिला विज्ञान क्लब बहराइच के तत्वावधान में महाराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद, वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल एवं निर्णायक सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने अपने संबोधन में सभी बच्चों द्वारा बनाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए आह्वान किया कि यह सब भविष्य के वैज्ञानिक हैं तथा जनपद को अग्रणी बनाने में इनकी सर्वाधिक महती भूमिका है। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने कहा कि जिज्ञासा ही ज्ञान का पहला कदम है सवाल पूछो, खोज करो, इसके माध्यम से ही छात्र और छात्राएं अपनी जिज्ञासाओं का निवारण कर सकते है। जिला समन्वयक डॉ नंद कुमार शुक्ल ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के राजकीय, अशासकीय,



सीबीएसई विद्यालयों से आये लगभग 210 बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने 100 नवोन्मेषी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये। जनपद स्तर से प्रथम 15 उत्कृष्ट मॉडल मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे, राज्य स्तर पर श्रेष्ठ मॉडल को 50 हजार रुपये पुरस्कार के साथ प्रौद्योगिकी परिषद नियमानुसार पेटेंट की व्यवस्था भी करती है। पुरस्कार सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ एस पी सिंह व वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि ने कहा कि आप बाल वैज्ञानिकों में से ही कोई न्यूटन, आइंस्टीन बने, बाल वैज्ञानिकों के सतत प्रयास अनुशासन और अध्यापकों के मार्ग दर्शन से ही नित नवीन अविष्कार संभव हैं। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अर्शी खान ऐम्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच प्रथम स्थान, अल जफीरा नूर सेवेन्थ डे इंटर कॉलेज को द्वितीय स्थान, अनुष्का शर्मा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बहराइच तृतीय स्थान, प्रतिष्ठा सिंह अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल बहराइच व साक्षी सिंह बल शिक्षा निकेतन बहराइच को सांत्वना पुरस्कार प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# मेडिकल कॉलेज में मना कन्या जन्मोत्सव

- कन्या जन्म सौभाग्य है, बोझ नहीं : अध्यक्ष राज्य महिला आयोग

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसकी मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बाबिता सिंह चौहान रहीं। इस आयोजन का उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बल देना और समाज में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज में जन्मी 19 कन्याओं की माताओं को केक काटकर सम्मानित किया गया और उन्हें



उपहार प्रदान किए गए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और छह माह की आयु पूरी कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. बाबिता सिंह चौहान ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटी के जन्म की खुशी और सम्मान का उत्सव है। उन्होंने कहा हमारे शास्त्रों में कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।' अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ देवताओं का वास होता है। बेटी घर की लक्ष्मी ही नहीं बल्कि समाज की शक्ति और सम्मान की पहचान भी है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर देना हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि वे अपने सपने पूरे कर सकें। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा हाल ही में भारत की बेटियों ने क्रिकेट सहित कई क्षेत्रों में देश का नाम रोशन किया है।

## खबरें एक नजर में

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट, दो घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें पति-पत्नी दोनों घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल राम शंकर पुत्र स्वर्गीय सुरजू एवं उनकी पत्नी राजदुलारी ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मदन टूसी गांव के रहने वाले अखिलेश पुत्र रामशरण से उनका पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर पहले भी मारपीट हो चुकी है उनके द्वारा यह भी बताया गया कि अखिलेश के द्वारा पहले उनके तालाब की खाई खुदवा दी गई थी। जिससे उनके तालाब में पाली गई मछलियां बह गई थी और उनका लाखों का नुकसान हुआ था। आज फिर उनके द्वारा खेत में नाली खोदी जा रही थी। जिसको लेकर हमने मना किया तो उन्होंने लाठी डंडों से हम दोनों पति-पत्नी के ऊपर हमला कर दिया। फिलहाल दोनों ने स्थानीय थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों का इलाज एवं मेडिकल अस्पताल में कराया गया है।

### नाली के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आठ गंभीर

**महाराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जिवहा गांव में नाली को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला हो गया। घटना में एक पक्ष के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के तीन लोग भी चोटिल बताए जा रहे हैं। घायल हुए लोगों में से पांच का इलाज सीएचसी में चल रहा है, वहीं तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि नाली को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई थी, लेकिन समय पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण मामला बिगड़ गया।

### खाटू श्याम के जयकारों से गूंजा बछरावां कस्बा



**बछरावां, रायबरेली।** श्रीखाटू श्यामजी परिवार बछरावां रायबरेली द्वारा आयोजित संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन बुधवार देर शाम कस्बे के महाराजगंज रोड पर स्थित स्वयंवर उत्सव मैरिज लॉन के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में मशहूर गायक चंद्रप्रकाश मिलन, मुख्य गायिका सोनम शुक्ला एवं गायिका स्मृति सक्सेना ने प्रांगण में उपस्थित श्याम प्रेमियों को अपनी गायकी से मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गौरव बाबा एवं उनके मित्र गणों के द्वारा कार्यक्रम के आचार्य की उपस्थिति में विधिवत खाटू श्याम का पूजन किया गया, उसके पश्चात संकीर्तन प्रारंभ हुआ। देर रात तक चले इस संकीर्तन कार्यक्रम में प्रांगण में मौजूद श्याम प्रेमी थिरकते हुए नजर आए। साथ ही साथ कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

### कार्तिक पूर्णिमा मेलाः जगह-जगह फैली गंदगी, लगे कूड़े के ढेर



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ में आयोजित हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं स्नान पर्व के समापन के बाद घाटों के किनारे फैली गंदगी व मेला क्षेत्र में जगह-जगह पर लगे हुए कूड़े के ढेर अब नगर पंचायत के लिए चुनौती बने हुए हैं बुधवार को समाप्त हुए कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद डलमऊ के सभी घाटों पर जगह-जगह पर गंदगी फैली हुई दिखाई पड़ी दूर दराज से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के साथ मां गंगा के घाटों पर गंदगी का अंबार लगा दिया सड़क घाट वीआईपी घाट रानी शिवाला घाट महावीरन घाट सहित तराई तक के सभी घाटों पर सुबह चारों तरफ गंदगी ही नजर आई साथ ही मेला क्षेत्र व डलमऊ कस्बे के सभी मार्गों पर फैली हुई गंदगी अब नगर पंचायत के लिए चुनौती साबित होगी मेला समाप्त होने के बाद थकान को दूर रहे कर्मचारी अभी सफाई कार्य से दूर हैं। स्वामी दिव्यानंद गिरि जी महाराज का कहना है कि दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के द्वारा सभी घाटों पर गंदगी फैल गई साफ सफाई के लिए लगाए गए सफाई कर्मचारी स्नान के बाद से निष्क्रिय नजर आए किसी भी घाट पर स्नान के दौरान सफाई का कार्य नहीं किया गया जिससे गंगा तट पर गंदगी का अंबार लग गया है नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद सभी घाटों पर गंदगी फैली हुई है जल्द ही सभी घाटों की साफ सफाई कराई जाएगी।

### घड़ियाल दिखाई देने से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी



**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां में शारदा सहायक नहर में घड़ियाल दिखाई देने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। नहर किनारे काम कर रहे लोगों ने पानी में हलचल देखी तो करीब जाकर बड़ा घड़ियाल तैरता हुआ दिखा। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वन विभाग की टीम पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर घड़ियाल को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। वन रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि पकड़े गए घड़ियाल को चहलारी घाट के पास स्थित सुरक्षित जलाशय में छोड़ा गया है। नहर में पहले भी कई बार घड़ियाल दिखाई दे चुके हैं, जिससे लोगों में भय बना रहता है। वन विभाग के अनुसार शारदा सहायक नहर में आने वाला जल प्रवाह तराई क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसके कारण घड़ियाल बहकर यहां पहुंच जाते हैं।

### यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के छठवें दिन यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाये गए। इसके साथ साथ यातायात पुलिस द्वारा आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया। दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे-गलत दिशा में वाहन चलाना,सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा इस दौरान पुलिस द्वारा 235 वाहनों का चालान कर 2,65,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया।

### करंट की चपेट में आने से जलेबी दुकानदार की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद प्रतापगढ़ के सांगीपुर कस्बा निवासी शिव शंकर नन्दमहर मेले में मिठाई और जलेबी की दुकान लगाए हुए थे। दुकान में रोशनी के लिए उन्होंने तार खींचकर लाइट लगाई थी। इसी दौरान अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और शिव शंकर उसकी चपेट में आ गए। घटना के समय आसपास मौजूद दुकानदारों ने तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद करवाई, लेकिन तब तक शिव शंकर गंभीर रूप से झुलस चुके थे जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारी दहशत में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### गोली चलाकर दो दिन पूर्व किए हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत अंकित सिंह पर गोली चलाकर किए गए हत्या के प्रयास में विमलेश सिंह पुत्र स्व राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पूरे मंशा गूजर टोला थाना गौरीगंज द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया कि उनके पुत्र अंकित सिंह बाजार से अपने घर की तरफ बाइक से जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर उनके पुत्र को गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर 6 लोगों ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाकर लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये थे । उसी क्रम में मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मो जलील पुत्र मुनीर निवासी पूरे सूबेदार मजरे ऐंधी व दीपक कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामो को गिरफ्तार किया गया है। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अंकित सिंह से पूर्व में हुई मारपीट की रंजिश बताया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज, निरीक्षक जिलेदार यादव, निरीक्षक शिवाश्रय राम, का. सुमित कुमार, का आशीष कुमार आदि शामिल रहे।

### मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु आज होगी बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का सम्भाजन किये जाने के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज 7 नवम्बर को मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, मंत्री सहित समस्त उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि को उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# कार्तिक पूर्णिमाः महाभारत कालीन स्थान पर लगे मेले का समापन

**जो पुण्य गंगा नहाने पर मिलते हैं वहीं मिलते हैं कुंड नहाने पर, राजा जन्मेजय इंद्र ऋषि आस्तीक व तक्षक नाग से जुड़ी है यहां की कहानी**



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महाभारत कालीन स्थान पर कार्तिक पूर्णिमा पर लगे मेले का बृहस्पतिवार को हुआ समापन। महाराजगंज तहसील के जनई गांव मे बुजुर्गो द्वारा कहा जाता है व ऐसी मान्यता है कि यहां पर स्थित कुंड महाभारत कालीन है राजा परीक्षित को जब सर्प ने डंस लिया था तो सांपों को खत्म करने के लिए उनके पुत्र राजा जन्मेजय द्वारा इसी स्थान पर सर्प विध्वंसक यज्ञ की गई थी जब सारे सर्प खत्म होने लगे तो सर्प का राजा तक्षक इंद्र के सिंहासन में जाकर लिपट गया जिसे यज्ञ द्वारा आवाहन पर इंद्र का सिंहासन सहित तक्षक नाग इंद्र भी यज्ञ स्थल पर पहुंच गए इसी स्थान के उत्तर की तरफ एक टीला स्थित है जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां पर आस्तीक ऋषि का आश्रम था । आस्तीक ऋषि ने तक्षक नाग इंद्र और राजा जन्मेजय का समझौता करवाया था और फिर ऋषि आस्तीक द्वारा हरचंदपुर के लालूपुर गांव में आश्रम की स्थापना की जो आज भी स्थिति और लाखों लोग वहां पर दर्शन करते हैं ।वही कुंड के बारे में कहा जाता है कि इसमें गंगा जी की लहर आती है और स्नान करने वाले को जो पुण्य गंगा नहाने पर मिलते हैं वहीं पुण्य कुंड में नहाने से मिलते हैं और कुंड पर ही बाबा सीताराम का बहुत ही पुराना स्थान स्थित है जो की स्थान की प्रमाणिकता को साबित करता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन जहां हजारों की संख्या में लोगों ने कुंड में स्नान किया तो वहीं मेले का लुफ्त उठाया और बाबा सीताराम से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर जनई ग्राम प्रधान जग प्रसाद चौरसिया अर्जुन सिंह अशोक सिंह कमलेश सिंह पूर्व प्रधान राम सेवक सिंह पूर्व प्रधान दीप नारायन सिंह सुरेंद्र शर्मा अध्यापक शिव नायक कोटेदार संतोष सिंह शीतलादीन साहू विनोद तिवारी गुरु प्रसाद मौर्य तुलसी बाबा विनोद कुमार राकेश कुमार नाई मनोज नाई सीताराम बाबूलाल सत्य प्रकाश आशीष कुमार सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### डलमऊ महोत्सव में दिखी कला संस्कृति और विरासत की झलक



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ महोत्सव कला और संस्कृति का एक भव्य प्रदर्शन है महोत्सव में डलमऊ की संस्कृति सभ्यता और विरासत की झलक दिखाई देती है जो देश एवं प्रदेश की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करती है डलमऊ महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे पारंपरिक नृत्य लोकगीत और संगीत दर्शकों का मन मोह रहे हैं जिसे देखने के लिए जनपद एवं गैर जनपदों से आए लोगों की भीड़ दिखाई पड़ती हैं शुक्रवार को डलमऊ महोत्सव में अंकित राज ग्रुप द्वारा गंगा अवतरण शिव अवतरण एवं मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा शादाब रायबरेली एवं डॉ श्रेया के द्वारा जिसका मुझे था इंतजार वह घड़ी आ गई आ गई युगल गीत प्रस्तुत किया गया रिदम अकैडमी ग्रुप हमीरपुर की डायरेक्टर डॉ श्रेया के द्वारा संपूर्ण रामायण की लीला प्रस्तुत की गई जिसे देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और कलाकारों का खूब उत्साह वर्धन किया इस दौरान डलमऊ महोत्सव में लगी प्रदर्शनी में महिलाओं एवं पुरुषों ने जमकर खरीदारी की वही नन्हे मुन्ने बच्चों ने वहां पर लगे झूले का आनंद उठाया।

## बैलगाड़ी सवार श्रद्धालुओं में जमकर चले लाठी-डंडे



**सलोन, रायबरेली।** जहां पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए बैलगाड़ियों से लोग बड़े हर्षोल्लास के साथ गंगा स्नान करने गए थे।यह दृश्य मीडिया में खूब दिखाया गया।तो वहीं घर वापसी में कुछ बैलगाड़ी सवार श्रद्धालुओं में पुरानी पृथा की धज्जियां उडाते हुए दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई।जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटे आई।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के बघौला के पास की है।जानकारी के मुताबिक बैलगाड़ी सवार श्रद्धालु गोकना मेला से घर जा रहे थे।रास्ते में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने समझा बुझाकर भेज दिया।लेकिन बदले की भावना से भरे दोनों पक्ष के श्रद्धालु बघौला में आमने-सामने आ गए और फिर बवाल होने लगा।देखते ही देखते दोनों तरफ खूब लाठी डंडा चलने लगे।अचानक हुए विवाद से अफरा तफरी मच गई। घटना में डीह थाना क्षेत्र के गंगुहा निवासी रविंद्र, अरविंद, फूलचंद व पूरे अहिरन के कौशल, ओमप्रकाश, धर्मेश घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी डीह पहुंचाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल अरविंद और धर्मेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूचना पर पहुंची सूची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण कर तीन लोगों को हिरासत मे ले लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मुकदमा लिखवाने की धमकी देना प्रेमिका को पड़ा भारी, प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




बछरावां पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर एक सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को हत्या में प्रयोग किए गए हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के अनुसार दिनांक 5 नवंबर 2025 को थाना बछरावां क्षेत्र अंतर्गत शेखपुर समोधा गाँव के पास धान के खेत में एक महिला का सिर कटा शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक बछरावां द्वारा मय फॉरेंसिक टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मृतका महिला की पहचान सोनी (उम्र करीब 25 से 30 वर्ष) पत्नी गुरु प्रसाद ग्राम इचौली थाना बछरावां जनपद रायबरेली के रूप में की गई थी। मृत्यु का सही कारण ज्ञात करने हेतु शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतका की माता द्वारा मृतका के पति पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर के आधार पर स्थानीय थाने में मुकदमा अपराध संख्या 583/2025 धारा 103(1), 238(A) बीएनएस बनाम गुरु प्रसाद(पति) अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में मृतका व राजू पासी पुत्र कल्लू निवासी सिक्का खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली के मध्य प्रेम प्रसंग होने के तथ्य प्रकाश में आए। साक्ष्य संकलन, बयानों के आधार पर राजू पासी पुत्र कल्लू निवासी सिक्का खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को आलाकत्ल एक अदद बांका के साथ थाना क्षेत्र के झारखंडेश्वर मंदिर रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त राजू पासी उपरोक्त द्वारा बताया गया कि उसके और मृतका के मध्य प्रेम प्रसंग था, तथा मृतका ने उससे शादी करने का वादा किया था। राजू उपरोक्त को आशंका हुई की मृतका द्वारा अब किसी और से बात की जाने लगी है, तथा उसे धोखा दिया जा रहा है। और उसके द्वारा जब मृतका से पुनः शादी करने को कहा गया तो वह मना करने लगी और मुकदमा लिखवाकर राजू को जेल भेजने की धमकी देती थी। इसी बात को लेकर अभियुक्त राजू ने मृतका को आखिरी बार मिलने के लिए बुलाया और बांका से गर्दन पर कई बार वार किया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई तथा शव को धान के खेत में फेंक दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, उपनिरीक्षक हरिमोहन सिंह, आरक्षी शिवचरण, आरक्षी सुरजीत, आरक्षी आशीष यादव, महिला आरक्षी रेनू देवी की महती भूमिका रही।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख का किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, केएमसी, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, आक्सीजन प्लांट, किचेन, काउंसलिंग कक्ष, एनबीएसयू आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। शौचालय सहित अन्य सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रखर श्रीवास्तव के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नोटिस जारी करते हुये आज का वेतन काटा जाये। कार्यो में लापरवाही मिलनें पर ब्लॉक एकाउंट्स मैनेजर (बीएएम) बालक राम, फार्मासिस्ट रवी यादव, स्टॉफ नर्स सीता के विरूद्ध डीएचएस में प्रस्ताव लाते हुये 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। मरीजों को आपूर्ति किये जा रहे भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता व मात्रा मानकों के अनुरूप न मिलनें पर कार्यरत सखी स्वयं सहायता समूह का टेण्डर रद्द किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बीपीएम, बीसीपीएम एवं बैम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट तत्काल ठीक कराते हुये संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक निरन्तर भ्रमणशील रहें और भर्ती मरीजों को दी गयी दवाओं एवं इंजेक्शन का विवरण उनके पर्चे पर अवश्य दर्ज किया जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। फैमिली प्लानिंग हेतु समुचित काउंसलिंग व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### 1200 से अधिक वोटर वाले क्षेत्रों में नए बूथों का हो चयनः डीएम



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर 1200 से अधिक वोटर है, उन क्षेत्रों में नए बूथों का चयन किया जाना है। साथ ही नए बूथों के चयन तथा क्षेत्रों में बूथों का परिवर्तन हुआ है, उसकी भी सूचना कारण सहित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत करायें। उन्होंने सभी से अपील की है कि यदि कोई बूथ संबंधी कोई भी समस्या एवं शिकायत हो तो निर्धारित तक अवगत करा दें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसीलों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तहसील स्तर पर गुणवत्तापरक ढंग से किया जाये। लेखपाल एवं कानूनगो की कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान रखते हुये स्वयं भी निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य हों, वह मैरिट के अनुसार ही किया जाये। सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करते रहें तथा आमजनमानस से वार्ता मधुरता के साथ करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, सभी उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौसी के घर आए युवक की सड़क किनारे मिली लाश



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र पीपरपुर के अंतर्गत बालीपुर डुहिया गांव के पास देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान मनीष गौतम उम्र 24 वर्ष पुत्र तुलसीराम निवासी डंगरी थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मनीष परिवार सहित अपनी मौसी के घर आया हुआ था। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने रात्रि करीब 2 बजे सड़क किनारे एक लाश पड़ी देखी और पास ही एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी हो जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पीपरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। पुलिस जांच में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान का हुआ आयोजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर प्रांगण में आज एक वृहद ग्राहक संवर्द्धन अभियान का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत वित्तीय समावेशन, री-केवाईसी, आपकी पूंजी आपका अधिकार एवं बैंक के डिजिटल अभियान की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के पाँच सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक ब्रिजेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एसएचजी का क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पीएम स्वनिधि मुद्रा एवं पीएमएफएमई का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को समय-समय पर अपनी केवाईसी जानकारी अद्यतन रखने, आपकी पूंजी आपका अधिकार तथा सरकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी एवं डिजिटल जुड़ाव के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल रु 5.10 करोड़ के स्वीकृत ऋण चेक वितरित किए गए एवं प्रधानमंत्री जनसुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थिओं को रु. 12 लाख के बीमा क्लेम के चेक दिए गये। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख श्री आरपी दुबे, उप अंचल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह एवं अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार एवं बैंक के समस्त अधिकारीगण, स्थानीय प्रतिनिधि, लाभार्थिओं और आमजन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रबंधक द्वारा किया गया और अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### जगन बाबू की मूर्ति पुनः स्थापित करने की उठी मांग



**बिसवां (सीतापुर)।** नगर के बड़े चौराहे पर स्थापित पूर्व राज्य सभा सदस्य जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल उर्फ जगन बाबू की मूर्ति को प्रशासन द्वारा हटाए जाने और अब तक उसकी स्थिति स्पष्ट न किए जाने पर स्थानीय संगठनों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी, ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट तथा जागरूक मंच बिसवां द्वारा दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि हटाई गई मूर्ति को पूर्व स्थान पर पुनः स्थापित किया जाए तथा जिस स्थल पर मूर्ति थी, उसे जगन बाबू चौक घोषित किया जाए। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगें पूरी नहीं की गई तो शहीद पार्क में उपवास सत्याग्रह शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा,सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान,अमर मेहरोत्रा रजनीश मिश्रा ओमकार मिश्रा, अब्दुल अतीक खां, सुनीला रावत, रोशनी गुप्ता, कांशीराम भार्गव, अशोक कुमार शुक्ला, सुशील शुक्ला, बकरीदी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पराली जलाने से रोकने हेतु किसानों को करें जागरूकः डीएम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने किसानों द्वारा पराली जलाए जाने के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को पराली जलाने से रोकें एवं उन्हें पराली न जलाने हेतु जागरूक करें और पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में उन्हें बताए। लेखपालों व ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जाए। धान क्रय केंद्रों पर बैनर तथा ब्लॉक स्तर पर गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को जागरूक करें। बैठक में उपकृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत विभिन्न प्रकार के यंत्रों को चिन्हित किया गया है जिस पर व्यक्तिगत कृषकों को 50% अनुदान तथा एफपीओ व पंजीकृत कृषक समितियों को फॉर्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु यंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंबाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य है यह यंत्र कंबाइन हार्वेस्टर में अटैच किया जाता है जो कंबाइन द्वारा काटी गई फसल के अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में करके खेत में बिखेर देता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाया जाना एक दंडनीय अपराध है। फसल अवशेष जलाए जाने की सूचना पर दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रुपए 2500, दो से पांच एकड़ क्षेत्र के लिए 5000 और पांच एकड से अधिक क्षेत्र के लिए रुपए 15,000 तक पर्यावरण कंपनसेशन की वसूली की जाएगी। बैठक के दौरान सीडीओ सचिन कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, डीईओ डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जायस में एक साथ उठी पति-पत्नी की अर्थी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जायस के अंतर्गत कस्बा जायस से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहाँ पत्नी की मौत के कुछ ही घंटों बाद पति ने भी दम तोड़ दिया। अब पति-पत्नी की अर्थी एक साथ निकलेगी। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे मोहल्ले को शोक में डुबो दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, जायस के मोहल्ला निखई निवासी ज्योति उम्र 20 वर्ष को मंगलवार दोपहर प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उन्हें संयुक्त जिला अस्पताल असैदापुर, गौरीगंज लेकर पहुंचे। वहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने देर रात उन्हें एम्स रायबरेली रेफर कर दिया, जहाँ पहुँचते ही डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनते ही पति आकाश उम्र 22 वर्ष बुरी तरह टूट गया। परिवार वालों के मुताबिक, आकाश ने खाना-पीना छोड़ दिया, बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे उनकी भी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि आकाश की मृत्यु हृदयगति रुकने से हुई है। आकाश कस्बे की एक दुकान पर काम करता था। उनका विवाह पिछले वर्ष ही हुआ था। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां तारावती और पिता सत्य प्रकाश का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था।

## बिना छात्र स्कूल

निःसंदेह, शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है, वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतः केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग का निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो। एक परेशान करने वाला आंकड़ा यह भी है कि देश के एक लाख स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहा है, जिसमें करीब तैंतीस लाख छात्र अध्ययनरत हैं। जाहिर है वे छात्र क्या पढ़ रहे होंगे और उनका भविष्य क्या होने जा रहा है। यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि छात्रों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग क्यों हो रहा है? यह समाज विज्ञानियों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए कि कम फीस व पर्याप्त शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था के बावजूद छात्र इन स्कूलों में क्यों पढ़ना नहीं चाहते? यह विडंबना ही है कि जिन संस्थानों में नौकरी सुरक्षित और सुविधाएं पर्याप्त होती हैं, वहां कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करते नजर नहीं आते। जबकि निजी स्कूलों में कम वेतन और कम सुविधाओं के बावजूद कर्मचारी जमकर मेहनत करते हैं। वहां शिक्षकों का खूब दोहन होता है लेकिन कक्षाएं छात्र-छात्राओं से भरी होती हैं। विडंबना यह भी कि अभिभावक ज्यादा फीस देकर भी संतुष्ट नजर आते हैं। अक्सर कहा जाता है कि जिस दिन सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों व नेताओं के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगेंगे, उस दिन सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा सुधर जाएगी। फिलहाल देश में लाखों स्कूलों की स्थिति असंतोषजनक है और इस दिशा में गंभीर प्रयास की मांग की जाती है।

# अमेरिकी संवैधानिकता, वैश्विक व्यापार व राजनीतिक शक्ति का निर्णायक मोड़



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर 5 नवंबर 2025 को दिन अमेरिकी लोकतंत्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण तारीख बन गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक ऐसा मामला सुना गया जिसने न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की आर्थिक नीतियों की संवैधानिकता पर प्रश्न उठाया, बल्कि विश्व व्यापार की संरचना, आपातकालीन शक्तियों की सीमाओं व कार्यपालिका बनाम विधायिका के संतुलन को भी गहराई से परखा। इस केस की सुनवाई 80 मिनट तक चली, जबकि सामान्य मामलों में 60 मिनट ही मिलते हैं। बता दें इस केस की सुनवाई में भारतीय मूल के जाने-माने वकील नील कत्याल मुख्य वकील के तौर पर याचिका कर्ताओं की ओर से व ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध दलीलें दीं। इस सुनवाई का केंद्र था इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक्स पावर्स एक्ट (आईईईपीए), 1977 का वह कानून जिसने राष्ट्रपति को आर्थिक आपातकाल की स्थिति में विशेष शक्तियां प्रदान की थीं। परन्तु प्रश्न यह था कि क्या इन शक्तियों का प्रयोग ट्रंप ने अपने राजनीतिक - व्यापारिक हितों के लिए अत्यधिक सीमा तक कर लिया है? मैं यह मानता हूं कि यह सुनवाई इतिहास की उस रेखा पर खड़ी है जहाँ से तय होगा आर्थिक शक्ति का उपयोग राष्ट्रहित के लिए होगा या राजनीतिक प्रभुत्व के लिए है, लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हो कानून से ऊपर नहीं है। दुनियां भर के देशों की निगाहें अब सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय पर हैं, जो आने वाले महीनों में आएगा। यह फैसला तय करेगा कि क्या इकोनॉमिक पावर एक्ट के नाम पर राष्ट्रपति को असीमित शक्ति मिल सकती है, या संविधान की मर्यादा अब भी सर्वोच्च है। इस जानकारी का कलेक्शन मीडिया के माध्यम से किया गया है।

साथियों बात अगर हम इकोनॉमिक इमरजेंसी एक्ट और राष्ट्रपति की शक्ति को समझने की करें तो आईईईपीए की रचना अमेरिकी कांग्रेस ने 1977 में इस उद्देश्य से की थी कि राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित आर्थिक आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कदम उठाने की शक्ति मिल सके। इसका मूल लक्ष्य था शत्रु देशों या आतंकवादी संगठनों से निपटना, व्यापारिक प्रतिबंध लगाना, और विदेशी संपत्तियों को नियंत्रित करना। परंतु 2018 से 2024 के बीच, ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का उपयोग चीन, मेक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ और यहाँ तक कि भारत के विरुद्ध भी टैरिफ (इम्पोर्ट ड्यूटीज) लगाने के लिए किया, यह कहते हुए कि विदेशी व्यापार अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है। इसने न केवल कांग्रेस के सदस्यों बल्कि न्यायविदों को भी चिंतित कर दिया कि कहीं राष्ट्रपति इस कानून का उपयोग व्यापारिक हथियार के रूप में तो नहीं कर रहे। इस मामले में ट्रंप का तर्क सरल किंतु विवादास्पद है। उनका कहना है कि अमेरिका की आर्थिक शक्ति ही उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा है। यदि कोई देश अमेरिकी उद्योग या रोज़गार को नुकसान पहुँचाता है, तो यह युद्ध का एक रूप है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, चीन या अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाना राष्ट्र की रक्षा का एक हिस्सा है। उन्होंने इसे इकोनॉमिक् नेशनलीस्म कहा और आईईईपीए की धारा 1702 का हवाला दिया, जो राष्ट्रपति को विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देती है। ट्रंप के समर्थक इसे अमेरिका फर्स्ट नीति की स्वाभाविक परिणति मानते हैं, जबकि आलोचक इसे संवैधानिक अतिरेक और कार्यपालिका के दुरुपयोग की परिभाषा बताते हैं। अमेरिकी कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग मानता है कि ट्रंप ने आईईईपीए के उद्देश्य को मोड़कर अपनी व्यापारिक नीतियों को लागू करने का औजार बना लिया है। कांग्रेस के कई सदस्यों ने कहा कि इस कानून की आड़ मेंराष्ट्रपति ने न केवल संवैधानिक चेकस एंड बैलेंसस को तोड़ा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक समझौतों को भी नष्ट किया। पिछले वर्ष लर्निंग रिसोर्सस बनाम ट्रम्प नामक मामले में कई उद्योग समूहों ने दावा किया कि ट्रंप के टैरिफ अवैध हैं, क्योंकि उन्होंने कोई वास्तविक आपातकाल घोषित नहीं किया था। इसी मामले की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंची है, जिसने आज इस पर मौखिक दलीलें सुनीं।

साथियों बात अगर हम आज की सुनवाई, कोर्ट रूम में लोकतंत्र की परीक्षा को समझने की करें तो 5 नवंबर 2025 को सुबह वाशिंगटन डी.सी. के सर्वोच्च न्यायालय में माहौल असाधारण था। बता दें इस केस में याचिकाकर्ता की ओर से यानी डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध भारतीय मूल के बहुत बड़े वकील पैरवी कर रहे हैं, कोर्ट रूम में मीडिया, व्यापारिक प्रतिनिधि, संवैधानिक विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक मौजूद थे। ट्रंप स्वयं उपस्थित नहीं हुए; उन्होंने कहा कि मेरी मौजूदगी से मुद्दे का राजनीतिकरण हो सकता है। उनकी जगह उनके ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने तर्क प्रस्तुत किया कि विश्व व्यापार की स्थिति ऐसी है कि आर्थिक कदम उठाना अमेरिकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं की ओर से वकीलों ने कहा आईईईपीए को इस तरह व्याख्यायित करना कि राष्ट्रपति किसी भी देश पर व्यापारिक युद्ध छेड़ सके, संविधान के विरुद्ध है। यदि यह मान लिया गया तो कोई भी राष्ट्रपति आर्थिक तानाशाही की स्थिति में आ सकता है। जस्टिसों के सवाल,संविधान बनाम शक्ति- सुनवाई के दौरान कई जस्टिसों ने कठोर प्रश्न पूछे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्सगंज ने कहा, यदि हर व्यापारिक असंतुलन एक राष्ट्रीय आपातकाल है,तो फिर कांग्रेस की भूमिका क्या रह जाएगी? जस्टिस सोनिआ सोटोमेयर ने पूछा, क्या यह 'एग्जीक्यूटिव ओवररेच' नहीं है कि राष्ट्रपति कांग्रेस की मंजूरी के बिना कर नीति तय करें? वहीं, कुछ जस्टिस जैसे नील गोरसूच ने यह तर्क दिया कि राष्ट्रपति को अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति के अनुसार लचीलापन मिलना चाहिए। इससे यह स्पष्ट था कि कोर्ट इस मामले को केवल कानून की दृष्टि से नहीं, बल्कि संवैधानिक शक्ति-विभाजन के दृष्टिकोण से भी देख रही है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएँ, विश्व व्यापार में चिंता को समझने की करें तो, इस सुनवाई ने केवल अमेरिकी राजनीति में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। यूरोपीय संघ ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ट्रंप की शक्तियों को वैध मानता है, तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। चीन ने इसे संरक्षणवाद की न्यायिक स्वीकृति कहा। भारत, जो अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है, उसने संयमित प्रतिक्रिया दी है लेकिन आंतरिक विश्लेषणों में चिंता जताई है कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति किसी भी समय आईईईपीए के नाम पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं, तो कोई भी दीर्घकालिक समझौता स्थायी नहीं रह सकता। ब्रिटेन, जो इस समय अमेरिका के साथ एक पोस्ट-ब्रेक्सिट एफटीए पर बातचीत में है, इस फैसले को अपनी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण मान रहा है। आर्थिक प्रभाव, डॉलर, मार्केट और ग्लोबल सप्लाई चेन पर असर-सुनवाई के दिन ही वॉल स्ट्रीट और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हल्की अस्थिरता देखी गई। डॉलर इंडेक्स में गिरावट और एशियाई बाज़ारों में संदेह देखा गया कि कहीं सुप्रीम कोर्ट अगर ट्रंप को असीमित शक्तियाँ दे देता है तो व्यापारिक टकरावों का नया दौर न शुरू हो जाए। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बयान जारी किया कि आईईईपीए के तहत टैरिफ नीतियों को न्यायालय द्वारा वैध ठहराया गया तो निवेशक- विश्वास डगमगा सकता है। वैश्विक स्तर पर यह चिंता जताई जा रही है कि यदि हर देश अपने राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को इस प्रकार की आर्थिक आपातकालीन शक्तियाँ देने लगे तो डब्लूयुटी ओ जैसी संस्थाएँ निष्प्रभावी हो जाएँगी।

साथियों बात अगर हम संविधान बनाम कार्यपालिका, अमेरिकी लोकतंत्र की असली परीक्षा को समझने की करें तो, यह मामला केवल एक आर्थिक विवाद नहीं, बल्कि अमेरिकी संविधान की आत्मा की परीक्षा है। संविधान की रचना इस सोच के साथ हुई थी कि कोई भी शक्ति निरंकुश न हो न कार्यपालिका, न विधायिका और न ही न्यायपालिका। ट्रंप की व्याख्या यह संकेत देती है कि राष्ट्रपति आर्थिक नीति को राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय बताकर बिना कांग्रेस की मंजूरी के फैसले कर सकते हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट इसे वैध ठहरा दे, तो यह भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति (डेमोक्रेट या रिपब्लिकन) के लिए ऐसा मार्ग खोल देगा जिसमें वे संसद की अनुमति के बिना वैश्विक व्यापारिक निर्णय ले सकेंगे। यही कारण है कि अमेरिकी मीडिया इस मामले को पावर बनाम कंस्टीटूशन कह रही है।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक दृष्टिकोण, ट्रंप के लिए चुनावी संदेश को समझने की करें तो, राजनीतिक रूप से यह मामला ट्रंप के लिए दोधारी तलवार है। उनके समर्थक इसे मजबूत नेतृत्व और अमेरिका फ़र्स्ट नीति की जीत मान रहे हैं। वहीं विरोधी इसे आर्थिक अधिनायकवाद की शुरुआत बता रहे हैं। 2026 के मध्यावधि चुनावों को देखते हुए ट्रंप इस मुद्दे को जनता के बीच अमेरिका की स्वतंत्र आर्थिक नीति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करेंगे। लेकिन अगर कोर्ट का फैसला उनके खिलाफ गया, तो विपक्ष इसे इस दावे के साथ पेश करेगा कि ट्रंप ने संविधान को ताक पर रख दिया था।

साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत और वैश्विक दक्षिण का दृष्टिकोण को समझने की करें तो, भारत के लिए यह मामला केवल एक अमेरिकी कानूनी प्रकरण नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक नीति का संकेत है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति को आईईईपीए के तहत टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति मिल जाती है, तो भारत जैसे उभरते बाज़ारों को अपने निर्यात पर अस्थिरता का सामना करना पड़ेगा। उदाहरण के लिए, फार्मा, टेक्सटाइल और आईटी सर्विस सेक्टर पर अमेरिकी कर नीति का गहरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, चीन-विरोधी आर्थिक नीति के बहाने ट्रंप फ्रेंड-शोरिंग की नीति अपनाते हैं, जिसमें भारत लाभ उठा सकता है। लेकिन कानूनी अनिश्चितता का वातावरण निवेशकों के लिए चिंता का विषय रहेगा। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे देशों के लिए यह मामला वैश्विक उत्तर बनाम वैश्विक दक्षिण के शक्ति-संतुलन का प्रतीक है। यदि अमेरिका को यह स्वतंत्रता मिलती है कि वह किसी भी देश के खिलाफ आर्थिक आपात घोषित कर दे, तो यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समानता के सिद्धांत को कमजोर करेगा।

साथियों बात कर हम कानूनी विश्लेषण व सुप्रीम कोर्ट की संभावित दिशा को समझने की करें तो, कानूनी विशेषज्ञों का अनुमान है कि कोर्ट तीन संभावित दिशाओं में जा सकता है, (1) पूर्ण समर्थन : कोर्ट कहे कि आईईईपीए राष्ट्रपति को व्यापक शक्ति देता है, और यह वैध है। (2) सीमित समर्थन : कोर्ट यह मान सकता है कि राष्ट्रपति को केवल वास्तविक आपातकालीन स्थिति में यह शक्ति है, सामान्य व्यापारिक विवादों में नहीं। (3) अमान्यता : कोर्ट आईईईपीए की व्याख्या को सीमित करते हुए कह सकता है कि ट्रंप का प्रयोग असंवैधानिक था। विशेषज्ञों का अनुमान है कि कोर्ट सीमित समर्थन वाला मार्ग अपनाएगा, ताकि न तो राष्ट्रपति की शक्ति पूरी तरह कम हो, न लोकतांत्रिक संतुलन टूटे। यह सुनवाई इस बात का प्रतीक है कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में आर्थिक निर्णय अब केवल आर्थिक नहीं रहे; वे राजनीतिक, रणनीतिक और संवैधानिक अर्थों में भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका में यह बहस इकोनॉमिक कंस्यूटिटूशनलीस्म के नाम से चल रही है यानी क्या आर्थिक निर्णयों पर भी वही संवैधानिक सीमाएँ लागू होनी चाहिए जो राजनीतिक निर्णयों पर लागू होती हैं? यदि हाँ, तो यह वैश्विक लोकतंत्रों के लिए एक नया युग हो सकता है, जिसमें आर्थिक शक्ति पर भी नागरिक निगरानी सुनिश्चित होगी।

विचार

# नीतीश की महिलाओं को दस हजार देने की योजना बन सकती है गेम चेंजर



संजय सक्सेना

बिहार चुनाव से पहले नीतिश सरकार ने जीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस-दस हजार रुपये देने की पहल की है, जिससे 1.21 करोड़ महिलाओं को लाभ मिला है। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी और इसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने इसे विस्तार दिया। इस सीधी आर्थिक मदद को एनडीए गठबंधन अपने चुनावी ब्रह्मास्त्र की तरह उपयोग कर रहा है ताकि महिला वोटरों में अपनी पकड़ मजबूत की जा सके। महिला वोट बैंक का आंकड़ा इतना बड़ा है कि यदि लाभार्थी परिवार पूरी तरह एनडीए के पक्ष में मतदान करें तो पुराने सभी रिकॉर्ड टूट सकते हैं। लेकिन इस योजनागत हस्तक्षेप के बीच कई राजनीतिक और सामाजिक विवाद उत्पन्न हुए हैं। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और राजद, इसे चुनावी घूस और वन टाइम पेमेंट वाली रेवड़ी राजनीति करार दे रहा है। उनका तर्क है कि चुनाव के समय महिला मतदाताओं को पैसा देकर वोट खरीदने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि महिलाओं ने पहले ही अपना मत मन बना लिया है और उन्हें तथाकथित लालच से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। विपक्ष लगातार यह भी सवाल उठा रहा है कि अगर सरकार महिलाओं के लिए वाकई कुछ करना चाहती है तो उनके बच्चों के लिए रोजगार और संभावनाओं में सुधार क्यों नहीं करती। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि प्रथम चरण में जिस तरह से महिलाएं बढ़ चढ़कर वोटिंग कर रही हैं, उसका एनडीए को बड़ा फायदा मिल सकता है।

इस योजना का चुनावी प्रभाव तीन स्तरों पर देखा जा सकता है। पहला स्तर सीधे लाभार्थियों का है। यदि जीविका समूह की महिलाएं अपने परिवार के निर्णय पर असर डालती हैं तो प्रत्यक्ष रूप से एनडीए को एक बड़ी संख्या में वोट ट्रांसफर हो सकते हैं। दूसरा स्तर है महिला सशक्तिकरण की छवि। प्रधानमंत्री मोदी की उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना और फ्री राशन जैसी केंद्र सरकार की नीतियां पहले से ही महिला मतदाताओं में स्वीकार्यता और आकर्षण बनाए हुए हैं। बिहार के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं ने इन्हीं योजनाओं से जीवन स्तर में सुधार देखा है। यही वजह है कि महिला मतदाता प्रधानमंत्री और एनडीए की छवि से प्रभावित हैं और वोटिंग के दौरान अक्सर इन्हीं मुद्दों को प्राथमिकता देती हैं। तीसरा स्तर है विपक्ष के चुनावी वादों का प्रभाव। महागठबंधन ने भी चुनाव जीतने पर महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने की घोषणा की है, लेकिन उसका असर तत्काल नहीं है जबकि जीविका योजना का लाभ तुरंत मिला है। हालांकि विरोधी दल इसे स्थायी समाधान न मानते हुए सामाजिक बदलाव और विकास पर जोर देते हैं। वास्तविकता यह है कि बिहार में महिला वोटरों की भागीदारी पिछले कई चुनावों में लगातार बढ़ी है और उन्होंने चुनावी सरकारों के गठन में बड़ा रोल निभाया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी महिला मतदान का प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा था। विशेष तौर से जीविका दीदियों की संख्या इतनी अधिक है कि उनका रुझान चुनाव की दिशा बदल सकता है। बिहार के परंपरागत मुस्लिम और यादव परिवारों की महिलाएं भी इस योजना से लाभान्वित हुई हैं, जबकि इन्हें महागठबंधन का समर्थक माना जाता रहा है। यह दर्शाता है कि इस बार वोटरों का रुझान केवल जाति या समुदाय आधारित नहीं, बल्कि व्यावहारिक लाभ, नेतृत्व की छवि और योजना की प्रभावशीलता पर आधारित है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में यह योजना चुनावी



खेल का गेम चेंजर हो सकती है। महिला सशक्तिकरण वाली छवि और तत्काल राहत ने एनडीए के पक्ष में वातावरण बनाने का काम किया है। नीतीश कुमार के बयान चुनाव आ रहे हैं, ध्यान दीजिएगा से साफ है कि महिलाओं से सीधा संवाद करके वोटिंग के लिए प्रेरित किया गया है। एनडीए ने युवा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर उतारकर इस योजना का प्रचार किया है ताकि लाभार्थी महिलाएं मतदान में हिस्सा लें। महागठबंधन की रणनीति हालांकि आर्थिक सहायता की घोषणाओं और विकास के वादों तक सीमित रह गई है। पर यह कहना जल्दबाजी होगा कि सभी महिलाओं का वोट एनडीए के पक्ष में चला गया है, क्योंकि समाज में विविध स्थितियां, स्थानीय मुद्दे और वर्गीय असंतोष भी हैं। जीविका दीदी योजना की कुछ सीमाएं भी हैं यह सहायता सिर्फ निर्धन वर्ग तक सीमित है और प्रत्येक परिवार की केवल एक महिला को मिलती है। मध्यम वर्ग और शहरी वर्ग में इसका उतना प्रभाव नहीं है। महिलाएं फ्री राशन, पीएम आवास, उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं से प्रभावित हैं और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। गाँव-देहात की महिलाओं को रसोई गैस, घर, सस्ते अनाज और मौलिक सुविधाएं मिलने से उनकी सोच सत्ता पक्ष की तरफ झुकती दिखाई देती है। प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा महिला मतदाता वर्ग में लोकप्रिय है; महिलाएं उनके भाषणों और संवाद के जरिए खुद को सत्ता में भागीदार समझती हैं। एनडीए के इस गठबंधन का फायदा सिर्फ बिहार ही नहीं, पूरे देश में देखने को मिल सकता है। फिर भी, पैसा मिलना और योजनाओं का लाभ मतदान में वोट बदलने की गारंटी नहीं देता। सामाजिक वैज्ञानिकों का मानना है कि महिलाओं के पास आर्थिक मदद आने से उनके जीवन में फर्क तो पड़ा है, लेकिन नीतियों की स्थायित्व, परिवार की स्थिति, रोजगार और अन्य सुविधाओं पर उनका नजरिया अगले चुनावी फैसले को तय करेगा। बहुत सारी महिलाएं पैसा ले रही हैं, मगर वोट की स्वतंत्रता बनाए रखने के पक्ष में भी हैं, जैसा कि नवीन विपक्षी अभियान में सामने आ रहा है। लब्बोलुआब यह है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, फ्री राशन और अन्य केंद्र सरकार की योजनाएं इस चुनाव में फैक्टर बन गई हैं। महिलाएं इनसे प्रभावित होकर खुद के एवं परिवार के हित में मतदान कर रही हैं, मगर चुनावी जीत सिर्फ योजनाओं के असर से तय नहीं होगी। सामाजिक चेतना, विरोधी दलों का वादाखिलाफी का मुद्दा, और स्थानीय विकास की जरूरतें भी बराबर प्रभाव रखती हैं। इसलिए अंतिम नतीजे में महिलाएं एनडीए के पक्ष में पूरी तरह झुक गई हैं कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन उन्होंने एनडीए, मोदी सरकार और उनकी योजनाओं को एक मजबूत मौका जरूर दिया है।

साहित्य

## न जाने क्या-क्या सोचते रहते हैं हम



सोनल सिंह
कोलिहापुरी, दुर्ग (छ.ग.)

*न जाने क्या-क्या सोचते रहते हैं हम,*
*जाने कितनों ने ढाये हम पर सितम।*

*यूहीं हम तो मिलते ही रहते थे सनम,*
*जब भी चल पड़ते साथ-साथ कदम।*

*खामोशियां भी रहती थी यहां हरदम,*
*बोलती थी आंखें हम हो जाते थे नम।*

*यह मूक प्यार कभी न देता था दु:ख,*
*छूकर हाथ तुम्हारा मिलता रहा सुख।*

*अब लगता है डर यह क्षण न ले छीन,*
*हर पल दुआ न कटे जीवन तुझ बिन।*





## राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**धनुः-**महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# दूसरे चरण के लिये सीमांचल से चंपारण तक नेताओं ने झोंकी ताकत



अजय कुमार

बिहार विधान सभा के लिये प्रथम चरण के मतदान के बीच नेताओं ने 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान के लिए भी बिसात बिछा दी है। दूसरे चरण के मतदान के लिये आज सभी राजनैतिक दल चुनावी मैदान में प्रचार के लिये दिग्गज नेताओं के साथ जनता के बीच उतर रहे हैं। चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है, हर ओर जनसभाएं, रैलियां और नेताओं के काफिलों की हलचल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अररिया जिले के फारबिसगंज और भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में विशाल जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इन सभाओं में मोदी मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने, एनडीए सरकार के विकास कार्यों और राष्ट्रहित के मुद्दों को सामने रखते हुए मतदान की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा वे सीमांचल और पूर्वी बिहार के मतदाताओं को जोड़ने के लिए इस रणनीतिक दौरे को महत्व दे रहे हैं। मोदी अगले दो दिनों में भभुआ, औरंगाबाद, सीतामढ़ी और पश्चिमी चंपारण में भी सभाएं करने वाले हैं, जिससे सत्ता पक्ष की चुनावी रणनीति स्पष्ट दिख रही है।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी आज औरंगाबाद तथा वजीरगंज में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। वे बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे हैं, विपक्ष की सरकार बनने पर बदलाव की संभावना को हवा दे रहे हैं। बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव भी आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और सीतामढ़ी समेत कई स्थानों पर जनसभाएं कर रहे हैं। उनकी हर रैली में रोजगार, शिक्षा, और सामाजिक-आर्थिक न्याय के वादे गूंज रहे हैं। महागठबंधन की ओर से जनसभा का फोकस युवाओं, किसानों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं पर है। बसपा प्रमुख मायावती भी आज यूपी से सटी सीमांत सीटों पर रैलियां कर रही हैं। उनका पूरा जोर दलित वोटरों को साधने, पूर्व सरकारों की विफलताओं और बसपा की बिना प्रचार खर्च, सत्ता पर भरोसे की रणनीति के इर्द-गिर्द घूम रहा है। एनडीए के ओर से गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में हुंकार भर रहे हैं, वहीं जेडीयू नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लगातार सभाएं कर रहे हैं, मुख्य रूप से अपने सुशासन मॉडल और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बखान कर रहे हैं। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी चंपारण और मधुबनी में सभाएं कर एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं, जबकि विपक्ष उनके शासनकाल में हुई अराजकता, बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों पर कटघरे में खड़ा कर रहा है।

ऐसा पहली बार हो रहा है जब चुनाव के दूसरे चरण में इतने बड़े-बड़े नेता एक ही दिन, अलग-अलग जिलों में जनता के बीच जाकर संवाद कर रहे हैं। हर रैली, हर जनसभा मतदाताओं को रिझाने की होड़ को दिखाती है। गांव, कस्बों से लेकर शहरों तक, चौपालों और मैदानों में लोग सुबह से नेताओं की रैलियों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। महिलाएं, युवा, किसान, अल्पसंख्यक हर वर्ग की हिस्सेदारी इन सभाओं में देखी जा सकती है तथा उनके सवालों और वोटों का महत्व सभी दल अच्छे से समझ रहे हैं। दूसरे चरण की वोटिंग में जिन प्रमुख नेताओं के भाग्य का फैसला होना है, उनमें अनेक बड़े चेहरे शामिल हैं। एनडीए से कई मंत्री, पूर्व मंत्री और ताकतवर विधायक, महागठबंधन से वरिष्ठ विधायक, नवोदित युवा उम्मीदवार और पूर्व आईएएस, आईपीएस अधिकारी तक इस बार मैदान में हैं। खासकर सीमांचल, मिथिलांचल, कोशी, चंपारण, मगध अंचल की सीटों पर भाजपा-जदयू, आरजेडी, कांग्रेस, बसपा, वाम दल, एआईएमआईएम जैसी पार्टियों के बड़े चेहरों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। बिहार में दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे जिनमें 1300 से ज्यादा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से कई विधायक, पूर्व विधायक, मंत्री, सांसद की सीटें भी हैं। यह भी दिलचस्प है कि दूसरे चरण के चुनावी रण में 43 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति बताये जा रहे हैं, जबकि लगभग 32 फीसदी पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। लगभग 133 महिलाएं भी मैदान में हैं, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय और कई स्थानों पर सीधा होता दिख रहा है। भाजपा-जदयू और राजद-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर वाली सीटों पर परिणाम न सिर्फ उम्मीदवार, बल्कि शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा से भी जुड़ जाते हैं। इसलिए सभी दलों ने प्रचार के आखिरी दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी और प्रदेश स्तर के नेता भी केंद्रीय नेताओं की रैलियों के साथ जनसंपर्क में व्यस्त हैं, ताकि मतदाताओं के मन में अंतिम वक्त में पार्टी के हक में माहौल बनाया जा सके। लोगों को डराने-धमकाने या बरगलाने के आरोप भी एक-दूसरे पर लग रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी कई विवादास्पद बयानों, रोड शो और भीड़ नियंत्रण को लेकर नेताओं पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप, जनसभा के वीडियो और वादों की गूंज हर तरफ है। ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने और शांति बनाए रखने की अपील नेताओं और प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही है। वोटर लिस्ट से लेकर मतदान केंद्रों में बेहतर व्यवस्था का दावा किया जा रहा है।

मतदाताओं की नजर खासकर उन सीटों पर है जहां से कोई बड़ा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री या विपक्ष के नेता चुनाव लड़ रहे हैं। इसी कारण से सभी प्रमुख दल अपने प्रमुख चेहरों को आज ज्यादा से ज्यादा सीटों पर ले जा रहे हैं। रोड शो, नुक्कड़ सभा, मीडिया को बयान, सभाओं में क्षेत्रीय मुद्दों पर फोकस, हर तरफ राजनीति की गहरी हलचल साफ दिख रही है। कुल मिलाकर आज का चुनावी समर नेताओं की रैली, जनता की प्रतिक्रियाओं और सबसे अहम-मतदान के प्रति जागरूकता पर निर्भर है। जनता के हाथ में सत्ता की चाबी है और कौन नेता आज अपने भाषण, वादों, मुद्दों, और जनसंपर्क से यह भरोसा जगा पाता है, इसका फैसला मतदान के अगले चरणों में साफ हो जाएगा। यह चुनाव न सिर्फ प्रत्याशियों की जीत-हार बल्कि बिहार की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पति की बेवफाई से आहत महिला ने बेतवा पुल से लगाई छलांग, भर्ती



**हमीरपुर।** पति की बेवफाई से आहत महिला ने बेतवा पुल से नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों की मदद से महिला को सकुशल नदी से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती करा दिया है। कुरारा कस्बा निवासी 33 वर्षीय संगीता के पति जगदीश द्वारा दूसरी शादी करने से परेशान होकर गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के बेतवा पुल से नदी में छलांग दी। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने मछुआरों की मदद से संगीता को सकुशल नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ उसके मामूली चोटें आने पर उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

### मजदूर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में बीती रात मजदूर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के बिलौटा गांव निवासी मजदूर ओम बाबू (45) पुत्र काशीराम ने अज्ञात कारण के चलते बुधवार की शाम को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इसके तीन पुत्रियों व दो पुत्र है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

### दिल्ली से आने वाली निजी बसों से टैक्स चोरी करके लाया जा रहा सामान



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** दिल्ली से चलकर बांदा, महोबा, मौदहा तक जाने वाली प्राइवेट सेक्टर की यात्री बसों में टैक्स चोरी करके बेस कीमती सामान लाकर बाजारों में खपाया जा रहा है। इससे सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये राजस्व का चूना लग रहा है। दिल्ली से बांदा, महोबा, मौदहा के मध्य आधा सैकड़ा प्राइवेट सेक्टर की यात्री बसें संचालित हो रही हैं। यह बसें यात्रियों के साथ लगेज की आड़ में दिल्ली से खरीद कर लाया जा रहा बेस कीमती सामान टैक्स की चोरी करके बाजारों में खपाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को दिल्ली से बांदा जा रही निजी बस से कस्बे की रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास लाखों रुपये कीमत का सामान उतार कर लोडर में रखा जा रहा था। सामान लेकर आए युवक ने खरीद के बिल भी नहीं दिखा सका और कमरे में कैद होते ही मौके से गायब हो गया।वाणिज्य कर अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ज्यादातर सामान बिल के माध्यम से आता है। चेकिंग निरंतर होती है। फिर भी वह सचल दल टीम को जांच के लिए और अधिक सक्रिय कराएंगे।

### हाईवे किनारे खड़ी महिला को ट्रैक्टर ने कुचला, हालत गंभीर



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** नवीन गल्ला मंडी के समीप बहन के साथ वाहन के इंतजार में खड़ी महिला को बिल्डिंग मैटेरियल का सामान लादकर जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार के कुचल दिया। इस घटना महिला का दाहिना पैर बुरी तरह से कुचल गया महिला को 112 की टीम ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा है। हालत गंभीर होने पर महिला को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। मथुरा जनपद के कोसीकला निवासी मोना 30 वर्ष अपनी बहन पायल के साथ हाईवे किनारे नवीन गल्ला मंडी के समीप वाहन के इंतजार में खड़ी थी। दोपहर करीब 2:00 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को टक्कर मारकर कुचल दिया। इस घटना में मोना का दाहिना पैर बुरी तरह से चकनाचूर हो गया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची 112 की टीम ने घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। हालत गंभीर होने पर मोना को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताते हैं की घायल महिला मेले में दुकान लगा कर परिवार का भरण पोषण करती है।

### एसपी व एएसपी की मौजूदगी में डीएम ने की अभियोजन की समीक्षा



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को 107/16 में अपराधियों को पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालय के वादों को टेक अप कराने हेतु निर्देशित किया। महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज,उपजिलाधिकारी महोबा शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार,ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सुषमा चौधरी द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव,उपनिरीक्षक राकेश कुमार शर्मा मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त दीपू सिंह ठाकुर पुत्र फूल सिंह ठाकुर उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम पुपवारा थाना खरेला को ग्राम पहरेथा से पुपवारा जाने वाले मोड़ से पहले ग्राम पहरेथा के पास से गिरफ्तार किया गया । इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एवं दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये । अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खरेला पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### जीणोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण कर डीएम ने दिए तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश



**महोबा।** मुख्यालय के नवीन प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित राजकीय पुरातत्व संग्रहालय के जीणोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्युत पोल के कारण रुके हुए कार्य को प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिए गए, म्युज़ियम के उच्चीकरण के कार्य में बिल्डिंग रेनोवेशन, रेस्टोरेंट, सोवनियर शाप, इन्ट्रेंस गेट इत्यादि कार्य किये जाने हैं। पर्यटन विभाग के इंटरपिटेशन सेंटर के कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराये जाने एवं कार्य को समयसीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये गये।

### नवचयनित आरक्षियों (आरटीसी) की मासिक परीक्षा सम्पन्न

**महोबा।** मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में नवचयनित रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण (आर.टी.सी.) प्रदान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में प्रशिक्षणरत आरक्षियों की मासिक परीक्षा आज समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड द्वारा परीक्षा के दौरान सभी कक्षों का भ्रमण कर परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने आर.टी.सी. प्रभारी एवं प्रशिक्षण स्टाफ को निर्देशित किया कि परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता, नकलमुक्त वातावरण एवं अनुशासनपूर्वक संपन्न कराई जाए, जिससे प्रशिक्षार्थियों की वास्तविक योग्यता का आकलन हो सके। क्षेत्राधिकारी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से संवाद में कहा कि प्रशिक्षण काल में प्रत्येक परीक्षा उनके ज्ञान, व्यवहारिक दक्षता एवं पुलिसिंग के प्रति निष्ठा की परीक्षा है। उन्होंने सभी को अपने प्रशिक्षण काल में उच्च अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं विधिक ज्ञान अर्जित कर एक संवेदनशील, दक्ष एवं जनसेवी पुलिसकर्मी के रूप में खुद को तैयार करने हेतु प्रेरित किया।

# अवैध परिवहन ट्रक को सदर एसडीएम ने जान जोखिम में डालकर पकड़ा

- ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की कार में टक्कर मारने का किया प्रयास, वीडियो वायरल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अवैध परिवहन ट्रक को सदर एसडीएम ने जान जोखिम में डालकर पकड़ लिया। ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास किया लेकिन एसडीएम की सूझबूझ के बाद ट्रक चालक को दबोचकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

बता दें कि जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश में अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध टास्क फ़ोर्स अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार और गुरुवार की देर रात सदर एसडीएम के.डी शर्मा द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। देर एक ट्रक यूपी91टी8540 का चालक नंबर प्लेट को कपड़े से ढककर अवैध परिवहन करने की जुगत लगाकर लक्ष्मी बाई तिराहा पहुंचा तभी चेकिंग अभियान चला रहे एसडीएम ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक चालक ने चालाकी दिखाते हुए उसकी स्पीड बढ़ा दी। जिस पर एसडीएम ने सन्देह कर उसका पीछा किया तो ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की कार को टक्कर मारने का प्रयास करते हुए यमुना नदी का पुल पार कर लिया। इस दौरान एसडीएम और उनके ड्राइवर की सूझबूझ से काम लेते हुए ट्रक को रोहाइन नाला के पास पकड़ लिया और प्रपत्र की जाँच पड़ताल की। इसके बाद एसडीएम ने ट्रक के चालक को कार में बैठाकर सदर कोतवाली लेकर पहुंचे जहाँ चालक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस पूरी घटना का पीछे चल रहे एक बाइक सवार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। वहीं एसडीएम सदर की इस तत्परता की पूरी जिले में प्रसंसा हो रही है।

## सहकारी समितियों से डीएपी, बीज भंडार से गेहूं का बीज गायब, किसान परेशान

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




क्षेत्रीय सहकारी समितियों से जहां डीएपी नदारत है, वहीं एक सप्ताह से राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज नहीं है। इससे किसान परेशान है। गत एक सप्ताह से ब्लॉक कि किसी भी सहकारी समिति में डीएपी खाद नहीं है। किसान मजबूर होकर बाजार से 1600 से 1800 रुपऐ में डीएपी खरीद कर रहा है। इसी तरह राजकीय बीज भंडार से गेहूं का बीज गायब है। किसान बीज लेने के लिए बीज भंडार के चक्कर काट रहे हैं ।बीज भंडार प्रभारी अगले दिन आने की बात कहकर किसानों को चलता कर देते हैं। किसान महेंद्र कुमार, बृजकिशोर, सुरेश कुमार, उदयभान यादव, भूपेंद्र कुमार, विद्यासागर, नरेंद्र सिंह, रामेश्वर वर्मा आदि ने बताया कि एक सप्ताह से बीज भंडार में गेहूं का बीज नहीं है । बाजार से खरीद कर बोना मजबूरी बन गया है। बीज भंडार के प्रभारी अनूप कुमार ने बताया की डिमांड लगी हुई है। शनिवार को आने की संभावना है।

## बच्चों का आकलन निपुण प्लस एप पर तत्काल पूर्ण करें शिक्षक: बीईओ



**हमीरपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कुछेछा में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने सभी को निर्देशित किया कि डीबीटी, वीरगाथा, विद्यार्थी, इको क्लब तथा बच्चों के ड्रॉप आउट बॉक्स को दो दिन में पूर्ण कर सभी शिक्षक गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने में लग जाए। सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समस्त शैक्षणिक स्टाफ अध्ययनरत सभी बच्चों का आकलन निपुण प्लस एप पर करके अवगत कराएं। यदि कोई समस्या आ रही हो तो नोडल अकबर अली या विद्या समीक्षा केंद्र पर संपर्क करें। बैठक में विकासखंड सुमेरपुर के समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा संकुल शिक्षक अभिषेक शुक्ला उपस्थित रहे।

### फुटकर गल्ला व्यापारी की दुकान से टप्पेबाज ने 1.32 लाख किए पार

**राठ, हमीरपुर।** क्षेत्र के सैना गांव में फुटकर गल्ला व्यापारी की दुकान से टप्पेबाज ने 1.32 लाख रुपए से भरा बैग पार कर दिया। पीड़ित गल्ला व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की है। कस्बे के फरसौलियाना सैना रोड निवासी इंद्रपाल गुप्ता पुत्र प्रभू दयाल ने बताया कि वह सैना गांव में फुटकर गल्ला की दुकान खोले हुए हैं। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान पर बैठा था। तभी दो व्यक्ति बाइक से दुकान पर आए। बताया कि बाइक से उतर कर एक व्यक्ति ने गल्ले का दाम पूंछा। थोड़ी देर बाद उक्त व्यक्ति बगल में रखा 1.32 लाख रुपए से भरा झोला उठाकर बाइक से भाग निकला। बताया कि वह पैर से विकलांग होने पर उक्त व्यक्ति का पीछा नहीं सका। इस संबंध में कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कराया जा रहा है।

## गुड़ व्यापारियों की मनमानी से परेशान आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम

- मंडी सचिव व पुलिस ने पहुंच किसानों को समझा बुझाकर कराया शांत

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नवीन गल्ला मंडी में गुड़ व्यापारियों की मनमानी से परेशान किसानों ने राठ पनवाड़ी मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। मंडी सचिव ने गुड़ व्यापारियों से वार्ता कर किसानों का गुड़ बिकवाया।

गुरुवार को व्यापारियों द्वारा किसानों के गुड़ की खरीद न करने पर आक्रोशित किसानों ने मंडी गेट पर जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। सूचना पर पहुंचे मंडी सचिव राजेश कुमार व पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। जब किसानों ने जाम खोला। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। क्षेत्र के टोला गांव निवासी हेमंत, हरिचरन, प्रताप, बरेल निवासी प्रदीप, बकरई निवासी पवन तिवारी, अरशद देवरा, इलेंद्र, अंशुल, इटकौर निवासी शिवम रामलाल ने बताया कि वह नवीन गल्ला मंडी में गुड़ बेचने आए थे। लेकिन व्यापारी अपने मनमाफिक तरीके से किसानों का गुड़ खरीद रहे। विरोध करने पर व्यापारी किसानों का गुड़ नहीं खरीद रहे हैं। बताया कि गुड़ व्यापारी किसानों का शोषण कर रहे हैं। जिससे किसान अपना माल बेंचने के लिए दर दर भटक रहा है। इस संबंध में मंडी सचिव राजेश कुमार ने बताया कि गुड़ व्यापारियों से वार्ता की गई है। वह किसानों का गुड़ खरीद रहे हैं।

### पूर्व प्राचार्य से धोखाधड़ी करके खाते में डलवाएं 40 हजार

**राठ, हमीरपुर।** पूर्व प्राचार्य से एक युवक ने धोखाधड़ी करके खाते से 40 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए हैं। धोखाधड़ी होने पर पूर्व प्राचार्य ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बा निवासी बीएनवी इंटर कालेज के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि बुधवार की रात उनके फोन पर पारिवारिक सदस्य बताकर एक काल आई। उसने बच्चे को बीमर होने की बात बताई। कहा कि आज बैंक बंद है। उसने कहा कि तुम्हारे खाते में 40 हजार रुपए भेज दिए हैं। बताया कि आवाज को पहचानते हुए उसने उसके खाते में 20 हजार रुपए दो बार करके भेज दिए हैं। जब उसने परिवार के लोगों से जानकारी की तो वह फर्जी व्यक्ति निकला। पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस से गुहार लगाई है।? कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

## भाजपा नेता का सुराग न मिलने पर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अधिवक्ता संघ के सदस्य के छोटे भाई भाजपा नेता प्रीतम सिंह किसान के कोतवाली से गायब होने और अब तक सुराग न मिलने को लेकर अधिवक्ता संघ ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। और न्यायिक कार्यो से विरत रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान के बडे भाई अधिवक्ता संघ के सदस्य हैं। बीते 18 अक्टूबर को प्रीतम सिंह किसान के पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों का मामूली विवाद हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच प्रीतम सिंह को हिरासत में लेकर पूरी रात कोतवाली में बैठाकर रखा था। आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस ने प्रीतम सिंह का लापता कर दिया। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। गुरूवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो से विरत रहे। सैकड़ों की तादाद में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। जहां पर एसडीएम के न मिलने पर अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यदि इस ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो अधिवक्ता अनिर्श्चित कालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन से शीघ्र ही प्रीतम सिंह किसान का पता लगाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता सूरज पाल सिंह, एमडी लोधी, सत्यम सोनी, जमुनादीन, महामंत्री दिलीप कुमार राजपूत, वीरसिंह राजपूत, लतीफ उल्ला खां, शिवम खरे, जयसिंह राजपूत, जयप्रकाश अग्रवाल, सुरेंद्र द्विवेदी, शेर मुहम्मद अंसारी, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र पाल अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने सूर्य मंदिर का निरीक्षण कर समुचित रख-रखाव करने के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गज़ल भारद्वाज ने चन्देल कालीन रहेलिया सूर्य मन्दिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर खामियां देख अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गुरूवार को सुबह के समय रहेलिया स्थित सूर्य मन्दिर, सूर्य कुण्ड आदि स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सूर्य कुण्ड में एकत्रित पानी में गन्दगी देख नाराजगी जतायी और मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार को कुण्ड की अविलम्ब सफाई कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने सूर्य कुण्ड के समीप स्थित भूमि में आकर्षक और सुन्दर पार्क विकसित करने के निर्देश दिये। रहेलिया सूर्य मन्दिर में नगर पालिका द्वारा स्थापित करायी गयी सोलर बैंच खराब देख जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सोलर बैंच ठीक कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने रहेलिया सरोवर की मशीन द्वारा सफाई कराने हेतु अधीनस्थों को निर्देशित कर रहेलिया सरोवर की जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश देते हुए कहा कि सूर्य मंदिर की सड़क को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जनपद के पर्यटन स्थलों का समुचित रख-रखाव सही ढंग से किया जाये, जिससे पर्यटकों का आवागमन हो और क्षेत्र का विकास हो सके।

## पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

- बैठक की डीएम ने की अध्यक्षता, डीएम ने दिए महोबा से कबरई तक मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारम्भ करते हुये गड्ढामुक्त का कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमे जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस का कार्य शेष रह गया है, उनको शीघ्रता से पूर्ण कराया जायें एवं जिन वाहनों के पंजीयन निलम्बित है या जिनका फिटनेस का कार्य पूर्ण नही हुआ है, उन वाहनों को सीज करने की कार्यवाही पूर्ण की जायें। महोबा से कबरई तक मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारम्भ करते हुये गड्ढामुक्ति का कार्य पूर्ण कराया जाये।उन्होंने कहा कि अगली बैठक के पूर्व ब्लैक स्पॉटों का सुधार कार्य पूर्ण कराया जायें। जिला पुरुष चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय के सामने जेब्रा क्रासिंग बनायी जायें। जनपद के अन्तर्गत मार्गो जहाँ झाड़ियों के कारण सड़क दुर्घटनायें हो सकती हैं, उनको शीघ्रता से कटवाया जाये। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सालय पहुँचाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किये जाने एवं ईनामी धनराशि के बारे में भी जानकारी दी जाये तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार बैनर/होर्डिंग/न्यूज पेपर के माध्यम से किया जाये। कमर तोड ब्रेकरों की मरम्मत करायी जायें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस (यातायात), अधिशासी अभियन्ता, नि.ख.-1/प्रा.ख., लो.नि.वि., महोबा एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नाबालिग के अपहरण में चार वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** थाना मौदहा में 10 साल पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय की न्यायाधीश कीर्तिमाला ने अभियुक्त को चार साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना बिवांर के एक ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला 28 मार्च 2015 को दर्ज कराया था। अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट अदालत में हुई। कोर्ट ने अभियुक्त लक्ष्मी पुत्र गोपाल को चार साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | PYGS-SMU-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.11.2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 14.11.2025 at 10:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/ PF-1/ 104/NEW | 14.11.2025 at 10: 30 hrs. | SMU | SC |

3444/25 — वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-PYGS-Mx-169-25-2 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-SKN-MX-147-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.11.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking Two-wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E-Auction Policy/2024/SKS Dt. .11.2025 — 3453/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# उपज खरीद के नाम पर आर्थिक शोषण व खाद न मिलने से परेशान किसानों ने लगाया जाम

- राजमार्ग में जाम लगाकर की समस्याओं के निस्तारण की मांग, तहसीलदार ने आक्रोशित किसानों को समझाबुझाकर खुलवाया जाम

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आढ़तियों द्वारा खरीद के नाम पर खुलेआम की जा रही लूट एवं खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठकर जाम लगा दिया, जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रमित सचान व प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा मय पुलिस फोर्स के तत्काल मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया गया। 20 मिनट के इस जाम से दोनों तरफ वाहनों की लम्बी लम्बी लाइन लग गई थी। बताते चलें कि इस समय किसान डीएपी खाद को लेकर काफी परेशानियों से जूझ रहा है। जिसको पाने के लिए किसान सुबह से ही समितियों में डेरा जमा लेते है तो वहीं दूसरी ओर अपनी मूंगफली आदि की फसल को बेचकर परिवार की व्यवस्था करने लगा हुआ है नगर में मण्डी न होने का फायदा आढ़तिया भी उठाने से नहीं चूक रहे हैं जो किसानो की मूंगफली जैसी फसल को खरीदते समय दो से चार किलो की कटौती कर खुलेआम लूटने में लगे हुए हैं जब कि किसान एक एक बोरी खाद के सुबह से भूखे प्यासे दिनभर लगे रहते हैं किसानों को मात्र एक बोरी ही डीएपी खाद मिल पाती है। जो बड़े खेतिहर किसानों को नाकाफी साबित हो रही है। किसानों का कहना है कि नगर में मण्डी न होने से अपनी उपज मजबूर होकर इन आढ़तियों को बेचने को मजबूर हैं मण्डी बाबू भी इस ओर अपनी आंखें मूंद कर किसानों को लुटते हुए देख रहें हैं उन्होंने कहा कि इस ओर कार्यवाही कर खेती के हिसाब से खाद वितरण किया जाये । इसको लेकर किसानों ने नगर के बस स्टैंड के पास सुगिरा रोड पर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। सूचना पर तत्काल पहुंचे तहसीलदार प्रमित सचान व प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा,अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ किसानों को समझा बुझाकर कर जाम खुलवा दिया है।

# धीमी प्रगति पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस

▸ बैठक में अनुपस्थित चिकित्सकों का वेतन रोकने के निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जिला अधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने हेल्थ डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए महुआ एवं जसपुरा में प्रगति कम पाए जाने पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नसबंदी के कार्य में कमासिन में वृद्धि लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों को नियमित अस्पतालों में उपस्थित रहने तथा वीएचएनडी दिवस को प्रभावी रूप से संचालित कराए जाने के साथ समस्त गर्भवती महिलाओं की एएनसी की जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई कवच पोर्टल में नरैनी एवं महुआ ब्लॉकों के कार्यों में कमी पाए जाने पर सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबीएसके टीमों के द्वारा चिन्हित किए गए कमजोर बच्चों को एनआरसी केंद्र में भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाए इस कार्य में विशेष ध्यान दें। बच्चों के टीकाकरण के अंतर्गत तिंदवारी एवं बांदा अर्बन में सुधार लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली का वितरण कराए जाने के निर्देश दिए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने की समीक्षा करते हुए नरैनी एवं महुआ में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच के कार्यों की समीक्षा करते हुए जननी सुरक्षा योजना में महुआ ब्लॉक में ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए तथा सभी गर्भवती महिलाओं को एचआरपी रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्साअधीक्षक महिला चिकित्सालय श्रीमती सुनीता सिंह सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी गण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पीडीए जनचौपाल साइकिल यात्रा को पूर्व ब्लाक प्रमुख ने किया रवाना

**बांदा।** पीडीए जनचौपाल साइकिल यात्रा आज 25 वें दिन नरैनी विधानसभा के कल्याणपुर गांव से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामराज पटेल ने झण्डा दिखाकर और साइकिल चला कर रवाना किया। जो कल्याणपुर जबरापुर कलवरिया चकला पुरवा बघेलावारी भवानीपुर भगवतपुर कोलौहा डढ़वामानपुर से कारीडांडी तक चली। जबरापुर में आयोजित जनचौपाल में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामराज पटेल ने कहा कि समाजवादी सरकार आएगी तो सामाजिक न्याय के फार्मूले के आधार पर हर वर्ग को लाभ मिलेगा।यात्रा नायक आलोक यादव के साथ पंकज यादव रुद्रप्रताप राकेश फूलचंद्र धर्मेन्द्र रोहित मुलायम रवि रामरतन शोभाराम जितेन्द्र यादव गजराज यादव भूरेलाल कुशवाहा महेश यादव श्याम यादव चुनकावन यादव उदय सिंह यादव रामबाबू यादव लवलेश यादव सूर्यपाल रोहित अजय यादव ध्यानू सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार ने निकाली कलश शोभायात्रा

**बबेरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**



बबेरू कस्बे में गायत्री शक्ति पीठ परिवार के द्वारा राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली गई।

बबेरू कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ मंदिर से अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा गायत्री शक्तिपीठ मंदिर बबेरू के द्वारा नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025- 26 को लेकर राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें देवर्षि साहित्य विस्तार केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के द्वारा आज 6 नवंबर दिन गुरुवार को भव्य कलश यात्रा कस्बे में निकाली गई। जिसमें कलश यात्रा के साथ-साथ कई प्रकार की झांकियां भी प्रस्तुत की गई। जिसमें पूरे कस्बे में कलश यात्रा के साथ झांकी निकाली गई है।जिसमें कस्बे व क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिलाएं व गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के संचालक एवं गायत्री परिवार के कस्बे से लेकर बाहर से आए सैकड़ो की संख्या के लोग मौजूद रहे। जो यह कलश यात्रा की शुरुआत गुरु आर की दोपहर 3:00 बजे से बांदा रोड गायत्री पीठ मंदिर से की गई। जो नहर पटरी तिंदवारी रोड औगासी रोड सुंदर कुआं, पुरानी तहसील रोड रोडवेज बस स्टैंड कमासिन रोड, मां मढ़ीदाई मंदिर से होते हुए कमासिन रोड मुख्य चौराहा, बांदा रोड, गायत्री पीठ मंदिर, पर शाम 5 बजे किया गया है।

# घर पर किसान का पड़ा मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**बबेरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध अवस्था में सूने घर पर किसान का शव मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस बिसंडा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत बाघा के नगला पुरवा में गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे सूने घर पर कृषक शिवबरन यादव 50 पुत्र स्व केदार यादव का शव घर के अंदर कमरे में चारपाई के बगल फर्स पर मिला कान से खून निकल रहा था व दीवाल पर भी खून के निशान थे। दोपहर बगल का पड़ोसी बाहर लगे हैंड पाइप से पानी भरने आया तो शिववरन को बाहर न देख घर पर आवाज दिया न बोलने पर अंदर गया तो देखा शिवबरन ज़मीन पर पड़ा हुआ था। तुरंत बाहर निकल पड़ोसियों को आवाज देकर बुलाया आनन-फानन में पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह, बिसंडा थाना प्रभारी राम मोहन राय व ओरन चौकी प्रभारी प्रमोद त्रिपाठी पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच घटना स्थल की जांच पड़ताल व कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज बांदा भेजा। ज्ञात हो कि शिववरन तीन भाइयों में बड़ा था। सभी अलग रहते हैं। मृतक के दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। सभी बेटियों की शादी हो चुकी है जो ससुराल में है। पत्नी संतोषी अपने छोटे पुत्र लक्ष्मण 10 के साथ मायके सिपनी चित्रकूट में हो रही भागवत कथा में गयी हुई थी। बड़ा पुत्र रज्जू सतना मध्य प्रदेश में फैक्ट्री में मजदूरी करता है।

# मवई बुजुर्ग के तालाब पर दीपोत्सव का हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



विश्व हिन्दू महासंघ के मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि देव दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर गंगा समग्र कानपुर प्रांत एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में मवई बुजुर्ग के तालाब में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष/ जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गंगा समग्र कानपुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्यों व जिला संयोजक के नेतृत्व में अपनी ग्राम सभा तक संगठन का विस्तार किया गया है जिसमें कई लोग शामिल है।

कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में ग्राम पंचायत मवई के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। इस मौके पर तालाब के घाट को सैकड़ों दीपों से सुसज्जित किया गया और पटाखे छुटाकर इस देव दीपावली के पावन पर्व को मनाया गया। जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गंगा समग्र के द्वारा लगातार तालाब बचाने का अभियान चलाया जा रहा है और आगे बताया कि जो भी तालाब में अतिक्रमण लोगों द्वारा किया गया है बहुत जल्द अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों के साथ अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे साथ ही देव दीपावली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से गंगा समग्र प्रांतीय सदस्य मातृशक्ति श्रीमती संतोष मिश्रा रमेश प्रजापति अंगद प्रजापति जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्र प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया मयंक तिवारी और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मितेश कुमार द्वारा बताई गई।

# भदावल के अवैध खनन के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के अतर्रा तहसील अंतर्गत भदावल गांव में अवैध खनन का मामला सामने आया है। गांव के किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है कि खनन पट्टा धारक रात के अंधेरे में धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया है कि अवैध खनन के लिए नदी की जलधारा को मोड़ दिया गया है, जिससे नदी में स्थित पंप कैनाल सूखने की कगार पर है।

इस वजह से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। अवैध खनन का विरोध करने पर खदान संचालक के गुर्गों के द्वारा किसानों को धमकाया भी जाता है। ग्रामीणों ने त्रिपाठी कंस्ट्रक्शन नामक खदान संचालक पर अवैध खनन का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खनन पट्टा धारक रात के अंधेरे में भी धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है और अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## कुम्हारी कला प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बांदा।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार द्वारा ग्राम भिंडौरा में कुम्हारी कला के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य कमल भाई ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के द्वारा स्वरोजगार के बड़ा कदम उठाया गया है जिससे ग्रामीण लाभान्वित हो सके। इस कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग के अधिकारी राम प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि हम युवाओं की हर संभव मदद के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में डा लोकनाथ विश्वकर्मा पूर्व प्रधान सिंधौली, सुमेरा वर्मा पूर्व प्रधान भिंडौरा, ज्वालाप्रसाद तिवारी, जीतू सिंह राठौर, अनूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जाम को देखते हुए किसानों से 10 नवंबर को धान लाने का किया आग्रह

**इटावा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक नवीन मंडी परिषद में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुए मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने समस्त आढ़तियों व किसान प्रतिनिधियों के साथ एक आवश्यक बैठक की जिसमें यह निर्णय लिया गया की क्षेत्र में जाम की स्थिति को देखते हुए आम चावल उत्पादक किसानों से अनुरोध है कि वह 7 व 9 नवंबर तक माल को लेकर नवीन मंडी में ना आए 10 नवंबर को विधिवत माल लेकर आए किसानों को असुविधा से बचाने के लिए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल चावल उत्पादक किसानों से आग्रह करता है।

## उपनिरीक्षक का स्थानांतरण होने पर स्टाफ के लोगों ने दी विदाई

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक कल्बे अब्बास खान का स्थानांतरण बांदा जिले की नरैनी कोतवाली में किया गया है। जिसमें आज गुरुवार को बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत, व अन्य स्टाफ के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर विदाई किया है। वहीं बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के द्वारा बताया गया कि, इनका कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है। बबेरू कोतवाली में करीब डेढ़ वर्ष तैनात रहे हैं, जिसमें उनकी कार्य शैली बहुत ही अच्छी रही है जिसकी क्षेत्र केसराहना कर रहे हैं जिससे भाईचारे का संदेश दिया है, किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई है, और हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# 19 नवम्बर तक चलेगा 8 कुण्डीय मृत्युञ्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




हिन्दू हॉस्टल ग्राउंड रामलीला रोड पर 7 नवम्बर से 19 नवम्बर 2025 तक 1108 कुण्डीय मृत्युञ्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य संयोजन पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज के निर्देशन में हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ राष्ट्र के आध्यात्मिक उत्थान,पर्यावरण संतुलन,समाज में एकता और सद्भाव तथा भारतीय संस्कृति के पुनः जागरण का प्रतीक होगा। प्रत्येक परिवार से पति-पत्नी संयुक्त रूप से आहुति देंगे, जिससे गृहस्थ जीवन में शांति, समृद्धि और सौहार्द की भावना उत्पन्न होगी।

पूज्य स्वामी रामदास महाराज ने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। जब व्यक्ति अपना श्रम,समय और श्रद्धा इस कार्य में अर्पित करता है तब देवता स्वयं उत्तरकर यज्ञ को पूर्ण करते हैं।इस महायज्ञ में माँ पीताम्बरा मुख्य देवी स्वरूप में विराजमान रहेंगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में 1108 कुण्डीय यज्ञ,उपनयन संस्कार, प्रायश्चित कर्म,नांदीमुख श्राद्ध और मातृशक्ति कलश यात्रा शामिल हैं। महायज्ञ हिन्दू हॉस्टल ग्राउंड रामलीला रोड इटावा में 7 नवम्बर से 19 नवम्बर 2025 तक चलेगा। आयोजन समिति ने इटावा वासियों एवं देशभर के श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर राष्ट्र कल्याण की इस महान आहुति में भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर पंकज तिवारी, जनमेजय सिंह, जितेन्द्र दुबे,मयंक बिधौलिया, नमिता तिवारी व सभासद पूनम पांडे सहित कई साधु संत मौजूद रहे।

# देश में भाईचारा स्थापित करने के लिए कांग्रेस नेता ने की पूजा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य श्रीमती आदिशक्ति दीक्षित एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से देश में राष्ट्रीय एकता सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा व कांग्रेस पार्टी के चतुर्मुखी उत्थान के लिए जनपद उन्नाव बक्सर में पहुंचकर पवित्र नदी गंगा में स्नान कर माता चंद्रिका देवी के मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा वर्तमान समय में फिरका परास्त ताकते देश को अखंडित करने का कुचक्र रच रही है जिससे लोकतंत्र एवं संविधान में खतरा मंडरा रहा है।

प्रत्येक देशवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है उन्होंने यह भी कहा उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में चुनाव आयोग की मदद से विपक्षी पार्टियों के मतदाताओं के भारी पैमाने पर वोट काटने का कुचक्र रचा जा रहा है प्रत्येक मतदाता को इससे सावधान रहने की आवश्यकता है कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथों पर अपनी पैनी निगाहें रखेगा अगर किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी वोटर लिस्ट बनाने में की जा रही है तो तत्काल कांग्रेस कार्यालय कार्यालय मंत्री को अवगत कराएंगे।

## बसपा की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**बबेरू,बांदा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई संगठन को मजबूत करने व अधिक अधिक लोगो को जोड़ने और पार्टी की नीतियां गांव गांव तक पहुंचाने का आवाहन किया कस्बे के एक मैरिज हाल मे बहुजन समाज पार्टी द्वारा आयोजित विधान सभा स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्देव प्रसाद वर्मा ने कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुये पार्टी की नीतियों के बारे मे विस्तार से बताया सभी बूथ सेक्टर के पदाधिकारी को संगठन के साथ साथ अधिक से अधिक ओबीसी के लोगो को जोड़ने और पार्टी की नीतियां गांव गांव तक पहुंचाने का आवाहन किया मुख्य मण्डल प्रभारी अवधेश दिनकर ने कहा कि सभी संगठन पदाधिकारी अपने अपने बूथों को मजबूत करने को कहा और बूथ सेक्टर और जोन का संगठन किया गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. तुफैल को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**शाहीन पत्नी स्व. मो. मुसीर,**
**ग्राम व पोस्ट टिकरा उस्मा,**
**थाना जैदपुर तहसील नवाबगंज**
**जनपद-बाराबंकी।**

# सदर विधायक व डीएम ने किया छात्र लाइब्रेरी का निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सन् 1885 में अंग्रेज शासक रानी विक्टोरिया के जमाने में बनाए गए विक्टोरिया मेमोरियल हाल जो जनपद की पुरातत्व पौराणिक धरोहर का जीरो धार कराकर उसमें शहर के छात्र-छात्राओं के लिए लाइब्रेरी तैयार किए जाने का सदर विधायक सरिता भदोरिया ने बीड़ा उठाया जिनके अथक प्रयास से आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विगत कई महीनो से जिसका सुंदरीकरण सहित तमाम कर निरंतर चल रहे हैं।

जिसका निरीक्षण आज जिलाधिकारी इटावा शुभ्रांत शुक्ला सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने कहा कि यह इमारत पुरातन काल से इटावा में स्थापित है जिसका सदुपयोग इससे अच्छा नहीं हो सकता यह स्वागत योग्य कार्य है उन्होंने इस कर में लगी कंपनी के लोगों से कहा कि इसका जो भी रंग रोगन करना है उसको पुरातन धरोहर के हिसाब से ही करना है और इस हिसाब से करना है कि समय आने पर इसका मेंटेनेंस किया जाए तो ज्यादा खर्च की आवश्यकता ना रहे आज तो हम सब लोग इसमें लॉक करके उसका बहुत अच्छा उपयोग कर रहे हैं लेकिन इसकी चिंता भी की जाएगी यह निरंतर चलता रहे उन्होंने आगे कहा कि यह हाल बहुत देसी उपयोग किया जाए इसमें जो है संगीत की शिक्षा के साथ-साथ इटावा के कवियों का काव्य संग्रह भी रखा जाए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा की युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा हासिल करें इसका सदैव प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में यहां इस लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है इससे हमारी पौराणिक धरोहर विक्टोरिया मेमोरियल हॉल संरक्षित रहेगी और हमारे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए अच्छी पुस्तक भी उपलब्ध हो सकेंगे।

इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है इस अवसर पर पर्यटन विभाग के पवन कुमार भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक चौहान टीटू चंदन पोरवाल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**बकेवर इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम आनेपुर में 80 साल की वृद्धा ने अपने घर के कमरे के अंदर छत के कुंडे में साड़ी से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। वृद्धा मानसिक रूप से बीमार बतायी जाती है। परिजनों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बकेवर थाना की महेवा चौकी चौकी क्षेत्र के ग्राम आनेपुर में दौलत रामपाल की पत्नी श्यामवती 80 वर्ष ने घर के अंदर कमरे में साड़ी से बुधवार सुबह करीब 10 बजे फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। कमरे के अंदर बड़े संदूक रखे हुए थे जिसके ऊपर चढ़कर वृद्धा ने छत के कुंड में साड़ी डालकर गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब पति व उसके दो पुत्र घर पर आए तो कमरे के दरवाजे को खोलने पर श्यामवती को फंदे पर लटके देखा। परिजनों ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। साथ ही महेवा चौकी पुलिस व बकेवर थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक व महेवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची शव को उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वृद्धा के पाँच पुत्र हैं जिनमें से तीन दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं जबकि दो पुत्र कोमल पाल व भारत पाल घर पर ही रहते हैं दोनों अविवाहित हैं। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया मृतका के पुत्र कोमल ने पुलिस को सूचना दी थी सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालुआ वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.11.2025 से 13.11.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | सालुआ | कम्पोजिट स्कूल सालुआ में किचन रोड निर्माण | 3.92 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी मौरंग आदि | ? | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | सालुआ | राममिलन पुत्र गंगाराम पुलिया निर्माण | 2.40 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी मौरंग आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्तें**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुँआ वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.11.2025 से 13.11.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | कुँआ | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाउण्ड्री वाल निर्माण | 6.99 लाख | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, ईंटा, मौरंग आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्तें**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पडोरा वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.11.2025 से 13.11.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | पडोरा | कम्पोजिट स्कूल पडोरा मे किचन शेड निर्माण | 4.88 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी मौरंग आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्तें**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## डीबीए का चुनाव 12 नवंबर को

**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन के 7 नवम्बर को होने वाले चुनाव को फिलवक्त 12 नवंबर को कराए जाएंगे उक्त घोषणा नवनियुक्त एल्डर कमेटी के अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा ने जिलाधिकारी को जारी पत्र लिखकर घोषणा की। पूर्व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शांति स्वरूप पाठक को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने सस्पेंड कर नई एल्डर कमेटी बनाने को कहा था जिसके परिपालन में अध्यक्ष प्रेम शंकर शर्मा की अध्यक्षता में एक नई एल्डर कमेटी की घोषणा की गई जिसमें रमा शंकर चौधरी, विष्णु चंद्र अग्रवाल, राघवेन्द्र नारायण सिंह सेंगर तथा विद्या राम भारती सदस्य बनाए गए हैं।

# जयगोपाल गायत्री देवी लोक कल्याण ट्रस्ट का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**भरथना इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मेदान्ता हॉस्पीटल लखनऊ एवं जयगोपाल गायत्री देवी लोक कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान् में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 7 नवम्बर को ज्योत्री एकेडमी में किया जायेगा। जिसमें विभिन्न रोगों से सम्बन्धित जाँचें भी की जायेगीं।

उक्त आशय की जानकारी संस्था निदेशक व शिविर संयोजक डॉ. नितिन पोरवाल ने देते हुए बताया कि आगामी 7 नवम्बर दिन शुक्रवार को ज्योत्री एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सामान्य रोग विशेषज्ञ व हड्डी रोग से सम्बन्धित परामर्श की जा सकती है। साथ ही बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी, हार्टरेट, पीएफटी, ऑक्सीजन की जाँचें भी होगी। संयोजक श्री पोरवाल ने बताया कि निःशुल्क शिविर के दौरान मस्तिष्क एवं स्पाइन न्यूरो, रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजी रिजेन्सी कानपुर डॉ. अभिजीत सिंह सचान के द्वारा भी कमर/सिर/गर्दन दर्द, दिमागी बुखार, सिर में पानी भरना, हाथ-पैर सुन्न पडना, मिर्गी के दौरे, फालिज, ब्रेन ट्यूमर, रीढ की हड्डी का फैक्चर/ खिसकना आदि विभिन्न रोगों से सम्बन्धित परामर्श की जा सकती है।

# डॉ. सुशील कुमार डायबिटीज शोध पर राष्ट्रीय सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

**सैफई इटावा, समृद्धि न्यूज।**



केरल में 6 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय डायबिटीज सम्मेलन में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार यादव अपना शोध प्रस्तुत करेंगे। देश की सबसे बड़ी मधुमेह अध्ययन संस्था आरएसएसडीआई (रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया) की ओर से उन्हें व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्रसिद्ध डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. ज्योतिदेव केसवादेव कर रहे हैं। इसमें देश और विदेश के प्रमुख विशेषज्ञ मधुमेह के निदान, प्रबंधन और उपचार की नवीनतम चिकित्सा विधियों पर अपने अध्ययन और अनुभव साझा करेंगे।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ. सुशील कुमार यादव डायबिटीज रोगियों में उपचार के व्यवहारिक प्रबंधन, जीवनशैली अनुकूलन और दवा पद्धति में सुधार पर आधारित अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे। उनके शोध में रोगी स्थिति, चिकित्सीय प्रतिक्रिया और दीर्घकालिक नियंत्रण के व्यावहारिक मॉडल शामिल हैं, जिन्हें विशेषज्ञ जगत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस उपलब्धि को संस्थान और प्रदेश, दोनों के लिए गौरव का विषय बताया है।

# कन्नौज की धरोहरों को संवार रहा भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भ्रमण के दौरान मौजूद टीम

जनपद की कला, संस्कृति और प्राचीन धरोहरों को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास एवं सांस्कृतिक विरासत संगठन, नई दिल्ली की छह सदस्यीय टीम ने जनपद के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर यह टीम कन्नौज पहुंची। टीम का नेतृत्व वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर प्रभाग, हरीश बेंजवाल एवं परियोजना प्रबंधक, स्थापत्य विरासत प्रभाग, सुश्री मिताली विज ने किया। टीम ने अपने दौरे के दौरान आल्हा- ऊदल किला, मस्जिद मखदूम जहानिया (बावन खंभा मस्जिद), राजा जयचंद्र किला, सुगंध एवं फ्लेवर विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज संग्रहालय एवं रोमा स्मारक, अन्नपूर्णा मंदिर, लाखबहोशी, मेहंदीघाट तथा तिर्वा स्थित आनंद भवन पैलेस सहित कई प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने जनपद की सांस्कृतिक, स्थापत्य एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन संभावनाओं को लेकर विस्तृत अध्ययन किया। टीम ने स्थानीय कलाकारों, आल्हा विद्या के जानकारों, विचित्र वीणा वादक तथा अधिकारियों से संवाद कर कन्नौज की ऐतिहासिक महत्ता, पारंपरिक शिल्पकला और इत्र उद्योग की प्राचीनता पर विशेष चर्चा की।

**▸ न्यास टीम ने किया इत्र नगरी के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण**

### डीएम की बैठक में टीम ने साझा किए अनुभव

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के साथ बैठक में टीम ने अपने अनुभव साझा किए और विरासत संरक्षण व सतत पर्यटन विकास के लिए उपयोगी सुझाव दिए। टीम के सदस्यों ने कहा कि कन्नौज की ऐतिहासिक धरोहरें न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक हैं। टीम द्वारा तैयार की जा रही रिपोर्ट के आधार पर जनपद के स्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत पर्यटन विकास के लिए ठोस योजनाएं बनाई जाएंगी।

**कन्नौज।** जिलाधिकारी ने कहा कि कन्नौज की प्राचीनता, ऐतिहासिक भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा हमारी विरासत की आत्मा है। [illegible] के सहयोग से इन धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे कन्नौज को वैश्विक पहचान मिल सके।

# फ्रेंचाइजी होटल पर संगठनों का धावा, अनैतिक कारोबार का आरोप

### हंगामा शुरू होते ही होटल में तीन जोड़े नजर आए, दो पहले ही फरार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कृषि उत्पादन मंडी समिति के निकट संचालित फ्रेंचाइजी विशेष होटल पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने धावा बोल दिया। होटल में अनैतिक कार्यों का आरोप लगाते हुए उन्होंने जमकर हंगामा किया। इस दौरान वहां मौजूद युवक-युवतियां भाग खड़े हुए, जबकि कई घंटे चले हंगामे की पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे, हिंदू जागरण मंच के विभागाध्यक्ष अनुज दुबे और भाकियू (औनू) के जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर ने दोपहर 12.30 बजे होटल पर पहुंचकर तालाबंदी की मांग की। डॉ. दुबे ने बताया कि होटल संचालक युवक-युवतियों को बुलाकर अनैतिक कारोबार कराता है। होटल के आसपास कई विद्यालय हैं, जहां पढ़ने वाले बच्चों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विरोध पर संचालक ने सत्ता पक्ष के संरक्षण का हवाला देकर सभी को धमकाया। हंगामा शुरू होते ही होटल में तीन जोड़े नजर आए, जिनमें दो पहले ही फरार हो चुके थे। बाद में तीसरे जोड़े को भी सुरक्षित निकलवा कर होटल बंद करा दिया गया। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने कहा कि शिकायत मिलने पर टीम भेजी गई, लेकिन मौके पर कोई अवैध गतिविधि नहीं मिली। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई न हुई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। यह घटना स्थानीय स्तर पर नैतिकता और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

# निरोगी काया के लिए रोग के अनुसार करें योग: सत्यराम यादव

**▸ प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कर रहे योग**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में पश्चिमी बाईपास स्थित श्री राम रिसॉर्ट में विगत कई माह से चल रहे प्रातः कालीन शिविर में लोगों को योगाभ्यास करते हुए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी योग गुरु सत्यराम यादव ने कहा नियमित योग कई तरह के रोगों से मुक्ति दिलाता है। अतः निरोगी काया पाने के लिए रोग के अनुसार योग करना चाहिए।

योग गुरु ने कहा एलोपैथिक दवाओं से रोग का तत्काल नियंत्रण तो हो जाता है लेकिन जड़ से नहीं मिटता है। यह सामर्थ्य तो केवल नियमित योग व आयुर्वेदिक दवाओं में ही है। इसलिए पूरे देश को रोग मुक्त करने के लिए भारत सरकार भी योग के प्रचार प्रसार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति केवल शारीरिक या मानसिक रूप से मजबूत ही नहीं होता बल्कि इससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से भी बचा जा सकता है। एक नए शोध के अनुसार तय समय में नियमित योग और व्यायाम करने से एक-दो नहीं बल्कि 7 तरह के कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। इन दिनों डायबिटीज के रोगी बड़ी संख्या में हैं। इसे नियंत्रित रखने के लिए मंडूक आसन व सूर्य नमस्कार प्रतिदिन करना चाहिए। योग शिक्षक ने भस्तिका, कपालभाति, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी व उदगीथ आदि आसनों को स्वयं करके दिखाया और सभी से इनका अभ्यास कराया।

# बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट में लकी ड्रा आयोजित

**▸ मनीष यादव डंपी को मिला 32 इंच का एलईडी टीवी**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बाईपास हाईवे स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट पर भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 32 इंच का एलईडी टीवी मनीष यादव डंपी को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार न्यू बालाजी बीज भंडार के सुधीर कुमार गुप्ता को, तृतीय पुरस्कार सैंडविच मेकर विकास चतुर्वेदी को, चतुर्थ पुरस्कार सैंडविच मेकर कृष्ण कुमार उर्फ किशन तिर्वा को तथा पंचम पुरस्कार प्रेस रवि यादव को मिला।प्रबंधक अभि तोमर ने बताया कि बीकानेर एक्सप्रेस की 5 किलो या इससे अधिक मिठाई खरीदने पर एक-एक कूपन दिया गया था। लगभग 250 कूपनों में से आज ड्रा निकाला गया, जिसमें पांच भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह राठौर बबल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बीकानेर एक्सप्रेस की मिठाइयां पूरे देश में अपने अनूठे स्वाद के लिए मशहूर हैं। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर ने कहा यह आयोजन न केवल ग्राहकों को आकर्षित करने का माध्यम है, बल्कि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का भी प्रयास है। बीकानेर एक्सप्रेस जैसी संस्थाएं हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हम सभी को ऐसे प्रमोशनल कार्यक्रमों से प्रोत्साहित होना चाहिए, ताकि छोटे व्यवसाय फलें-फूलें। विजेताओं को हार्दिक बधाई, और सभी ग्राहकों से अपील है कि वे हमेशा विश्वसनीय ब्रांडों का समर्थन करें। कार्यक्रम का सफल आयोजन अवनीश गुप्ता, गोविंद यादव, विनय यादव तथा स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में ग्राहक भी उपस्थित रहे।

### भगवान राम का धूमधाम से किया गया राज्याभिषेक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के खानपुर कसावा गांव में रामलीला के समापन दिवस पर भगवान राम का भव्य राज्याभिषेक समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री से सम्मानित कल्याणपुर ग्राम प्रधान प्रतिभा मिश्रा ने राम दरबार की आरती की।

राज्याभिषेक समारोह में प्रसिद्ध श्रीराम कथावाचक पं.प्रशांतनंदजी महाराज ने भगवान राम की आरती करने के बाद राज्याभिषेक की रस्म पूरी की। इस आयोजन में रामलीला कमेटी के मेला मलिक अश्विनी पाठक, रमाकांत चतुर्वेदी सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह में भक्ति भजनों और रामचरितमानस के पाठ ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिभा मिश्रा ने गांव के विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे ग्रामीणों ने सराहा।

## खबरें एक नजर में

### अवकाश प्राप्त शिक्षकों की बैठक आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन के संयोजक भारत सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के समस्त अवकाश प्राप्त शिक्षकों की आवश्यक बैठक 7 नवम्बर शुक्रवार को 10 बजे से कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ में होगी। इसमें आवश्यक सूचनाएं दी जाएंगी। ब्लॉक अध्यक्ष दर्शन सिंह ने बताया इस बैठक में विकास खंड के अवकाश प्राप्त शिक्षकों/पारिवारिक पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र भरवाए जाएंगे। इसके लिए अपनी एक फोटो, बैंक की पासबुक, आधार कार्ड और पैन कार्ड की फोटोकॉपी साथ में लाएं।

### देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

**छिबरामऊ।** खड़िनी क्षेत्र के ग्राम जलालपुर ककलाई निवासी सीटू सिंह की पत्नी रजनी ने चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत करते हुए बताया कि उसके पति बाहर काम करते हैं। घर पर उसके देवर ध्रुव ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया है। घर के दरवाजे तोड़ दिए। ध्रुव ने बच्चों सहित उसे जान से मारने की धमकी दी है। उसने ससुर राकेश को भी मारा पीटा है। पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### सिटी हॉस्पिटल तिर्वा में मिली अनियमितताएं, पंजीकरण निरस्त




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को तिर्वा स्थित सिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं एवं चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई। मानकों के विपरीत पाई गई व्यवस्थाओं और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः मानक के अनुरूप और जनहित में संचालित की जाएं। उन्हीं के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। सीएमओ ने कहा कि किसी भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम में लापरवाही, अनियमितता अथवा बिना योग्य चिकित्सक के संचालन की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बीडीओ ने मृत गोवंश को जमीन में दफन कराया

**जालौन।** गोकुलपुरा में सड़क किनारे पुलिया के पास एक मृत गोवंश को कुत्ते नोंचते हुए वीडियो गुरूवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला संज्ञान में आने के बाद बीडीओ ने मृत गोवंश को जमीन में दफ्न कराया एवं एक घायल गोवंश को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचवाया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुरा में मुख्य सड़क के किनारे पुलिया के पास कोई व्यक्ति मृत गोवंश को डाल गया और एक गंभीर रूप से बीमार व घायल गोवंश भी वहीं था। मृत गोवंशीय पशु को देखकर कुत्ते वहां आ गए और उसको नोंचकर खाने लगे। वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर मृत गोवंश को कुत्ते द्वारा खाए जाने का वीडियो देखकर लोगों में रोष फैल गया और बीडीओ गणेश कुमार को इसकी सूचना दी। मामला संज्ञान में आने पर बीडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृत गोवंश को जमीन में दफ्न कराया और पास में ही घायल व बीमार गोवंश को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। बीडीओ ने बताया कि पशुपालक अपने मृत जानवरों को ऐसे की फेंक देते हैं।

### अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, शव बुरी तरह क्षत-विक्षत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के कांशीराम कॉलोनी के पास एनएच 34 हाइवे पर बुधवार–गुरुवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी जो इतनी भयानक थी कि युवक का शव बुरी तरह क्षत–विक्षत हो गया। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी समेत अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। राहगीरों ने इस दिल दहला देने वाली घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षत–विक्षत शव के अवशेष इकट्ठे किए और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। मृतक के दाहिने हाथ पर टैटू बना हुआ है, जिसमें ए आर, नीतू, टी डी राम, हंसा नाम गुदे हुए हैं। पुलिस इन नामों के आधार पर परिजनों का पता लगाने में जुटी है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।

# फातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैंप में पहुंचे सैकड़ों मरीजों



**छिबरामऊ कन्नौज।** फातहे बिलग्राम मिशन की ओर से मोहल्ला बिरतिया स्थित आजाद मकतब पाठशाला के पास सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की पवित्र सरपरस्ती में लगे इस कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीज पहुंचे और दवाइयों से राहत पाई। बरेली शरीफ के प्रसिद्ध खानदानी यूनानी हकीम जनाब अब्दुल हक साहब ने हर मरीज को बारीकी से देखा और बीमारी के अनुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। हजरत की अपील पर नगरवासियों ने मरीजों को पहुंचाया, जिससे कैंप में मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। कैंप इंचार्ज फैसल बास्ती, महमूद मंसूरी सहित मिशन के कई जिम्मेदार लोग मौजूद रहे और व्यवस्था संभाली। मरीजों ने हजरत की सरपरस्ती और हकीम साहब के इलाज की दिली तारीफ की। यह आयोजन गरीबों व जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है।

# वेतन की मांग को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ कन्नौज। बिजली विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है जिससे उनमें रोष व्याप्त है। मैहर इंटरप्राइजेज से जुड़े आउटसोर्स कर्मचारियों ने बकाया वेतन व ईपीएफ की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

मैहर इंटरप्राइजेज के माध्यम से बिजली घर में आउटसोर्सिंग के पद पर तैनात कर्मचारियों ने बकाया वेतन और ईपीएफ न मिलने के विरोध में अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है, कि उन्हें पिछले दो से चार माह का वेतन और छह माह का ईपीएफ नहीं मिला है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है, कि जब तक पूरा भुगतान नहीं होगा, तब तक कोई काम नहीं करेंगे। धरना प्रदर्शन में गुड्डू लाइनमैन, प्रवीण, रवि, उपदेश, प्रवेश, विक्रम, कल्लू, रमेश चंद्र, कृष्ण कुमार, आशीष, दिनेश, अमित, आलोक, मनजीत, आदेश, विमलेश, रजनीश, रत्नेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे। ये कर्मचारी बिजली विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों में लगे हुए हैं, लेकिन कंपनी की लापरवाही के चलते समय से वेतन न मिल पाने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। कर्मचारियों ने बताया कि मैहर इंटरप्राइजेज ने समय पर वेतन और ईपीएफ जमा नहीं किया, जिससे उनके परिवारों को कठिनाई हो रही है। वे विभाग से भी मांग कर रहे हैं, कि कंपनी पर कार्रवाई हो और भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। धरना जारी रहने से बिजली विभाग के कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

# एसडीएम-तहसीलदार ने फार्मर रजिस्ट्री केंद्रों का किया निरीक्षण



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को किया निस्तारित**

उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार के साथ कालपी तहसील क्षेत्र की विभिन्न स्थानों में फार्मर रजिस्ट्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित जिम्मेदारो को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाएं और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रखें। अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने भेड़ी, बड़ागांव, पथरेहटा आदि ग्रामों में पहुंचकर किसानों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया। उन्होंने केंद्र के संचालको को निर्देश दिए कि वे किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री केंद्रो में कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिये।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सुचारु बनाना और किसानों को अपनी फसलों की रजिस्ट्री कराने में आसानी प्रदान करना है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी के मुताबिक शासन की मंशा है कि फार्मर रजिस्ट्रेशन वाले कृषकों को अब किसान सम्मान निधि का भुगतान हुआ करेगा। रजिस्ट्रेशन होने के बाद किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान कराने में मदद मिलती है और फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहती है।

# जुझारपुरा सहकारी समिति का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जुझारपुरा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का दिन गुरुबार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने औचक निरीक्षण कर खाद बितरण व्यबस्था को देखा और अपने सामने ही किसानों को खाद का बितरण कराया उन्होंने सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी किसानों को खाद का बितरण नियमानुसार किया जाए जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी उन्होंने सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में समय से खाद उपलब्ध कराए जाने हेतु पत्राचार भी किया।

### आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** लगभग एक पखवारे पूर्व कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मृत्यु और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कानपुर देहात के सिकंदरा कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी मोहम्मद वसीम ने पुलिस को बताया कि बीती 10 अक्टूबर को उसके पिता मोहम्मद नसीर किसी काम के चलते अपने साथी मोहम्मद लतीफके साथ बाइक से कोंच गए थे। देर शाम वह कोंच से वापस गांधीनगर लौट रहे थे। जब उनकी बाइक जालौन से आगे औरैया रोड पर मोहनपुर कुदारी कट के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे कार के चालक ने बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता मोहम्मद नसीर व लतीफबाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1200 मतदाताओं के अनुपात में मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जाएगा। साथ ही जीर्ण-शीर्ण भवनों के स्थान पर अन्य उपयुक्त शासकीय भवनों में मतदेय स्थल स्थानांतरित किए जाएंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर विधानसभावार सूची उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में जनपद में कुल 1477 मतदेय स्थल हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मतदेय स्थलों पर किसी प्रकार की आपत्ति या सुझाव संबंधित राजनीतिक दल लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी उरई नेहा व्याडबाल, उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शान्ति स्वरूप महेश्वरी (भा.ज.पा.), राजीव शर्मा (सपा), भगवती शरण पांचाल (बसपा), उदय वीर सिंह (बसपा), विनोद कुमार नगरिया (भा.क.पा.), अरविन्द शेंगर (कांग्रेस), राजकुमार वर्मा (कांग्रेस) एवं जमालुद्दीन (सपा) आदि उपस्थित रहे।

# फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा यातायात व्यवस्था चरमराई

**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सड़क के दोनों ओर फुटपाथ इसलिए छोड़ा जाता है। जिससे राहगीरों को परेशानी न हो और वह आराम से पैदल निकल सकें। इसके साथ ही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नगर के फुटपाथों पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है जिससे नगर की यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है और जाम के झाम से जनता परेशान हैं। नगर के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले देवनगर चौराहे से अंदर बाजार की ओर आनी वाली सड़क मुख्य मार्ग है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से बस समेत बड़े वाहनों के साथ छोटे वाहनों की संख्या ज्यादा रहती है। मुख्य मार्ग पर दोनों ओर दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा जमा रखा है। फुटपाथ पर कब्जा कर अवैध रूप से कच्ची या पक्की सीढियां लगा ली गई है। इसके साथ ही टिन शैड लगाकर या सामान रखकर कब्जा कर रखा है। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण बड़े वाहनों को क्रॉसिंग में दिक्कत होती है। इसके ही बुजुर्ग व बच्चों को फुटपाथ के अभाव में चलने में दिक्कत होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सड़क पर दोनों ओर फुटपाथ गायब होने एवं ई रिक्शा आदि के गेट के सामने खड़े होने से मरीज को लेकर निकलने वाले वाहनों को दिक्कत होती है।

# कालपी-मदारीपुर राजमार्ग को चौड़ीकरण परियोजना की मिली मंजूरी

**▸ शासन ने पहली किस्त 15 करोड़ अवमुक्त कर निर्माण कार्य का रास्ता किया साफ**

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



मदारीपुर राज्य मार्ग की प्रस्तावित सड़क

इलाकाई विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रयासों से 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र में शासन के द्वारा 76 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी मिल गई है। तथा शासन के द्वारा कालपी मदारीपुर राज्य मार्ग में 22 किलोमीटर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रशासकिय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल जाने के उपरांत लोक निर्माण विभाग के द्वारा टेंडर जारी हो गए तथा जल्दी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के अनुसचिव अभय प्रताप श्रीवास्तव के द्वारा दिनांक 5-11-2025 लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभाग अध्यक्ष का प्रेषित पत्र पत्र में राजमार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के नए कार्य एक मुश्त व्यवस्था योजना अंतर्गत राठ कालपी मदारीपुर राजमार्ग संख्या 130 के चौनेज 29 से 31 तक लंबाई 22 किलोमीटर तक चौड़ीकरण कार्य की 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। एवं 76 करोड़ 50 लख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। तथा वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में 15 करोड़ 30 लाख व्यय हेतु अवमुक्त कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि टेंडर भी हो चुके हैं तथा सड़क चौड़ीकरण का कार्य विभाग के द्वारा शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया डॉ.जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष के आवास पर समाजसेवी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार का उद्‌घोष गुंजायमान हुआ।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरमौर बांगर में अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के आवास पर आज समाजसेवी, सपा प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर उनके समर्थकों व

**समर्थकों व शुभचिंतकों ने केक काटकर की दीर्घायु की कामना**

शुभचिंतकों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और उनके दीर्घायु होने की कामनाएं कीं। इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, पूर्व प्रधान जवाहर सिंह यादव, फारूक अली, आदिल खान, डॉ. वाजिद खान, यासीन खान, अफरोज मंसूरी, मंडल सचिव कानपुर किसान यूनियन वीरपाल सिंह, कश्मीर जाटव, नदीम खान, सिद्धार्थ यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**वहीं दूसरी ओर** कस्बा नवाबगंज स्थित मेन चौराहे पर प्रधान प्रतिनिधि कुतुबुद्दीनपुर राजीव यादव के निवास पर सभासद राहुल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के जन्मदिन का केक काटकर कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबी उम्र की कामनाएं कीं। इस दौरान आप जियो हजारों साल साल के दिन हो पचास हजार के स्वर गुंजायमान हुए। इस मौके पर सभासद राहुल यादव, प्रधान प्रतिनिधि कुतुबुद्दीनपुर राजीव यादव, डॉ. अखिलेश यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव, अश्वनी यादव, मीडिया प्रभारी रवि यादव, नंद किशोर यादव, डॉ. धर्मेंद्र यादव, अरविन्द यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। **वहीं कस्बे की** मुस्लिम बस्ती में भी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। उनके शुभचिंतकों ने डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की लंबी उम्र की कामनाएं कीं। इस मौके पर कस्बा नवाबगंज निवासी मोहम्मद सैफ, आसिफ अली, आबिद अली, अरमान अली, आफाक अली, अरशद अली, सैय्यद इजहार अली, शमशाद ट्रेलर, जमील खान, समीर खान सहित कई लोग मौजूद रहे।


केक काटकर जन्मदिन मनाते साजिद अली खान व अन्य


जन्मदिन मनाते सभासद राहुल यादव व अन्य


जन्मदिन मनाते मो. सैफ, आसिफ अली, आबिद अली व अन्य

# अनुराग सिंह यादव ने हवन यज्ञ कर मनाया डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुराग सिंह यादव के नेतृत्व में गंगा तट पर हवन यज्ञ करके डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन हवन यज्ञ करके धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समर्थकों ने गंगा मईया में जब तक पानी रहे जितेंद्र सिंह की जिंदगानी रहे, नारे के साथ हनुमान मंदिर के महंत पूरन दास फौजी बाबा द्वारा केक काटकर बधाई दी गयी। इस मौके पर तमाम युवाओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर अनुराग यादव, सोनू यादव, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति अमित कठेरिया, धर्मेंद्र यादव, अभय यादव, सानू मिर्जा, सोनू ठाकुर, निंदर यादव, आदेश यादव, अतुल, सूरज ठाकुर, अमन चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी अमन खटीक, आशीष यादव, प्रेम ठाकुर, अनमोल यादव, मोनू यादव, सत्येंद्र यादव, लालू, अफसान खान, सैंकी यादव, शमशुल खान, लखन कठेरिया, ऋषभ मिश्रा, पिंटू सिंह, विशाल यादव, रिंकू, सनी कनौजिया, मनू कनौजिया, सनोज पाल, घनश्याम यादव, अनुज यादव, धर्मेंद्र हरिहरपुर, रेशम पाल, राज बब्बर, प्रमोद यादव, राजीव सिंह, रेहान खान, बॉबी राज आर्यन, नानू दिवाकर, राहुल यादव, मुकेश कठेरिया, सौरव यादव, संतोष यादव, आशीष कुमार, सत्यम दीक्षित, शिवम कश्यप आदि मौजूद रहे।


हवन यज्ञ करते अनुराग सिंह यादव व अन्य समर्थक

# साधु-संतों व नागरिकों ने तीर्थनगरी की चौबीस कोसी परिक्रमा की शुरु

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

चारों युगों की अनमोल विरासत को संजोए तीर्थनगरी कम्पिल में शनिवार को मार्गशीष (अगहन) मास के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि के मौके पर बाहर से पधारे साधु संतों व नागरिकों ने तीर्थनगरी की चौबीस कोसी परिक्रमा की। इस दौरान भजन कीर्तन का दौर भी चला।

नगर के कालेश्वर नाथ मंदिर से बाबा सत्यगिरी महाराज के नेतृत्व में तीर्थनगरी की दो दिवसीय परिक्रमा गुरुवार को शुरू की गयी। छठी बार आयोजित यह तीर्थ परिक्रमा द्रोपदी कुंड से होते हुए नगला फुलू, भोगपुर, जोगपुर, सिकन्दरपुर, हमीरपुर काजी, निजामुद्दीनपुर, समाउद्दीनपुर, चांदपुर कच्छ होते हुए द्रौपदी स्वयंवर स्थल बेदू गड्ढा में रात्रि विश्राम करेगी। तत्पश्चात अगले दिन कमलाईपुर, हल्दीखेड़ा, सवितापुर, ग्रासपुर आदि गांवों में होते हुये ब्राहिमपुर नरोत्तमपुर गांव में जलपान करके कालेश्वर नाथ मंदिर पर भगवान शिव के दर्शन के बाद संपन्न होगी। यह तीर्थ परिक्रमा मानव कल्याण के लिए आरंभ की गयी है। साधु संतों की इस पौराणिक नगरी कम्पिल तीर्थ की परिक्रमा में इटावा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, बेबर आदि से पहुंचे साधु, संतों व ग्रामीणों ने भाग लिया। तीर्थ परिक्रमा के दौरान साधु संतों द्वारा हर-हर महादेव, राधे-राधे के साथ धार्मिक भजन कीर्तनों का दौर चला। परिक्रमा का कई स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा जलपान व नाश्ता कराकर जोशीला स्वागत किया गया। अंत में यात्रा संपन्न होने के बाद कालेश्वर नाथ पर भंडारे का कार्यक्रम होगा। संतों ने बताया कि इसी प्रकार से हर वर्ष कंपिल पुरी का परिक्रमा किया जाएगा। परिक्रमा में संत रमेशदास, राधवानंद, बाबा रामलालेश्वर, प्रकाश गिरि, बाबा सनुआ महाराज, भोले गिरि, अशोक गोस्वामी, बाबा कृष्ण गिरि, स्वमेशानंद, सत्यानंद, भूरेदास, शिवदास महाराज, महंत सत्यगिरी, महंत बाबा ब्रजानंद, महंत सतपाल, महंत हरिओम गिरी, महंत भगवान दास, महंत श्रीप्रकाश दास आदि सन्त व ग्रामीण शामिल हुए।


चौबीस कोसी परिक्रमा में भाग लेते साधु संत व नागरिक

## बदलते मौसम में तेजी से फैल रहे संक्रामक रोग


सीएचसी में दवायें लेते मरीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तेजी से बदल रहे मौसम के चलते संक्रामक रोग फैल रहे हैं। जिससे काफी संख्या में ग्रामीण सीएचसी पर अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं। नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी 180 पर पहुंच गई। सुबह से दोपहर तक अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। बारिश के बाद मौसम में ठंडक और फिर अचानक तेज धूप निकलने से उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम के इस लगातार बदलते मिजाज के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द जैसी शिकायतों के साथ आ रहे हैं। चिकित्साधिकारी लोकेश शर्मा ने बताया कि रोजाना बदल रहे मौसम के कारण मरीजों की संख्या में तेजी आई है। उन्होंने पुष्टि की कि ओपीडी 180 तक पहुंच रही है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की जांच की जा रही है और उन्हें उचित दवाएं दी जा रही हैं।

## पुत्र ने पिता को पीटा, दोनों ओर से दी गयीं पुलिस में तहरीरें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी रामआसरे गुरुवार को घर में लगे नल पर पानी भर रहे थे। उसी समय रामआसरे का बड़ा पुत्र संजू व उसकी पत्नी पानी भरने को लेकर कहासुनी करने लगे। विवाद बढ़ने पर पुत्र संजू ने रामआसरे को गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मारपीट में रामआसरे चोटिल हो गए। वहीं मोहल्लेवासियों ने बताया कि संजू अपने पिता को गाली-गलौज कर उन्हें बुरी तरह से पीट रहा था। जब मोहल्ले का एक युवक बीच बचाओ करने गया, तो संजू ने उसे भी गाली-गलौज कर भगा दिया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि संजू ने अपनी पत्नी को कमरे में बंद करके उसकी पिटाई की और पिता रामआसरे पर पत्नी को पीटने का आरोप लगाया। थाना पुलिस को एक तरफ से रामआसरे व दूसरी तरफ से संजू ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# झाड़ियों में पड़ा मिला अज्ञात का शव, सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**काफी प्रयास के बाद भी शव की नहीं हो सकी शिनाख्त**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

झाड़ियों में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सीओ ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम फैजबाग में पशु चिकित्सालय के निकट नगला सेठ निवासी किसान शीशराम राजपूत के खेत में सूनसान झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने सनसनी फैल गयी। शव बुरी तरह गला हुआ था चेहरे पर तेजाब के निशान और शव से बदबू आ रही थी। शव मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत थाना पुलिस को अवगत कराया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष रमेश सिंह पुलिस बल के साथ शाम करीब 4 बजे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुछ देर बाद क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके बाद फॉरेंसिक टीम भी करीब 5:14 बजे पहुंची और मौके से नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के थानों को शिनाख्त के लिए सूचना भेजी गई है। शव मिलने से गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।


मौके पर जांच पड़ताल करते सीओ

## बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर हुए फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार युवक पैदल जा रहे युवकों से मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीड़ित युवक ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नितिन गौतम पुत्र विजय गौतम निवासी किसानन नगला सुबह करीब 6 बजे अपने साथी शिवम के साथ बढ़पुर मंदिर से फतेहगढ़ की तरफ जा रहा था। मेरा फोन शिवम चला रहा था। जैसे ही हम लोग बढ़पुर स्थित अनोखे लाल मिष्ठान भंडार के सामने पहुंचे, तभी पीछे से बिना नंबर की काले रंग की सुपर स्पेंलडर बाइक पर सवार होकर दो युवक आये और शिवम के हाथ से मोबाइल छीन ले गये। बाइक सवार युवक मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये हैं। जिनको मैं पहचान सकता हूँ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# महिला ने दो मासूम बच्चों के साथ गंगा में लगायी छलांग

**गोताखोरों व पुलिस की तत्परता से तीनों को सकुशल बाहर निकाला गया**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट गंगा नदी पुल पर गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा उस समय टल गया जब एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और गोताखोरों की सतर्कता से तीनों की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भकुसी निवासी जितेंद्र अपनी पत्नी अर्चना और दो बच्चों के साथ ससुराल जनपद हरदोई के सवाजपुर से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब एक बजे जब वे ढाईघाट पुल पर पहुंचे तो अर्चना ने पति से बच्चों के लिए खिलौने लेने की बात कही। जितेंद्र बाइक पुल पर खड़ी कर नीचे चला गया। इसी दौरान अर्चना ने तीन वर्षीय पुत्री आशिकी और एक वर्षीय पुत्र आशीष के साथ अचानक गंगा में छलांग लगा दी। पुल के नीचे गंगा नदी पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों और गोताखोरों ने तुरंत स्टीमर से नदी में कूदकर महिला व दोनों बच्चों को बाहर निकाला। तीनों को सुरक्षित निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष रमेश सिंह मेला प्रभारी मिथिलेश यादव, देवेंद्र बहादुर सिंह, हरी प्रताप सिंह, नीलू कमल, दीपक साहू, राजेश सैनी, विपिन कुमार व नीरज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुँचे। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में महिला मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत हो रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।


अस्पताल में मौजूद महिला व बच्चे तथा पुलिसकर्मी

# बिना नंबर प्लेट के धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे टेंपो, नम्बर प्लेट की जगह चप्पल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह मे नागरिकों के बीच जागरुकता फैलाने के पुलिस के प्रयासों को खुद टेंपो चालकों ने धता बता दिया। वे बिना नंबर के टेंपो को धड़ल्ले से शहर की सड़कों पर दौड़ाते हुए यातायात नियमों को रौंद रहे थे। जो फोटो खटारा टेंपो की बिना नम्बर प्लेट कि कैमरे में कैद हुई कम से कम उससे तो इसी तरह की स्थितियां नजर आईं। यातायात माह की शुरूआत के बाद से ही पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों में यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भरसक प्रयत्न किए जा रहे है। शहर के प्रमुख मार्गो पर बड़े बड़े बैनर लगाए गए है। कालेज, स्कूलों में जागरूकता शिविर भी लगाए गए है। इसके बावजूद शहर के लोगों में अभी जागरुकता नहीं दिख रही है। वे तो अपनी मस्ती में रमे धड़ल्ले से अपने बिना नंबर के वाहनों को सड़कों पर दौड़ाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे है। बिना नंबर प्लेट के वाहन सड़क पर चलाते समय पकड़े जाने पर पहली बार में पांच हजार दूसरी बार पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। यातायात पुलिस से लेकर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम की चेकिंग में ऐसे चालान भी करते देखे जाते हैं, लेकिन उसके बाद भी लाल दरवाजे से फतेहगढ़ तक चलने वाले कई टैम्पों बिना नम्बर प्लेट के दौड़ रहें हैं। दुर्घटना होनें पर टेंपो की पहचान करना भी मुश्किल होता है। यातयात प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि यातायात माह के तहत लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यवाही भी लगातार की जा रही है।


टेंपो में नंबर प्लेट की जगह लटकी चप्पल

# युवक को स्कूली बस ने मारी टक्कर, मौत


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बस का इंतजार कर रहे युवक को स्कूली बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के मोहल्ला विद्यापति नगर वार्ड नंबर-6 निवासी 35 वर्षीय शैलेश सक्सेना पुत्र लालाराम पापड़ी बेचने का काम करता था। जानकारी के मुताबिक शैलेश सक्सेना एक भूमि विवाद के मामले में अपने साथी राघवेंद्र पुत्र लोचन सिंह के साथ एसडीएम सदर के कार्यालय जाने के लिए निकला था। गुरुवार को जब वह नदसा नगर पंचायत खिमसेपुर कार्यालय के निकट खड़ा था। उसी समय अवंतीबाई नगर वार्ड नंबर-8 स्थित एक इंटर कॉलेज की बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शैलेश दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल शैलेश को 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। जहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने शैलेश को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक की पत्नी कामना देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक जयवीर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## भाजपा नेता सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश

**फर्जी कागजात से पेट्रोल पंप लेने का मामला**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्जी तरीके से प्रपत्र व शपथ पत्र आदि लगाकर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की पेट्रोल पम्प लगाने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयवीर सिंह ने राजेपुर थानाध्यक्ष को भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये हैं। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम खंडौली निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र जागेश्वर पाल ने थानाकादरी गेट की आवास विकास कालोनी निवासी शैतान सिंह शाक्य के पुत्र अवनीश शाक्य व अशोक कुमार पुत्र रामानन्द निवासी ग्राम जौरा कायमगंज के खिलाफअधिवक्ता डॉ0 दीपक द्विवेदी के माध्यम से वाद दायर किया था। जिसमें अनिल कुमार ने कहा कि ग्राम कनकापुर अमृतपुर में गाटा संख्या 25 का सहस्वामी है। इसी गाटा संख्या में बुद्धिस्ट एजुकेशन एंड बेलफेयर सोसाइटी आवास विकास के प्रबन्धक अवनीश शाक्य सहखातेदार हैं। इसी गाटा संख्या में अवनीश शाक्य व अशोक कुमार के साथ मिलकर इंडियन ऑयल कारपोरेशन की पेट्रोल पम्प का लाइसेन्स लेकर उसे संचालित कर रहें हैं। अनिल कुमार ने न्यायालय को बताया कि इंडियन ऑयल की नियमावली के अनुसार सहखातेदार की अनापत्ति लगाना जरुर है, लेकिन अवनीश शाक्य व अशोक कुमार ने फर्जी तरफसे अनिल कुमार को ससुर दर्शा दिया। अवनीश व अशोक ने धोखाधड़ी व फर्जी ढंग से कूटरचित तरीके से अनिल कुमार सिंह का शपथ पत्र तैयार कर इंडियन ऑयल में जमा कर दिये। इंडियन ऑयल कारपोरेशन मार्केटिंग डिवीजन आगरा ने बीते 6 फरवरी 2025 को पत्र जारी कर उसमें ससुर व शपथ पत्र का जिक्र किया। अवनीश शाक्य वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हैं।

# गैस रिफिलिंग में हॉकर को सजा व जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैस रिफिलिंग के 24 साल पुराने मामले में न्यायालय ने एक हॉकर को दोषी ठहराया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ला ने दोषी को जेल में बिताई गई अवधि और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार 15 जनवरी 2001 को तत्कालीन जिलापूर्ति अधिकारी मानिक लाल ने ठंडी सड़क निवासी हॉकर राजेश सक्सेना के खिलाफ गैस रिफिलिंग कर अवैध रुप से बेचने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसारए राजेश सक्सेना रस्तोगी मकान के पास मेसर्स जितेंद्र गैस सर्विस के सामने से रिक्शे पर गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था। सिलेंडरों की तौल कराने पर प्रत्येक सिलेंडर में एक से डेढ़ किलो गैस कम पाई गई थी। डीएसओ ने आरोप लगाया था कि राजेश सक्सेना गैस सिलेंडर से गैस चोरी कर बाहर बेचता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की और विवेचक ने विवेचना पूरी कर राजेश सक्सेना के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेएम घनश्याम शुक्ला ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। गवाहों और सबूतों को मद्देनजर रखते हुए राजेश सक्सेना को दोषी पाया गया। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माना अदा न करने पर दोषी को तीन दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# डीएम ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एवं विधान परिषद् निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामवलियों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए हैं। मतदेय स्थलों का सम्भाजन मतदेय स्थल भवन तथा उससे सम्बद्ध किए जाने वाले निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के बाद किया जायेगा, अर्थात भवन के सत्यापन के साथ-साथ यह भी देखा जायेगा कि उस मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं का निवास उस भवन के आसपास भौतिक रूप से हो। बहुमंजिली भवनों/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटिस/ आरडब्लूए कालोनिज जिनके पास अपने परिसर में भूतल पर सामान्य सुविधा क्षेत्र, सामुदायिक हाल हो वहां नये मतदेय स्थल स्थापित किये जाने पर विचार किया जा सकता है। अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों के झुग्गी झोपड़ी वाले समूहों और नगरीय/अर्द्ध नगरीय क्षेत्रों जहा बाह्य विकास हुआ है उन क्षेत्रों में भी उक्त के सम्बन्ध में विचार किया जा सकता है। आयोग द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी है कि ऐसे पोंलिग स्टेशन लोकेशन पर मतदेय स्थलों के मध्य यथासम्भव उचित संख्या में मतदाता हों और कोई भी परिवार न टूटे तथा परिवार के सभी सदस्य समान अनुभाग एवं समान स्थान पर रखे जायें। मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढ़ाने हेतु 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार मतदेय स्थलों की सूची का आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 10 नवम्बर (सोमवार) को किया जायेगा। बैठक में भाजपा जिला मंत्री डीएस राठौर, सुभाष चन्द्र शाक्य जिला उपाध्यक्ष सपा, विनोद गौतम जिलाध्यक्ष बसपा, अंकुर मिश्रा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, अंकुश सिंह जिला सचिव आम आदमी पार्टी, सुनील कटियार सीपीआई (एम) उपस्थित रहे।

# छात्राओं को बुलबुल का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय कुटरा विकासखंड बढ़पुर में ब्लॉक गाइड कैप्टन तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त भारती मिश्रा ने कक्षा 1 से पांच तक की छात्राओं को स्काउट/गाइड के अंतर्गत बुलबुल का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में बुलबुल को बुलबुल प्रार्थना, बुलबुल नियम, बुलबुल प्रतिज्ञा, बुलबुल सैल्यूट, बुलबुल ट्री आदि बनाने की जानकारी प्रदान की गई।

भारती मिश्रा के निर्देशन में बुलबुल द्वारा पहले बुलबुल ट्री का निर्माण किया गया, फिर बुलबुल की समस्त गतिविधियां बुलबुल ट्री के आसपास गोल घेरे में की गई। जिसमें बुलबुल घेरा गीत गाए गए तथा बड़ी सलामी दो का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर गरिमा गंगवार, नीतू, रेखा कटियार, किरण तोमर आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम में गीता, राजेंद्र बाथम, मीना, शोभा, सरोज, लता आदि अभिभावक उपस्थित रहे। इन्दू, तान्या, प्राची, स्नेहा, नेहा, इनायत, हेमलता, शिवांगी, श्रेया, जानकी, एकता, पूजा, नव्या, राखी, सिया, सोनाक्षी, हिमांशी, रिया, लक्ष्मी आदि ने प्रतिभाग किया।



सलामी लेते बच्चे व प्रशिक्षक



बैठक लेते डीएम

## मंदिरों के समेकित विकास हेतु प्रस्तुत किया गया आर्किटेक्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नींव करौरी धाम, संकिसा व अन्य मंदिरों के समेकित विकास हेतु आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में नींव करौरी मंदिर, कंपिल, संकिसा, पुठरी व अन्य मंदिरों की डिजाइन इत्यादि का आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

# तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के प्रचार वाहन को एसीएमओ ने किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 9 अक्टूबर से 2 माह तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-3.0 के तहत गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. रंजन गौतम ने तम्बाकू मुक्त युवा अभियान प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन कुल 16 दिवस जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लाक के कस्बे, गांव, आरोग्य मेला, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील थाना, चिकित्सालय आदि पर पहुंच कर प्रचार-प्रसार करेगा। अभियान के अन्तर्गत, पुलिस विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के 1100 विद्यालयों में जागरूकता, एवं शपथ आदि कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुए तम्बाकू मुक्त घोषित कराये जाने हेतु कार्यवाही करायी जायेगी। पंचायतीराज विभाग से समन्वय स्थापित कर जागरूकता, एवं शपथ आदि कार्यक्रमों का आयोजन कर 100 गांवों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराया जायेगा, साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा आईसी कैम्पेन शहरी व ग्रामीण स्तर पर कराया जायेगा। पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर 100 इन्फोर्समेन्ट कैम्पेन का आयोजन कराये जाने का कार्य किया जायेगा। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया तम्बाकू में मौजूद 4000 जहरीले तत्व मानव शरीर में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते है, इसमें बालों का झड़ना, मोतियाबिन्द, फेफडों का कैंसर, दिल की बीमारी, आदि बीमारिया शामिल है। डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि नशा छोड़ने हेतु मन में दृढ इच्छा होनी चाहिए। यदि नशा एक बार में न छोड़ा जा सके, तो धीरे-धीरे मात्रा कम करके छोड़ना चाहिए, डायरी लिखें, सभी मित्रों एवं परिचितों को बतायें कि आपने तम्बाकू छोंड दी है। सूरज दुबे ने बताया कि तम्बाकू छोड़ने हेतु जिला चिकित्सालय डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरूष चिकित्सालय व ब्लॉक स्तर पर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर कांउसलर व सीएचओ द्वारा तम्बाकू छोड़ने हेतु काउंसलिंग की जा रही है। इस मौके पर कंचन, डॉ. शेखर यादव, पुष्पेन्द्र, कु0 दीप्ती, स्मिता सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते एसीएमओ

## मां गंगा सेवा समिति ने रानी घाट पर की महाआरती



महाआरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जी के जन्मोत्सव के अवसर पर मां गंगा सेवा समिति ने गंगा तट पर महाआरती का आयोजन किया। मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यगणों एवं नगर के श्रद्धालुजनों ने समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व, दुर्गेश मिश्रा एवं अनूप चतुर्वेदी उपनिदेशक उद्यान विभाग अयोध्या मंडल व मंजेश यादव की उपस्थिति में कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक के जन्मोत्सव के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया। देवदीपावली के कार्यक्रम में रानीघाट पर जगमग करते दियों ने घाट को शोभायमान किया। वहीं आरती के पश्चात दीपदान से मां गंगा की लहरों पर तैरते दियों ने अदभुत छठा बिखेर दी। समिति पदाधिकारियों ने घाट की स्वच्छता व प्रगति पर चर्चा की।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत स्काउट्स एवं गाइड्स दीक्षा संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्रिटन अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के दीक्षा संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी सुश्री ऐश्वर्या उपाध्याय ने स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों को दीक्षा दिलाकर राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया।



छात्रा से परिचय प्राप्त करती सीओ सिटी

विद्यालय प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी, निदेशक रोजीशन विश्वासी एवं प्राचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। निदेशक रोजीशन विश्वासी ने कहा स्काउट्स एवं गाइड्स के इस कार्यक्रम में सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय ने अपने व्यस्त समय में से बहुमूल्य समय निकालकर हमें प्रोत्साहित किया, इसके लिए हम सभी उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्य अतिथि ऐश्वर्या उपाध्याय ने बच्चों को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने मिशन शक्ति के अंतर्गत बच्चियों की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रकाश डालते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय बीआईएस मानक वाले हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने की जानकारी भी प्रदान की।

प्राचार्य डॉ. अवधेश यादव ने बच्चों को अनुशासन, देशप्रेम तथा समाजसेवा की भावना को आत्मसात करने और सीओ सिटी से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह एवं कादरीगेट चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार कश्यप मौजूद रहे।

स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला प्रमुख सुधीर कुशवाह, अनुराग चतुर्वेदी एवं विद्यालय के संजीव सिंह कार्यक्रम के संयोजक रहे। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह, बिंदु द्विवेदी, अतुल पाठक आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा 10 नवम्बर से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 10 नवम्बर से 16 नवम्बर तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक सोनी पारिया स्कूल के सामने लोको रोड पर होगा। कथा व्यास आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज के मुखार बिंदु से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजक गोविन्द पाण्डेय, दीक्षा पाण्डेय, शिव कुमार शास्त्री व सरला पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न होगा।



आचार्य राममूर्ति मिश्र

# डीएम ने की वृक्षारोपण के सत्यापन की समीक्षा

**सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 09 जुलाई को विभिन्न विभागों द्वारा किये गये वृहद वृक्षारोपण के सत्यापन की समीक्षा की गई।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से वृक्षारोपण का सत्यापन करना सुनिश्चित करे, वृक्षारोपण की गणना पंजिका तैयार की जाये, अगले वर्ष के वृक्षारोपण के लिए जमीन का चिन्हांकन अभी से कर लिया जाये। डीएम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफअभियान चलाने व सीजर की कार्यवाही करने व जुर्माना बढ़ाने के निर्देश दिए, सभी प्रमुख घाटो पर कूड़े के निस्तारण की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एसटीपी के समुचित निरीक्षण के लिये टीम गठन के लिए व तम्बाकू उद्योग की सभी इकाइयों के पंजीकरण के लिए निर्देशित किया। डीएफओ ने बताया कि पांचाल घाट पर नाविकों, दुकानदारों, नाविकों व पंडा पुजारियों की सूची तैयार कर ली गई है, शीघ्र रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। एसीएमओ ने बताया कि ग्रीन हाउस प्रा0लि0 मैनपुरी को शहर में वायो मेडिकल वेस्ट उठाने का टेंडर दिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, पीडीडीआरडीए व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक सवार युवकों ने छीना मोबाइल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कादरी गेट के मोहल्ला किसानन नगला के रहने वाले नितिन गौतम पुत्र विजय गौतम ने प्रभारी निरीक्षक थाना कादरी गेट को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह बुधवार को सुबह 5:07 पर अपने साथी शिवम के साथ बढ़पुर मंदिर से फतेहगढ़ की तरफजा रहे थे, उनका फोन शिवम चल रहा था। जैसे ही वह लोग बढ़पुर स्थित अनोखे लाल मिष्ठान भंडार के सामने पहुंचे, वैसे ही पीछे से बिना नंबर की काली कलर की सुपर स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवकों ने शिवम के हाथ से मोबाइल छीन लिया और फतेहगढ़ की तरफभाग गए। बाइक सवार युवक बढ़पुर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये। जिसकी शिकायत प्रभारी निरीक्षक कादरी गेट से कर पीड़ित ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है, पीड़ित मंदिर का ही कर्मचारी है, उसने बताया कि उसने बड़ी मुश्किल पर किस्तों पर मोबाइल लिया था, अगर मोबाइल नहीं मिला तो उसकी शिकायत ऊपर तक की जाएगी। वही प्रभारी निरीक्षक कादरी गेट ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राज्याभिषेक के साथ श्रीराम कथा का हुआ विराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सनातन परिवार फाउण्डेशन के तत्वाधान में नव दिवसीय कथा के नवें दिवस पर कथाव्यास शिवानंद भाई ने अपने मुखार बिन्दु से हनुमान जी द्वारा सीता की खोज, रावण वध व श्रीराम राज्याभिषेक प्रसंग पर बखान किया।



कथा का रसपान कराते शिवानंद मौजूद भक्तगण

आवास विकास सेक्टर 5 में चल रही कथा के नवें दिवस पर कथाव्यास शिवानंद ने कहा कि हनुमान जी ने समुद्र पार करके लंका में माता सीता की खोज की और उन्हें अशोक वाटिका में पाया।

उन्होंने रावण के दरबार में जाकर उसे सीता को लौटाने की चेतावनी दी, लेकिन रावण ने उनकी पूँछ में आग लगवा दी। हनुमान जी ने इस आग से पूरी लंका को जला दिया और सीता जी के आभूषणों के साथ वापस श्री राम के पास पहुंचे। इसके बाद, राम, लक्ष्मण और वानर सेना ने समुद्र पर पुल बनाया, लंका पर चढ़ाई की और अंततः श्री राम ने विभीषण के दिखाए गए तरीके से रावण का वध किया।

**प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा**

श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग तब का है जब रावण का वध कर वे 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। अयोध्यावासी हर्षोल्लास से उनका स्वागत करते हैं और नगर को दीयों से सजाया जाता है। गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में पुष्य नक्षत्र में वैदिक विधि-विधान से श्रीराम का राज्याभिषेक होता है। इस अवसर पर समस्त देवी-देवता और प्रजाजन उपस्थित होते हैं। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि का किया गया, राज्याभिषेक के दौरान दूर दराज से राजा-महाराजा व अतिथि पधारे और अयोध्या में उत्सव मनाया गया। राम को राजा देखकर अयोध्यावासी झूम उठे और नाच गाकर उत्सव मनाया, तभी दीपावली मनायी जाती है। दीपावली से कार्तिक पूर्णिमा तक अयोध्या में राम को राजा बनने पर उत्सव चलता रहता है। सभी ने व्यास गद्दी की आरती उतारी और प्रसाद पाया।

इस मौके पर डॉ. राजीव कुमार पाठक, जवाहर मिश्रा, डॉ. गौरव अग्रवाल, रविशंकर चौहान, भानू प्रताप सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, बबिता पाठक, वीरेन्द्र सिंह राठौर, श्वेता दुबे, सुधेश दुबे, आशीष गुप्ता, रोहित गुप्ता, विमलेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, कमलेश पाठक, ईश्वर दयाल अग्निहोत्री, नवीन कटियार सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# तहसीलदार ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी जानकारी



**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक तहसीलदार की अध्यक्षता में बीएलओ की मीटिंग संपन्न हुई, जिससे उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 को लेकर कर्तव्यों को बताकर जिम्मेदारी सौंपी गई। बीआरसी प्रभारी शशांक विश्वकर्मा की मौजूदगी में गुरुवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर प्रगाढ़ प्रपत्र 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध कराकर संग्रह करेंगे। निर्वाचित नामावली का आलेख्य प्रकाशन 9 दिसंबर तक तथा 9 दिसबंर से 8 जनवरी 2026 तक की दावे एवं आपत्तियां की जाएंगी। निर्वाचित नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। तहसीलदार ने कहा कि समस्त बीएलओ के मतदाता स्थल के मतदाताओं से संपर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां उपलब्ध करायी जाएगी। सभी बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण एवं संग्रह का कार्य सक्रियता से करेंगे। अगर कोई घर बंद हो तो बाहर स्लिप चस्पा करेगा प्रपत्र में 9 बिंदु भरे जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ सक्रियता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह करें, इसमें किसी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रगति की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनआईसी में वीसी ने उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश में हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके उन्हें बीएलए की प्रक्रिया और आयोग के निर्देशों की जानकारी दे दी गई है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध भी किया गया है, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे। सभी जनपदों द्वारा गणना प्रपत्र की छपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वितरण में धीमी प्रगति वाले जनपदों को वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जनपदों को निर्देशित किया गया कि अपने बूथ लेवल अधिकारी को यह निर्देश जारी कर दें कि वे बीएलओ ऐप का एडवांस वर्जन 8.7 प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें तथा जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया जा रहा है, उनको बीएलओ ऐप पर मार्क करते रहें, जिससे कि वितरण की प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके।

सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान दिन प्रतिदिन की प्रगति को मीडिया के साथ साझा किया जाए तथा अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स से भी इसको प्रसारित किया जाए। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों और मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है।

## अध्यापक पुत्र के आकस्मिक निधन से शिक्षकों में शोक की लहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नबावगंज ब्लाक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव के 23 वर्षीय पुत्र मयंक यादव की कानपुर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। माता, पिता, चाचा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शिक्षक पुत्र के निधन की सूचना पाकर बीईओ ओमप्रकाश पाल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, अजीत कठेरिया, विजय बहादुर यादव, अवनीश चौहान, राजकिशोर शुक्ल, राजीव यादव, अमित मिश्रा, मुकेश दुबे, प्रवीन पाल, नीलेश यादव, देवेन्द्र यादव, राकेश यादव, अनुराग पाठक, सुशील माथुर सहित लोगों ने ढाईघाट पहुंचकर अंत्येष्टि क्रिया में शामिल होकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरुक



विद्यार्थियों को सम्मानित करते सीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद एवं साइबर/कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस टीम ने मेडिकल कालेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराध से बचाव तथा मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत जागरुक किया। छात्राओं को सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 अजीजाबाद वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 03/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अजीजाबाद विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 04/11/2025 से दिनांक 10/11/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 10/11/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 04/11/2025 से दिनांक 10/11/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अंत्येष्ठि स्थल का निर्माण कार्य | (1). राज्य वित्त-24.75<br>(2). मनरेगा-2.14<br>(3). एफएफसी सीई शुल्क-0.48<br>(4). टोटल=27.37 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (महेश चन्द्र) — ग्रा0पं0 अजीजाबाद, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (मो0 जीशान)

# लक्ष्य को प्राप्त न करने पर अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई : नितिन

**अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के सम्बन्ध में कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य को हर दशा में प्राप्त किया जाना है। इसके लिए निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जनपदों ने अक्टूबर माह में निर्धारित आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है और लगातार उनकी परफारमेंस खराब चल रही है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

आबकारी मंत्री ने बैठक में बताया कि माह अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 32,500 करोड़ के सापेक्ष प्राप्ति 30,657.54 करोड़ (94.33 प्रतिशत) रही। प्रदेश में गत वर्ष इसी अवधि में 26,330.87 करोड़ की आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में गत वर्ष के सापेक्ष प्राप्त 4326.67 करोड़ (116.43 प्रतिशत) का अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। आबकारी मंत्री द्वारा वर्ष



2025-26 में आबकारी विभाग ने लगभग 63,000 करोड़ के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रदेश के सीमावर्ती असेवित क्षेत्रों में मदिरा की सम्भावित नई दुकानों के लिए सर्वे कराकर 15 दिनों के अन्दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। आबकारी मंत्री ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक प्रदेश में किसी भी जनहानि जैसी अप्रिय घटना के न होने पर संतोष व्यक्त किया। आगे और भी अधिक सजग रहकर प्रवर्तन कार्य को सम्पादित किये जाने के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे किसी भी स्थिति में कोई अप्रिय घटना न हो। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के सम्बन्ध में कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे कि अन्य प्रान्तों की मदिरा की बिक्री प्रदेश में न होने पाए। कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी/निरीक्षकों/फील्ड स्टाफ का समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करने, नवाचार व कानून-नियमों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दिये गये ताकि प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो। शराब माफिया एवं अवैध गिराहों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में किसी भी माफिया या उनके समूहों को पनपने नहीं देने तथा ऐसे गिरोहों के समूल उन्मूलन के लिए विशेष कार्रवाई व समन्वित संचालन चलाने का निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी, आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह, विशेष सचिव, आबकारी अभिषेक आनन्द, अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन) नवनीत सेहारा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि जनपदीय अधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

## बिहार चुनाव में सपा न तीन में न तेरह में : मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



बिहार विधान सभा चुनाव में गुरुवार को हो रहे प्रथम चरण का मतदान के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं बिहार के सह चुनाव प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोला है।

केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि बिहार के चुनावी पर्व में सपा बहादुर अखिलेश यादव नाहक ही अपना लट्ठ भांज रहे हैं। हकीकत यह है कि इस चुनाव में उनकी सपा न तीन में है और न ही तेरह में और उनकी पार्टी के लिए दूर तक सूखा ही सूखा है।

बिहार विधान सभा चुनाव के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार की जनता से विकसित और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण के लिए पहले मतदान, फिर जलपान करने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मजबूत लोकतंत्र और सशक्त बिहार के निर्माण के लिए आवश्यक है कि आप सभी अपने अपने मताधिकार का सदुपयोग करे। आइए, एकजुट होकर फिर से एनडीए समर्थित सुशासन की सरकार बनाएं और बिहार के विकास की रफ्तार को और गति दें। उन्होंने एक कविता के माध्यम से एनडीए सरकार चुनने और विपक्षी पार्टियों को ठगबंधन करार दिया है। महाठगों के ठगबंधन से ठन गई है रार,समझदारी से अपना भविष्य चुन रहा है बिहार।जंगलराज और भ्रष्टाचार के दिन हुए पार,फिर आ रही है विकास वाली एनडीए सरकार।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति टीम ने बलिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु हलिया उच्च प्राथमिक मे गुरुवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर व मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओ को लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश मौर्या, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान व प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव रहे।

### चकबंदी व वन विभाग की संयुक्त टीम ने भूमि का किया सीमांकन



हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय क्षेत्र के हथेड़ा गांव में गुरुवार को चकबंदी विभाग के लेखपाल व वन विभाग कि टीम ने संयुक्त रूप से वन भूमि व अन्य भूमि का सीमांकन कर चिन्हित किया है। चकबंदी विभाग के लेखपाल राहुल यादव व ध्रुवराज यादव व वन विभाग के वन दरोगा सूरज पाण्डेय व फॉरेस्ट गार्ड शिवम सिंह ने हथेड़ा गांव में वन भूमि को चिन्हित करने के लिए सीमांकन किया है। जिससे वन भूमि को सुरक्षित किया जा सके सीमांकन के दौरान वन भूमि के साथ अन्य भूमि का भी सीमांकन किया गया है। वन भूमि व का संयुक्त नंबर होने से स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि वन भूमि किधर है और कास्त किधर है सीमांकन के बाद वन भूमि को अलग किया गया है। हथेड़ा गांव में चक बंदी की प्रक्रिया चल रही है जिससे वन भूमि को चकबंदी विभाग द्वारा सीमांकन कर चिन्हित किया जा रहा है। इस संबंध में वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने बताया कि वन भूमि को चिन्हित करने के लिए चकबंदी विभाग के लेखपाल के साथ मिलकर हथेड़ा गांव में संयुक्त रुप से भूमि का नक्सा से चिन्हित कर सीमांकन कार्य कराया गया है।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी67 पॉवर



लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज। मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत का अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज 15के सेगमेंट के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ कैमरा फोन मोटो जी67 पॉवर के लॉन्च की घोषणा की है। इसमें विशाल 7000एमएएच की बैटरी दी गई है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट को फिर से परिभाषित करता है, जिसमें सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा है, जिसमें सभी कैमरों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग की अनूठी सुविधा है, स्लिमर डिज़ाइन के लिए सिलिकॉन कार्बन टेक्नोलॉजी के साथ विशाल 7000एमएएच बैटरी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगनो 7एच जेन 2 प्रोसेसर, सेगमेंट की सर्वोच्च मजबूती गोरिल्ला ग्लास 7आई और एमआईएल-810एच के साथ, और एक शानदार 6.7 इंच 120 हर्टज् प्लस डिस्प्ले, इन सबको एक अल्ट्रा-प्रीमियम पैंटोन क्यूरेटेड वेगन लेदर डिजाइन में पेश किया गया है। टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोटोरोला इंडिया ने कहा कि मोटो जी67 पॉवर को लॉन्च करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है। हम 15,000 रुपये से कम कीमत में सबसे अच्छा कैमरा वाला फोन ला रहे हैं।

## इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर पंजीकरण शुल्क व रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक मिलेगी छूट : दयाशंकर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश में जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में परिवहन विभाग लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में कई योजनाओं पर लगातार काम किया जा है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को बताया कि परिवहन प्रणाली की स्थायी एवं स्वच्छ गतिशीलता बनाये रखने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उप्र इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 प्रख्यापित की गयी।

उप्र अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से उक्त नीति को 14 अक्टूबर 2022 को प्रख्यापित किया गया। इसमें उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में उक्त नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के फलस्वरूप नीति के चौथे एवं पांचवें वर्ष में उप्र में खरीदे गये एवं पंजीकृत केवल शुद्ध विद्युत वाहन के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में शत प्रतिशत छूट एवं सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का प्रावधान किया गया है,

जिसके अंतर्गत 5 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना के तहत उप्र इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति-2022 के अधीन 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के मध्य खरीदे जाने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में ग्राहकों को शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

## एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से गांव में नहीं जले चूल्हे

राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के खम्हरिया में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। गांव के घरों में चूल्हे नहीं जले। मृतकों के घर पहुंचकर ग्रामीणों ने ढाढ़ंस बंधाया। मृत चारों पट्टीदारी में रिश्तेदार हैं। इसमें दो सगी बहनें भी हैं। राजगढ़ थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव निवासी श्यामा प्रसाद हैं। उनके परिवार के कुल पंद्रह लोग बुधवार की सुबह पांच बजे घर से निकले। लूसा रेलवे स्टेशन पहुंचकर पैसेंजर ट्रेन पर सवार हुए। ट्रेन का चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर ठहराव हुआ। सभी लोग प्लेटफार्म पर उतरने के बजाय रेलवे ट्रैक की ओर उतरने लगे। ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन पर जाने लगे। उसी दौरान कालका मेल आ गई। नान स्टाप कालका मेल की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई थी। इसमें चार लोग श्याम प्रसाद के परिवार के ही हैं। जबकि एक महिला सोनभद्र की है। वहीं एक शव की पहचान नही हो पाई है। दुर्घटना में श्यामा प्रसाद की पुत्री 20 वर्षीय अंजू उनके चचेरे भाई की दो पुत्री साधना व शिवकुमारी भयाउ सविता की जान चली गई थी। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। चारो ओर घटना को लेकर चर्चा होती रही है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। गांव के लोगो के घरों में चूल्हे तक नही जले हैं।

## कृषि प्रौद्योगिकी विज्ञान की एक दिवसीय गोष्ठी आयोजित

राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के नदिहार में प्रसार निदेशालय के द्वारा सैम हिग्गीनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज के द्वारा एक दिवसीय गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर टीडी मिश्रा और डॉक्टर सर्वेंद्र कुमार ने नदिहार स्थित प्रगतिशील किसान सीताराम सिंह के निज आवास पर किसानों के साथ बैठक की। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर टीडी मिश्रा ने कहा कि किसानों को कम लागत और अधिक उपजाऊ हेतु अपने खेतों में अन्न की खेती करनी चाहिए।

उन्होंने किसानों से कहा कि किसान जैविक खेती की ओर आगे बढ़े अपने खेतों में डीएपी और यूरिया का छिड़काव कम करें उनके स्थान पर किसान जैविक खाद का प्रयोग करें जिससे मिट्टी उपजाऊ होगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसान अपने घर में जरूर गाय का पालन करें जिससे उन्हें लाभ मिलेगा और समय-समय पर पशुओं का टीकाकरण भी कराए। जिससे बीमारियां आने पर पता लग जाए और पशु डॉक्टर से सलाह लेकर पशुओं का इलाज कराए। उन्होंने कहा कि कम लागत में देखा जाए तो बकरी का पालन सबसे बेहतर विकल्प है। क्योंकि कम पैसों में अच्छा मुनाफा होता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसान अपने मिट्टी की जांच जरूर कराए। जिससे मिट्टी की कमी का पता लगाया जा सके। जैविक खाद के लिए गाय का गोबर अपने खेतों में डालते रहे। जिससे मिट्टी उपजाऊ होगी और किसानों की पैदावार भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि समय-समय पर सभी पशुओं टिका जरूर कराए। सरकार द्वारा अनेक योजनाएं पशुपालको के लिए चलाई जा रही है और पशुओं में होने वाली बीमारी का इलाज तुरंत कराए।

प्रगतिशील किसान सीताराम सिंह ने कहा कि किसान यूरिया और डीएपी की मात्रा खेतों में कम करें उनके स्थान पर जैविक खाद का प्रयोग करें जिसमें गाय का गोबर सबसे उपयुक्त है इससे फसलों में डालने से उत्पादक क्षमता और मिट्टी की उर्वरक क्षमता दोनों बढ़ती है। इस मौके पर प्रगतिशील किसान सुनील कुमार सिंह, बदामी देवी, शमशेर सिंह, संकठा प्रसाद, दिनेश कुमार, चंद्रिका प्रसाद, विनोद कुमार सिंह रहे।

## बौद्ध के बताए गये मार्ग पर चलकर विश्व शांति व मानव कल्याण सम्भव : अशोक

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के चक कोटार बीरपुर पहड़ी पर गुरुवार को सम्राट अशोक वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में 14वां विशाल बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया।

बौद्ध महोत्सव के मुख्य अथिति पूर्व आईएएस बीपी अशोक ने भगवान बुद्ध के मूर्ति पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया बौद्ध महोत्सव को संबोधित करते हुए बीपी अशोक ने कहा कि भगवान बुध्द के बताए गये मार्ग पर चलकर ही विश्व शांति व मानव कल्याण संभव है। गौतम बुद्ध के विचारों को चिंतन मंचन कर जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार करने की आवश्कता है। गौतम बुद्ध शांत अहिंसा व उपदेशों के लिए सम्राट अशोक वेलफेयर अच्छा कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि भगवान बुध्द ने कहा है कि इंसान जैसा सोचता है जैसी उसकी सोच होती है वह वैसा ही बन जाता है और ब्रमांड में कुछ नष्ट नही होता सब कुछ बदलता है कारण व अभाव का नियम है। घृणा को घृणा से खत्म नही किया जा सकता है ब्लकि इसे प्रेम से ही खत्म किया जा सकता है। बौद्ध महोत्सव की अध्यक्षता डॉक्टर बादल सिंह पटेल व संचालन लालजी मौर्या ने किया इस दौरान राकेश भगवान दास कुशवाहा, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, दामोदर प्रसाद मौर्य, सूरज मौर्य, संस्थापक राजमणि मौर्य, गौरीशंकर मौर्य, रामदयाल मौर्य, हरिशंकर मौर्या तुलसी मौर्य, पुष्पराज, राजेश मौर्य, रमेश मौर्य सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, ड्रमण्डगंज ब्रह्मदिन पाण्डेय, एसआई श्याम लाल, अच्छेलाल यादव, सहित एक प्लाटून पीएसी रही।



### प्राचीन हनुमान मंदिर हिनौता पर भव्य भंडारा आयोजित

राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। राजगढ़ क्षेत्र के हिनौता में देव दिवाली एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी बुधवार को रात्रि में अखंड हरि कीर्तन, महावीर का श्रृंगार, देवी जागरण एवं विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फछोटू पटेल एवं शहनाई परिवार के द्वारा आयोजित किया गया। अजय कुमार सिंह ने भंडारे से पहले हनुमान जी स्वामी का आरती पूजन किया। तत्पश्चात भंडारे में आए हुए भक्तगणों को छोटू पटेल ने स्वयं महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां पर हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जी मंदिर परिसर दियो की रोशनी में जगमता रहा। देवी जागरण में जनपद मिर्जापुर के मशहूर भजन गायक अमित दुबे एवं गायिका खुशबू तिवारी की जोड़ी ने अपने मधुर भक्ति रस से कार्यक्रम में उपस्थित हजारों दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। अपनी मधुर गीत से श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए और चारों तरफतालिया की गूंज से जयकारे होते रहे। मां दुर्गा काली बजरंगबली की अच्छी-अच्छी झांकियां प्रस्तुत की गई। हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के अजय कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह, अमरेश चंद्र, सत्येंद्र सिंह, संतोष पाठक, संजय सिंह समाजसेवी, शीतला सिंह, नित्यानंद सिंह, सुनीता सिंह मंडल अध्यक्ष राजगढ़, राजाराम यादव, बजरंग समिति के सदस्य वीरू पटेल, धनंजय सिंह, बुलेट पटेल, निहाल सिंह, अतुल सिंह, सोनू सिंह, मोनू सिंह, राजदीप सिंह, अभिषेक सिंह, जीत नारायण प्रजापति, शिव प्रजापति, लाल बहादुर प्रजापति, आशीष प्रजापति सहित हजारों महिला एवं पुरुष भक्त गण उपस्थित रहे।

### सीडीओ अनुराज जैन को दी गई विदाई



अनुराज जैन विदाई समारोह में संबोधित किया।



डीएम ने सीडीओ को प्रतिमा भेंट कर विदाई दी।

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। विकास भवन सभागार में आज बृहस्पतिवार को निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनुराज जैन का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। महराजगंज से स्थानांतरित हुए अनुराज जैन को अयोध्या विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अयोध्या जनपद वर्तमान में तेजी से विकसित हो रहा है और शासन की प्राथमिकताओं में उच्च स्थान पर है। वर्तमान मुख्य विकास अधिकारी ने अनुराज जैन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जनपद में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए हैं।

उन्होंने जैन को एक प्रभावी लोकसेवक और बेहतरीन व्यक्तित्व का धनी बताया। जिलाधिकारी ने अनुराज जैन को बधाई देते हुए कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का स्नेह दर्शाता है कि उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा है। उन्होंने कहा कि एक जिलाधिकारी के लिए एक अच्छा सीडीओ होना सौभाग्य की बात है, और जैन ने उन्हें विकास भवन के विभागों की चिंता करने का अवसर नहीं दिया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि अनुराज जैन ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में तीन साल तक मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्य किया है। अयोध्या में उपाध्यक्ष के रूप में उनके अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ अयोध्या विकास प्राधिकरण को मिलेगा, जहां विकास की असीम संभावनाएं हैं।

## महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का दिखा उत्साह

**12 स्कूलों के 24 छात्र-छात्राएं शामिल, अपने विचार किए प्रस्तुत**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश शासन और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देश पर दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज, चौक बाजार में जनपद स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज की श्वेता पक्ष में और शालू विपक्ष में विजेता रहीं।

प्रतियोगिता के जनपद नोडल और दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि इसमें %वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद% विषय पर बहस हुई। कुल 12 विद्यालयों के 24 छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान पर दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज की श्वेता (पक्ष) और शालू (विपक्ष) रहीं। नवजीवन मिशन स्कूल, आनंद नगर की रिद्धिमा यादव (पक्ष) और शायरा खातून (विपक्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर चकिया की साक्षी (पक्ष) और संदीप चौधरी (विपक्ष) तृतीय स्थान पर रहे। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की डॉ. मनीषा त्रिपाठी और श्री कृष्ण कुमार प्रजापति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन विनोद कुमार विमल, आकाश कुमार राव और आशुतोष कुमार ने किया, जबकि संचालन डॉ. राकेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्रा श्रेया मिश्रा ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर चकिया के उमेश मौर्य, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसंतपुर खुर्द के भूपेंद्र शर्मा, राजकीय हाई स्कूल, अराजी जगपुर के सुभाष चंद्र यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नेपाल अन्नपूर्ण सर्किट में ट्रेकिंग के दौरान भारतीय पदयात्री पिंटु मुखर्जी का निधन

महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।



पोखरा नेपाल के मशहूर ट्रेक मार्ग अन्नपूर्ण सर्किट पर एक दुखद घटना में भारतीय नागरिक 54वर्षीय पिंटु मुखर्जी का निधन हो गया है। उनका निधन उस समय हुआ जब वे मध्य मनाङ जिले के लगभग 4,200 मीटर ऊँचाई वाले स्थान लेदर पहुँचे थे, जहाँ अचानक उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ और वे धड़ाम से गिर पड़े।

स्थानीय प्रमाणों के अनुसार, मोटर-सड़क मार्ग छोड़कर लगभग पाँच घंटे पैदल चढ़ने के बाद जब उन्हें नीचे ले जाना शुरू किया गया, तो स्ट्रेचर से करीब छह घंटे चले जाने और स्थानीय स्वास्थ्य संस्थान में पहुँचने पर उन्होंने अपनी आखिरी साँसें ली। मनाङ पुलिस प्रमुख डीएसपी हरि पौडेल ने पुष्टि की कि शव को पोस्टमार्टम के लिए काठमांडू के टिचिंग अस्पताल भेजा गया है। यह ट्रेक रास्ता बेहद चुनौतीपूर्ण माना जाता है। विशेषकर थोराङ पास (5,416 मीटर) पार करने के बाद मुक्तिनाथ और जोमसोम की ओर उतरने का मार्ग खुलता है। इस क्षेत्र में लेक लगना यानी ऊँचाई जनित रोग में तेजी से बिगड़ने वाला खतरा है, और इस वर्ष अब तक इस मार्ग पर चार ट्रेकर्स इसी कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।

## उपभोक्ता प्रतितोष आयोग ने एचडीएफसी बैंक को पैंतालीस दिन के अन्दर क्षतिपूर्ति देने का दिया निर्देश

**एचडीएफसी बैंक आनन्दनगर शाखा के खिलाफ आयोग का आया फैसला**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

आनन्दनगर में स्थित एचडीएफसी बैंक के सेविंग उपभोक्ता अमित मोहन श्रीवास्तव ने बैंक पर अपने क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के हेल्थ इन्श्योरेंस के नाम पर देनदारी दिखा कर खाता संख्या 50100185923743 कस्टमर आई डी संख्या 72167625 के क्रेडिट कार्ड संख्या 54596400813359883 पर रूपये 26259.83 की नोटिस जारी की थी। अमित मोहन ने बताया की उन्होंने अनेकोबार बैंक को तथा उच्चाधिकारियो को अवगत कराया कि उसने नं तो कोई धन् की निकासी की है और नं ही कोई हेल्थ बीमा कराया है, लेकिन बैंक अपनी मनमानी के आगे कोई सुनवाई नही की, तब उसने सभी साक्ष्य के साथ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग महराजगंज में परिवाद दाखिल किया। बैंक की तरफ से हाजिर अधिवक्ता ने भी अपना पक्ष रखा वादी के अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने सभी सबूत व पक्ष रखा दोनों पक्षो के सबूत व बहस के बाद उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष रामचन्द ने वादी अमित कुमार के पक्ष मे आदेश देते हुये परिवादी के वचत खाते पर दुबारा जारी क्रेडिट कार्ड व उससे हुये बातचीत को निरस्त करते हुये विपक्षीगण को आदेशित किया की परिवादी को मानसिक व शारीरिक क्षति का तीन हजार रुपया व वाद व्यय दो हजार रुपया पैतालिस दिन के अंदर उक्त बैक अदा करेगा।

## पंचायती राज समिति सभापति का हुआ जोरदार स्वागत

**तहसील बनाने की उठी मांग, मनरेगा सेल का किया उद्घाटन**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।




सिसवा विकास खंड में आज गुरुवार को सिसवा को तहसील का दर्जा देने की मांग उठाई गई। यह मांग पंचायती राज समिति के नवनियुक्त सभापति और सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल के स्वागत समारोह के दौरान की गई। कार्यक्रम ब्लॉक परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। स्वागत समारोह में सभापति प्रेमसागर पटेल ने ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित मनरेगा सेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विधायक को उनके मनोनयन पर बधाई दी और क्षेत्र के विकास संबंधी विभिन्न मुद्दे उठाए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सिसवा विकास खंड तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि इसे तहसील का दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों को कई प्रशासनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक पटेल की सक्रिय भूमिका से इस महत्वपूर्ण मांग को बल मिलेगा और विकास कार्यों में निरंतर सहयोग प्राप्त होगा। सभापति प्रेमसागर पटेल ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सिसवा विकास खंड में बेहतर सुविधाएं और विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सिसवा को तहसील बनाने का प्रयास लगातार जारी है और इस दिशा में जल्द ही सकारात्मक प्रगति देखने को मिलेगी। उन्होंने सिसवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अर्जुन चौधरी, ब्लॉक प्रमुख कोदई निषाद, एडीओ पंचायत बलराम मौर्य, एपीओ सौरभ चौधरी, बृजेश पांडेय, कर्मवीर पटेल, नीरज सिंह, मीनाक्षी, राजन विश्वकर्मा, अरुण पटेल, संजय कुमार, तेजप्रताप सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।